www.navpradesh.com

दैनिक **नव प्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 | कृष्ण पक्ष-अष्टमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 61 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आत्म समर्पित महिला नक्सली अब गुरिल्ला युद्ध छोड़कर तैयार कर रही डिजाइनर कपड़े

■ हाथ वही, मकसद नया-डेढ़ माह की ट्रेनिंग, अब हाथों में हथियार नहीं डिजाइनिंग हुनर

हनीफ निजामी/प्रसाद नायडू

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। आत्मसमर्पण के बाद माओवादियों की महिला सदस्य सोनी मरकाम ने खूबसूरत डिजाइनर ब्लाउज तैयार किया है। ब्लाउज पर बारीकी से की गई कसीदाकारी में सोनी की मेहनत और लगन साफ दिखाई दे रही है। खूबसूरत बेलें गढ़ी गई है। रेशम और जरी के धागे से शानदार वर्क किया गया है। नवप्रदेश संवाददाता को खूबसूरत ब्लाउज दिखाते हुए न सिर्फ सोनी मरकाम बल्कि उनकी ट्रेनर के चेहरे पर सुकून, खुशी और आत्मविश्वास की चमक साफ दिखाई दे रही है।

बंदूक और बम ब्लास्ट की राह छोड़कर मोड़कपल्ली के पांगुर गांव की सोनी मरकाम ने आत्मसमर्पण के बाद मेहनत और लगन से लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में सिलाई-कढ़ाई करना सीख लिया है। अब सोनी सिलाई-कढ़ाई के कार्य में पारंगत होना चाहती हैं। कॉलेज के ट्रेनिंग हॉल में समाज की मुख्य धारा में शामिल आत्मसमर्पित दर्जन भर अन्य महिला नक्सली भी सिलाई मशीन पर गड़ाए सिलाई सीख रही है।

सिलाई के साथ कशीदा बनाने में महारत

सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दे रही संजू नेताम ने बताया कि यहां सिलाई के अलावा कशीदा, कपड़े के कटे-फटे हिस्से में रफू करने या कपड़े का थैला बनाने का हुनर भी सिखाया जा रहा है। ट्रेनिंग पाने वाली सभी आत्मसमर्पित महिला नक्सलियों का एक ही लक्ष्य है-जल्दी से जल्दी सिलाई-कढ़ाई सीखकर सामान्य जीवन जीने का लक्ष्य है।

आत्मसमर्पित महिलाएंओं की नई धारा में जीवन जीने की चाह

सिलाई कढ़ाई सीख रही महिलाओं ने गुरिल्ला युद्ध और हथियारों का प्रशिक्षण लिया है। लेकिन अब ये महिलाएं उस राह पर चलने की बजाय शांति के रास्ते पर चलना चाहती हैं। ये महिलाएं प्रशिक्षण के बाद अपने गाँव लौटना चाहती हैं। सिलाई केंद्र खोलकर जीवन यापन करना चाहती हैं। शासन की पुनर्वास नीति और ट्रेनिंग की सुविधा के कारण सरकार के प्रति उनकी नकारात्मक सोच सकारात्मक विचारधारा में बदल रही है। आत्मविश्वास से भरे चेहरे पर उनके मजबूत इरादे भी साफदेखे जा सकते हैं।

सामान्य जीवन जीने का लक्ष्य, सीख रहे हुनर

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक निवासी 19 वर्षीय शर्मिला पोयामी ने भी आत्मसमर्पण के बाद माओवादियों ने समाज की मुख्य धारा में जुड़कर शांति और अमन का रास्ता चुना है। साय सरकार की शानदार नक्सली पुनर्वास नीति के कारण माओवादियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। आत्मसमर्पण के बाद अब नई ताकत और ऊर्जा के साथ जीवन-यापन करने इन महिलाओं ने सिलाई, कढ़ाई सीखने का फैसला किया।

आज बेबाक

कुछ भी हो असम के मुख्यमंत्री हेमंता बिश्व सरमा को शर्म लिहाज नहीं छोड़नी चाहिए थी। एक परम तपस्वी को गंदी गाली और खेड़ा से पेड़ा बनाने की धमकी देकर नया बखेड़ा नहीं करना चाहिए था। उन्हें इतनी बात तो समझनी चाहिए कि अगर कोई कुत्ता आदमी को काट ले तो आदमी कुत्ते को नहीं काटता। फिर खेड़ा तो बब्बर शेर हैं। वे गीदड़ भभकी से कतई डरने वाले नहीं हैं। उन्हें डरपोक चूहा कहकर उनका मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। सभी को समझना चाहिए कि - शब्द संवारे बोलिए, शब्द के हाथ न पांव, एक शब्द औषध करे एक शब्द करे घाव।

15 अप्रैल को मंत्रिपरिषद की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 15 अप्रैल 2026 को पूर्वान्ह 11:30 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हैं। यह बैठक मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद कक्ष एम-5/20 में होगी।

पाक में वार्ता पर संशय के बादल: पहले बैठक वाला सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट

ईरान यूरेनियम पर फंसा रहा पेंच

अमेरिका ने सीजफायर की 3 शर्तें तोड़ीं, अब बातचीत बेकार

■ ट्रम्प बोले- समझौते तक ईरान के आसपास आर्मी तैनात रहेगी

तेहरान/वॉशिंगटन/ए.। ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर की तीन अहम शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने 10-पॉइंट प्रस्ताव की बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है। ईरान ने साफकहा है कि जिस आधार पर बातचीत होनी थी, वही पहले ही टूट चुका है।

ऐसे में अब बातचीत या सीजफायर तर्कसंगत नहीं रह गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ हुआ समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, तब तक अमेरिकी सेना ईरान के आसपास तैनात रहेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर चेतावनी दी कि अगर समझौते का पालन नहीं हुआ, तो फिर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें

इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनान में सैकड़ों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक, इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 1,165 लोग घायल हुए। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। हमले बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में किए गए। यह हमला उसी दिन हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया गया था।

15,400 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा जहाज ग्रीन आशा

भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर 'ग्रीन आशा' 15,400 टन गैस लेकर भारत पहुंचा है। होर्मुज स्ट्रेट पार कर यह जहाज गुरुवार को नवी मुंबई के जेएनपी (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट) पर डॉक किया। इससे पहले 'ग्रीन सांवी' नाम का एक और भारतीय टैंकर भी होर्मुज पार कर चुका है। केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी सप्लाई सामान्य और नियंत्रण में है।

समझौता होने तक ईरान के आसपास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज़, विमान: ट्रम्प

वॉशिंगटन (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा, अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि

वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर रूप ले सकता है।

युद्धविराम पर मंडराते संकट के बादल

28 फरवरी से शुरू हुए इस भीषण युद्ध को रोकने के लिए जिस युद्धविराम की घोषणा की गई थी, वह फिलहाल लड़खड़ाता नजर आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तान में नियुक्त ईरानी राजदूत रजा अमीरी मुगाद्दम ने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर वार्ता के लिए प्रतिनिधिमंडल के आगमन वाली सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी है। यह पोस्ट हटाए जाने के बाद वार्ता के आयोजन पर संशय और सस्पेंस गहरा गया है।

असम-84.4%, केरलम-75% और पुडुचेरी में 86.9% मतदान

नई दिल्ली/ए.। देश के तीन राज्यों असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग हुई। इन तीनों राज्यों में कुल 296 सीटों पर एक ही चरण में शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत जारी हुआ है। इसके साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर वोटिंग है। असम की 126 सीटों के लिए 722 उम्मीदवार मैदान में हैं और यहां बहुमत का आंकड़ा 64 है। 4 मई को मतगणना होगी।

5 बजे तक मतदान की स्थिति

केरलम 75.0% (2021 में 69.8%), असम 84.4% (2021 में 76.8%), पुडुचेरी 86.9% (2021 में 77.9%)

पुदुचेरी में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प, लाठीचार्ज

पुदुचेरी के मन्नादीपेट विधानसभा क्षेत्र के तिरुकानूर गांव में गुरुवार को मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। विवाद तब शुरू हुआ जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्र के पास भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी पर आपत्ति जताई। कांग्रेस का कहना है कि वहां केवल मतदाताओं को होना चाहिए। इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मारपीट शुरू कर दी।

91 प्रतिशत पीएलएफ के साथ डीएसपीएम संयंत्र ने रचा कीर्तिमान

■ विद्युत गृह को राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह (डीएसपीएम) कोरबा पूर्व ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि के लिए ऊर्जा सचिव एवं पॉवर जनरेशन एवं डिस्टब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने जनरेशन कंपनी के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को बधाई दी है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा जारी रिपोर्ट में हमारे संयंत्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जिसमें डीएसपीएम कोरबा पूर्व ने सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है। यह हमारे कुशल प्रबंधन एवं संयंत्रों के नियमित रख-रखाव का परिणाम है कि निर्धारित मापदण्डों से कई ज्यादा हमारे संयंत्र ने परफॉर्म कर राष्ट्रीय स्तर पर यह कीर्तिमान हासिल किया है। डीएसपीएम के दोनों (2म250 मेगावॉट) क्षमता के विद्युत इकाईयों ने 2025-26 में 91 प्रतिशत पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) अर्जित किया है। डीएसपीएम ने सीईए (केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण) एवं सीएसईआरसी (छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेग्युलेटरी कमीशन) के निर्धारित लक्ष्य 85 प्रतिशत से भी अधिक 91 प्रतिशत पीएलएफ प्राप्त कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ओडिशा से मुंबई ले जा रहे थे 1.71 करोड़ का गांजा

ट्रक सहित 5 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। सिंघोड़ा क्षेत्र में पुलिस ने 312 किलो गांजा जब्त किया है जिसकी बाजार कीमत 1 करोड़ 71 लाख से ज्यादा बताई जा रही है। तस्करी में शामिल परिवहनकर्ताओं और खरीदारों समेत कुल 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

सिंघोड़ा में पुलिस की बड़ी कार्रवाई: महासमुंद पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि उड़ीसा से अवैध गांजे की एक बड़ी खेप तस्करी कर भेजी जा रही है। इस सूचना के आधार पर सिंघोड़ा इलाके में विशेष टीम द्वारा छापा मारा गया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सबरीमाला केस: सरकार बोली- कई मंदिरों में प्रसाद में शराब दी जाती है

n कोर्ट यह नहीं कह सकता वहां शराब मत दो

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान भारत के मंदिरों में रीति-रिवाजों का जिक्र किया। एएसजी नटराज ने कहा, दक्षिण भारतीय मंदिरों में प्रसाद के रूप में मदिरा दी जाती है। कल को आप इस पर यह आपत्ति नहीं उठा सकते कि मदिरा न दी जाए।

एक उदाहरण देता हूं, कई मंदिरों में शाकाहारी भोजन परोसा जाता है, और अगर कोई व्यक्ति अपनी पसंद या अंतरात्मा की आवाज पर कहता है कि वह मांसाहारी भोजन करना चाहता है, तो वह किसी खास संप्रदाय के पास जाकर यह नहीं कह सकता कि मेरा यह अधिकार है और मुझे यही परोसा जाना चाहिए। उसे उन श्रद्धालुओं के अधिकारों में दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीजेआई बोले- हर सवाल का जवाब सिर्फ थ्योरी से नहीं दिया जा सकता

वैद्यनाथन: अनुच्छेद 32(फंडामेंटल राइट्स की सुरक्षा) के तहत हर धार्मिक समूह अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कोर्ट जा सकता है। सीजेआई- अगर सरकार सामाजिक सुधार के लिए कोई कानून बनाती है और उसका असर धार्मिक प्रथाओं पर पड़ता है। तो उसका असर अनुच्छेद 26 (धार्मिक संस्थाओं के अधिकार) पर भी पड़ सकता है। यानी यह कहना सही नहीं है कि अनुच्छेद 26 पर कभी असर ही नहीं पड़ेगा। इस सवाल का जवाब सिर्फथ्योरी से नहीं दिया जा सकता। असल में यह हर केस के हिसाब से तय होगा।

गरमा-गरम

शिक्षा में सुधार : गूगल और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच बड़ी साझेदारी

एआई शिक्षा से छत्तीसगढ़ बनेगा ज्ञान और नवाचार का हब: सीएम

■ 2 लाख शिक्षकों को मिलेगी ट्रेनिंग

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक तकनीक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए राज्य सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गूगल इंडिया के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात कर प्रदेश में 'एआई सक्षम शिक्षा अभियान' की शुरुआत की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना और शिक्षकों को डिजिटल युग के अनुरूप सशक्त करना है।

शिक्षकों को एआई प्रशिक्षण: 'सक्षम शिक्षक अभियान' के तहत राज्य के 2 लाख से अधिक शिक्षकों को एआई आधारित शिक्षण पद्धतियों का प्रशिक्षण और प्रमाणन दिया जाएगा।

गूगल के साथ साझेदारी: गूगल फॉर एजुकेशन इंडिया इस पूरे अभियान के लिए अपना डिजिटल प्लेटफॉर्म निःशुल्क उपलब्ध कराएगा।

पायलट प्रोजेक्ट: इस अभियान की शुरुआत रायपुर जिले से पायलट प्रोजेक्ट ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परिवर्तनकारी कदम: सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि एआई जैसी तकनीकों को शिक्षा से जोड़ना प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल शिक्षण पद्धतियां प्रभावी होंगी, बल्कि छत्तीसगढ़ एक ज्ञान-आधारित और तकनीकी रूप से सशक्त राज्य के रूप में स्थापित होगा। गूगल इंडिया के प्रतिनिधियों ने रायपुर जिला प्रशासन के साथ हुए लेटर ऑफइंटेंट की जानकारी भी साझा की।

जिला प्रशासन और गूगल के बीच एमओयू

रायपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन और गूगल के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के माध्यम से शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में सुधार हो सके।

5 नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, एमबीबीएस की सीटें बढ़ेंगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा विस्तार होने जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा की है कि राज्य में जल्द ही 5 नए सरकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। इस फैसले से प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा को मजबूती मिलेगी और छात्रों को बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।

एमबीबीएस सीटों में बड़ा इजाफा: प्रत्येक नए मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटें होंगी। इस तरह कुल 250 नई सीटें जुड़ेंगी। अभी प्रदेश में 10 सरकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इन स्थानों पर बनेंगे नए मेडिकल कॉलेज

राज्य सरकार द्वारा मनेंद्रगढ़, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, गीदम (दंतेवाड़ा) और कुनकुरी (जशपुर) में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। इन संस्थानों के शुरू होने से दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्राकरन, ग्रामीणों चर्चा कर दी योजनाओं की जानकारी

■ **लाभार्थियों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से खुश है**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर गांव बस्ती चलो अभियान अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र रहे दर्रीपारा के अनेक ग्रामों का दौरा कर सीधे ग्रामीणों से चर्चा की गांव की मूलभूत समस्या सुनी। इसके अलावा केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अनेक योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों ने चर्चा के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की संचालित योजनाओं के लाभ मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान की तरफदेश आगे बढ़ रहा है । उनके साथ दौर में भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, बिंद्रानवागढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम ,त्रिलोक राठौर, मौजूद थे।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने ग्राम दर्रीपारा और रावण डिग्गी में ग्रामीणों को संबोधन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव गरीब और किसानों के

विकास के लिए संकल्पित है। केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धि यह है कि तेजी से विकास कार्य हो रहा है। विकास के मामले में गांव और शहर की तस्वीर बदल रही है। कहा कि शासन की योजना कल आप सीधे लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि के अलावा केंद्र सरकार की सैकड़ो योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को सीधे मिल रहा है। वहीं राज्य की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार छत्तीसगढ़ में लाने में सफल हुई है। महतारी वंदन की राशि प्रत्येक माह महिलाओं को मिल रही है।इस अवसर पर मुकेश बिसेन,प्रीतम प्रधान, बरातुराम ध्रुव, वेश राठौर, भूपेंद्र ध्रुव ,रमेश ध्रुव,अघन सिंह ठाकुर, भादूराम ध्रुव,ललित ध्रुव,रूपेशध्रुव ,गिरधारी ध्रुव,गणेशराम ध्रुव,बलराम देवांगन, प्रहलाद ठाकुर एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध

भाजपा जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी पूरा करने का वायदा सरकार ने किया था। उसी के तहत कार्य किया जा रहे हैं। जी राम जी योजना से गांव विकास से खुशहाल होगा। उल्लेखनीय है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चुनाव के बाद भाजपा नेताओं ने दौरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि राशन प्रत्येक माह मिल रहा है।

न्यूज गैलरी

विशेष ग्राम सभा का आयोजन 14 अप्रैल को

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार 14 अप्रैल 2026 से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन करने हेतु कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा।ग्राम सभा में एजेंडा अनुसार चर्चा की जाएगी। इसमें ग्राम सभा की पूर्व वैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन।पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन।पिछ्ली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि एर्व कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन। ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाईन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर के दर निर्धारण पश्चात् कर अधिरोपण प्रारंभ करना आदि शामिल है।

ग्राम पंचायत तेलासी में पहुंचा हर घर नल से जल, प्रमाणीकरण के साथ संचालन व्यवस्था हस्तांतरित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन,हर घर जल के अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत तेलास में ग्राम के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। इसके साथ हर घर जल प्रमाणीकरण प्राप्त किया है। उपलब्धि के उपरांत जलापूर्ति योजना का विधिवत हस्तांतरण ग्राम पंचायत को कर दिया गया है।योजना के सफल क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्राम पंचायत स्तर पर पाइपलाइन विस्तार, घरेलू नल कनेक्शन एवं जल संरचनाओं का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया।योजना के दीर्घकालिक संचालन एवं रख-रखाव को सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत में आवश्यक व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं।योजना के संचालन हेतु प्रति परिवार ?80 प्रतिमाह जल कर निर्धारित किया गया है।जल आपूर्ति के नियमित संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर पंप ऑपरेटर नियुक्त कोयन गया है। योजना के संचालन, रख-रखाव एवं निगरानी की जिम्मेदारी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सौंपी गई है।जल वाहिनी टीम द्वारा समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

बालोद जिले में राजस्व पखवाड़े का आयोजन निरंतर जारी

बालोद/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत आज 08 अप्रैल को जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जनता से प्राप्त अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बटवारा, अभिलेख त्रुटिसुधार आदि से संबंधित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। राजस्व पखवाड़ा को लेकर आम नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों ने आज सुबह से ही अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा के इसी अनुक्रम में गुरूवार 09 अप्रैल 2026 को बालोद तहसील के ग्राम पंचायत उमरादाह, जमरूवा एवं लिमोरा, डौण्डीलोहारा तहसील के ग्राम पंचायत सेम्हरडीह, बैहाकुआ, मंगचुवा, कमकापार, अरजपुरी, चिखली, पिंगाल, डौण्डी तहसील के ग्राम पंचायत सुवरबोड़, अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी एवं कमरौद में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 'राजस्व पखवाड़ा' अप्रैल से जून तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तथा जून माह में 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

देशी मंदिरा बिक्री करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

छुरा/नवप्रदेश। जिले के पुलिस अधीक्षक के द्वारा नशे के विरूद्ध चलाया जा रहा हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में अवैध रूप से शराब बनाने बेचने एवं पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराने वाले लोगो में लगाम लगाने के लिए थाना छुरा के स्टाफद्वारा धर पकड की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से शराब बिकी करने वाले दो व्यक्ति के खिलाफदो प्रकरण धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया हैं, जिसमें आरोपीयों के कब्जे से कुल जुमला 15 लीटर 120 एमएल किमती 8400 रूपया अवैध देशी मंदिरा प्लेन व मसाला शराब एवं परिवहन कर रहने मोटर सायकल को पकडा गया। आरोपीयों का कृत्य आबकारी एक्ट का घटित करने पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं मामला अजमानतीय होने से दोनो आरोपीयों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना छुरा पुलिस का सराहनीय भूमिका रही।

चोरी के बाद ही क्यों जागती है पुलिस?

छुईखदान में बिना लाइसेंस संचालित कबाड़ी दुकानों पर उठे गंभीर सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर में कबाड़ी दुकानों के संचालन को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। क्षेत्र में जब भी कोई चोरी की घटना सामने आती है, तभी पुलिस द्वारा कबाड़ी दुकानों की जांच की जाती है, जबकि सामान्य दिनों में इनकी नियमित निगरानी नहीं के बराबर है। स्थानीय नागरिकों का कहना है यदि समय-समय पर इन दुकानों की जांच की जाए, तो कई अवैध गतिविधियों का खुलासा हो सकता है।

राजनांदगाँव में हाल ही में हुई कार्रवाई के दौरान करीब 32 लाख रुपये का अवैध लोहा जब्त किया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कबाड़ी कारोबार के माध्यम से चोरी का सामान खपाया जा सकता है।

किसी को नहीं मिला लाइसेंस, फिर भी संचालन जारी: जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत छुईखदान द्वारा किसी भी कबाड़ी दुकान को अब तक न तो वैध लाइसेंस प्रदान किया गया है और न ही किसी प्रकार का पंजीकरण किया गया है। इसके बावजूद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कबाड़ी दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं, जो प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

नियमों की अनदेखी

नियमों के अनुसार, कबाड़ी दुकान संचालित करने के लिए नगर पंचायत से अनुमति एवं पंजीकरण अनिवार्य होता है। साथ ही खरीदी-बिक्री का रिकॉर्ड रखना, संदिग्ध वस्तुओं की खरीद पर रोक तथा निर्धारित व्यावसायिक क्षेत्र में ही दुकान संचालित करना आवश्यक है। इसके विपरीत, छुईखदान में कई दुकानें रिहायशी इलाकों में संचालित हो रही हैं।

रिहायशी क्षेत्रों में बढ़ी चिंता

नगर के कई वार्डों में कबाड़ी दुकानों के संचालन से स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बनी हुई है। नागरिकों का मानना है कि इससे चोरी की घटनाओं को बढ़ावा मिल सकता है और असामाजिक तत्वों को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलता है।

नियमित जांच की मांग

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना किसी घटना का इंतजार किए कबाड़ी दुकानों की नियमित जांच की जाए। साथ ही बिना लाइसेंस संचालित दुकानों पर सख्त कार्रवाई करते हुए रिहायशी क्षेत्रों से उन्हें हटाया जाए।

पीएम राहत योजना अंतर्गत

सड़क दुर्घटना पीड़ितों मरीजों को मिल रहा है नि:शुल्क उपचार

बालोद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की पहल पर शुरु की गई पीएम राहत योजना बालोद जिले के सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को चिन्हित अस्पतालों में त्वरित और पूरी तरह कैशलेस (निःशुल्क) इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़िता को त्वरित चिकित्सा सहायता और पीएम राहत योजना के तहत वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर कीमती जान बचाने की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है। हाल ही में घटित अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पुलिस की तत्परता, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और डिजिटल तकनीक (ई-डार पोर्टल) के समन्वय से पीड़ितों को निशुल्क इलाज मिलना सुनिश्चित हुआ है। बालोद जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिला प्रशासन बालोद और पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा सहायता और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है।

इस मामले में पुलिस की तत्परता और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से कीमती जान बचाने और उसे बेहतर उपचार दिलाने में सफलता मिली है। पीएम राहत योजना अंतर्गत बालोद जिले में 04 जिंदगियों को नया जीवन मिला है। पिछले 20 दिनों में बालोद पुलिस और प्रशासन की तत्परता से 04 गंभीर सड़क दुर्घटना पीड़ितों को ई-डार पोर्टल और पीएम राहत योजना के तहत कैशलेस (निःशुल्क) उपचार प्रदान किया गया है।

साधना सप्ताह 2026 के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

■ **कलेक्टर बीएस उइके ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में कर्मयोगी भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय अधिगम सप्ताह (साधना सप्ताह 2026) के अंतर्गत कलेक्टर श्री बीएस उइके की अध्यक्षता में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कर्मयोगी के तहत साधना सप्ताह को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए

अपने-अपने स्तर पर सभी आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि 2 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक यह विशेष अधिगम अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समन्वित, समयबद्ध तथा केन्द्रित अधिगम विकसित करना है, ताकि प्रशासनिक कार्यक्षमता में और अधिक सुधार हो सके।

इस दौरान एनआईसी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी अधिकारी-कर्मचारी को प्रत्येक बारीकियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और उनके समस्याओं का समाधान भी बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी अधिकारी-कर्मचारी के लिए आवश्यक है।

सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन

■ **बारिश में स्कूली बच्चों को नही होगी परेशानी**

छुरिया/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत आमगांव (छु.) व गर्रापार, घोटिया, टेकेहर्रा में ग्रामीणों की मांग पर संजय कुमार सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया ने सीसी सड़क निर्माण कार्य, नाली निर्माण हेतु स्वीकृति दिलाई है। जिसका भूमिपूजन संपन्न हुआ, इस अवसर पर स्वयं उपस्थित होकर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उभे राम मंडावी जनपद सदस्य, तोरण दास वैष्णव, राकेश वाल्दे सरपंच मौजूद रहे । एक संक्षिप्त कार्यक्रम

में जनपद अध्यक्ष सिन्हा ने कहा कि छुरिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में निर्माण कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीणों में बहुत ही खुशी और गर्व का अवसर है कि हमारे क्षेत्र में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन/लोकार्पण हो रहा है। यह केवल एक सड़क या नाली नहीं है, बल्कि यह हमारे गांव/क्षेत्र के विकास की नई दिशा और नई पहचान है। सड़क किसी भी क्षेत्र की जीवन रेखा होती है। जहां अच्छी सड़क होती है, वहां विकास अपने आप पहुंच जाता है। आज तक हम सबने कच्ची सड़कों की समस्याएं झेली हैं बरसात के समय कीचड़, आने-जाने में परेशानी, बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई, और मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में देरी।

गरियाबंद में विवाह पूर्व संवाद केंद्र का शुभारंभ

युवाओं को मिलेगा वैवाहिक जीवन से जुड़े मार्गदर्शन

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में विवाह पूर्व संवाद केंद्र का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से युवाओं एवं भावी दंपत्तियों को विवाह से पूर्व आवश्यक मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। इस केंद्र का उद्देश्य विवाह से पूर्व आपसी समझ, पारिवारिक जीवन की तैयारी, स्वास्थ्य जागरूकता, कानूनी अधिकारों एवं दायित्वों की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वैवाहिक जीवन सुदृढ़ एवं संतुलित बन सके।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बताया कि प्री मैरिटल काउंसलिंग एवं कम्युनिकेशन सेंटर के माध्यम से विवाह पूर्व परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसमें दहेज निषेध, घरेलू हिंसा, लैंगिक समानता विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

धरसीवां में ई-केवाईसी के नाम पर महिलाओं को भटकाने का आरोप, कांग्रेस ने दी घेराव की चेतावनी

धरसीवां / नवप्रदेश। । महिला एवं बाल विकास विभाग धरसीवां-2 में ई केवाईसी प्रक्रिया को लेकर अव्यवस्था और महिलाओं को हो रही परेशानी का मामला सामने आया है। मंडल कांग्रेस कमेटी धरसीवां के अध्यक्ष साहिल खान ने इस संबंध में परियोजना अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।

शिकायत में कहा गया है कि ई केवाईसी के नाम पर क्षेत्र की महिलाओं को गुमराह किया जा रहा है और उन्हें बार-बार

कार्यालयों तथा च्वाइस सेंटरों के चक्कर कटवाए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को अनावश्यक मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई महिलाएं दूर-दराज के क्षेत्रों से आने को मजबूर हैं, बावजूद इसके उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

साहिल खान ने बताया कि इस मुद्दे को पहले भी विभाग के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि श्व-चङ्ङष्ट प्रक्रिया स्पष्ट रूप से शुरू नहीं होने के कारण भ्रम की स्थिति बनी हुई है, जिसका खामियाजा आम महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। मंडल कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से ई -केवाईसी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जाए और महिलाओं को भटकाने की स्थिति समाप्त की जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

योजनाओं की प्रगति के साथ जल संरक्षण पर विशेष जोर

ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की प्रगति के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में कलेक्टर अविनाश मिश्रा के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रोजगार दिवस, आवास दिवस तथा चावल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना

रहा। कार्यक्रम के दौरान मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, आजीविका डबरी तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों को इन योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके लाभों के बारे में बताया। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

कार्यक्रम में डिजिटल तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में अमृत सरोवर के कार्यों की जानकारी क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से मोबाइल पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में लोगों को बताया गया। साथ ही क्यूआर कोड स्कैन करते ही संबंधित अमृत सरोवर की लागत, कार्य की प्रगति, स्थान तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध हो जाएगी। इससे ग्रामीणों को विकास कार्यों की जानकारी पारदर्शी तरीके से मिल सकेगी और आम नागरिक भी इन कार्यों की निगरानी में सहभागी बन सकेंगे।महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए यह भी बताया गया कि सभी स्वीकृत कार्यों को 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाए। पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए श्रमिकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।मनरेगा ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों के लिए रोजगार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है इसलिए कार्यों को समय पर पूरा करना और मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करना भी प्राथमिकता क्रम है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे आवास निर्माण कार्यों में हितग्राहियों को मिलने वाली 90 दिन की मजदूरी का मस्टर रोल समय पर जनरेट कराया जाए ताकि मजदूरी का भुगतान समय पर हो सके। आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने और लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से सहयोग करने की अपील की गई। वहीं पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

जिले में ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ

बालोद/नवप्रदेश। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार बालोद जिले में ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन का कार्य प्रारंभ हो गया है।

बालोद जिले में इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुरातत्व समिति का भी गठन किया गया। इसके साथ ही पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के कार्यों का सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

ऊर्जा, नवाचार और हरित पहल से सशक्त बना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

■ 143 नए लोको, 2,263 किलोवाट सौर ऊर्जा और एआई ड्रोन से रची प्रगति की नई गाथा

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऊर्जा, नवाचार और हरित पहल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए भारतीय रेलवे में अपनी सशक्त पहचान को और मजबूत किया है। विशेषकर विद्युत विभाग के प्रयासों से परिचालन दक्षता, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए गए हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 143 नए विद्युत लोकोमोटिव का सफल कमीशनिंग किया गया, जो अब तक का एक वर्ष में सर्वाधिक आंकड़ा है। इनमें 74 लोको भिलाई स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड तथा 69 लोको बिलासपुर लोको शेड में शामिल हैं। इसके साथ ही कुल लोकोमोटिव बेड़ा 721 से बढ़कर 805 हो गया, जो 11.65% की वृद्धि दर्शाता है। मालगाड़ियों के लिए औसत मासिक लोको उपलब्धता 665.02 रही, जो रेलवे बोर्ड के लक्ष्य 651 से अधिक है।

हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देते हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत 2,263.625 किलोवाट पीक क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित कर चालू किए गए हैं। इससे रेलवे परिसंपत्तियों को स्वच्छ ऊर्जा मिल रही है और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा रही है। तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में रायपुर मंडल ने भारतीय रेलवे में पहली बार एआई-सक्षम ड्रोन के माध्यम से ओवरहेड उपकरण (OHE) की निगरानी शुरू की है। यह आधुनिक तकनीक हाई वोल्टेज तारों का सुरक्षित और सटीक निरीक्षण कर संभावित खामियों का समय रहते पता लगाती है, जिससे कर्मचारियों की सुरक्षा और परिचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है।

विद्युत ढांचे को मजबूत करने के लिए 211.45 ट्रैक किलोमीटर निक्को संपर्क तार और 173.44 ट्रैक किलोमीटर एल्युमिनियम कैटेनरी तार का प्रतिस्थापन किया गया। साथ ही सिग्नलिंग प्रणाली को अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए 44 नए ऑटो-ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए गए हैं।

अकलतरा में चौथी लाइन कार्य के बाद ट्रेनें बहाल, यात्रियों को राहत

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा रेलवे स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी के लिए चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पहले निरस्त और आंशिक रूप से निरस्त की गई कई यात्री ट्रेनों को अब बहाल कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से इन ट्रेनों का संचालन फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 10 और 11 अप्रैल 2026 के दौरान विभिन्न मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को उनके निर्धारित समय पर पुनः चलाया जाएगा। रायगढ़-बिलासपुर, बिलासपुर-रायगढ़, रायपुर-गेवरारोड, कोरबा-रायपुर सहित कई रूटों पर चलने वाली मेमू और पैसेंजर गाड़ियों को अलग-अलग तिथियों में रिस्टोर किया गया है। इसके अलावा बिलासपुर-कोरबा, गेवरारोड-बिलासपुर और अन्य लोकल रूट की ट्रेनें भी 10 से 11 अप्रैल तक नियमित रूप से संचालित होंगी। गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू ट्रेनों को भी 10 एवं 11 अप्रैल के लिए पूर्ण रूप से बहाल कर दिया गया है। ये ट्रेनें अब अपने निर्धारित मार्ग और समयानुसार चलेंगी। रेलवे ने जानकारी दी है कि 10 और 11 अप्रैल को कोरबा-रायपुर-कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18249/18250 एवं 18251/18252) एक्सप्रेस श्रेणी में संचालित होगी।

न्यूज गैलरी

स्वच्छता सर्वेक्षण: वार्ड 18 में सफाई व्यवस्था पर निगम ने जताया संतोष

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को लेकर जमीनी स्तर पर निरीक्षण तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में जोन 1 अंतर्गत बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 18 में व्यापक निरीक्षण किया गया। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जोन 1 अध्यक्ष गज्जू साहू ने वार्ड का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद सोहन साहू, जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा और जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया गया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जोन अध्यक्ष गज्जू साहू ने वर्तमान सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि नियमित मॉनिटरिंग जारी रखते हुए इसी स्तर की साफ-सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। इसके लिए आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामूहिक प्रयास करने पर विशेष जोर दिया गया।

नागपुर स्टेशन प्लेटफॉर्म-2 बंद होने से पांच एक्सप्रेस ट्रेनें लेट

रायपुर/नवप्रदेश। नागपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म 2 में निर्माण कार्य के लिए 7 अप्रैल से 28 मई तक बंद किया गया है। इससे मुंबई-हावड़ा रूट की पांच एक्सप्रेस ट्रेनें तय समय से देरी से चलेंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तहत नागपुर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म-2 को 52 दिनों के लिए बंद किया गया है। इस दौरान प्लेटफॉर्म की कमी के कारण कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे के अनुसार मुंबई-हावड़ा रूट की पांच प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है और ये ट्रेनें नागपुर से देरी से रवाना होंगी। शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस (18030) नागपुर से करीब 2 घंटे 15 मिनट देर से चलेगी। वहीं शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (12102), शालीमार-ओखा (22906) और शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस (12906) करीब 1 घंटे 10 मिनट की देरी से संचालित होंगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की ताजा स्थिति जांचने की अपील की है, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

आज 6 घंटे का शटडाउन, 11 पानी टंकियो से शाम को नहीं होगी पानी सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के तहत शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाला मरम्मत कार्य 10 अप्रैल को किया जाएगा। निगम के फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता नर सिंह फरेन्द्र ने जानकारी दी है कि 150 एमएलडी

फिल्टर प्लांट की क्लीयर वाटर डीआई राइजिंग पाइपलाइन में लीकेज सुधार के लिए 6 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। यह मरम्मत कार्य पचपेड़ीनाका और तेलीबांधा थाना के सामने किया जाएगा। इसके चलते 10 अप्रैल (शुक्रवार) को सुबह जलप्रदाय सामान्य रहेगा, लेकिन शाम के समय पानी सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी। 150 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 11 जल टंकियों से शाम को जल आपूर्ति नहीं होगी। प्रभावित क्षेत्रों में लालपुर, अमलीडीह, अवंति विहार, मंडी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी, देवपुरी और जोरा शामिल हैं। नगर निगम के अनुसार 11 अप्रैल 2026 से जलप्रदाय पुनः नियमित रूप से शुरू हो जाएगा।

निगम ने सफाई ठेकेदार पर लगाया जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा और जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमराज देवांगन की उपस्थिति में जोन 1 के अंतर्गत यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 और वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 की सफाई व्यवस्था का स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के सम्बन्ध में औचक निरीक्षण किया. जोन 1 जोन कमिश्नर को दोनों वार्डों में गन्दगी मिली और निर्धारित संख्या से कम संख्या में ठेका सफाई कामगार ड्यूटी पर मिले. जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने जोन स्वास्थ्य विभाग की ओर से यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 के सफाई ठेकेदार मेसर्स वी वी इंफ्रा प्रोपराइटर अशोक उइके को नोटिस जारी कर वार्ड में निर्धारित संख्या से कम संख्या में ठेका सफाई कामगार ड्यूटी पर मिलने पर 15000 रूपये जुर्माना किया है एवं वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 के सफाई ठेकेदार शशांक मिश्रा पर वार्ड में निर्धारित संख्या से कम संख्या में ठेका सफाई कामगार ड्यूटी पर मिलने पर 5000 रूपये जुर्माना नोटिस देकर किया है और तत्काल सफाई व्यवस्था वार्ड में सुधारने, अन्यथा की स्थिति में दोनों वार्डों का सफाई ठेका नियमानुसार निरस्त करने की कड़ी कार्रवाई करने की स्पष्ट चेतावनी नोटिस में दोनों अनुबंधित सफाई ठेकेदारों को जोन 1 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर ने निगम जोन 1 स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी है।

प्रस्ताव तैयार : छत्तीसगढ़ में बनेगी स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी

1000 करोड़ की परियोजना से खिलाड़ियों को मिलेगा नया मंच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अब केवल धान उत्पादन के लिए ही नहीं, बल्कि 'खिलाड़ियों की खान' के रूप में भी अपनी पहचान बनाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा रहा है। राज्य के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने राजधानी रायपुर में 'छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी' स्थापित करने का हाई-प्रोफाइल ड्राफ्ट प्रस्ताव तैयार किया है।

1000 करोड़ का प्रोजेक्ट, 155 करोड़ सालाना खर्च: इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए करीब 1000 करोड़ रुपए का प्रारंभिक बजट प्रस्तावित किया गया है। यूनिवर्सिटी के संचालन पर हर साल लगभग 155 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए खेलो इंडिया योजना, यूजीसी और एनटीपीसी व सेल जैसी कंपनियों के सीएसआर फंड का सहारा लिया जाएगा।

केंद्र से जल्द मंजूरी की उम्मीद: हाल ही में मनसुख मांडविया के दौरे के दौरान इस प्रस्ताव को जल्द मंजूरी देने का भरोसा मिला है। इसके बाद खेल संचालनालय ने प्रस्ताव राज्य शासन को भेज दिया है, जिसे जल्द केंद्र सरकार को अग्रेषित किया जाएगा। राज्य के खेल मंत्री अरुण साव ने भी पुष्टि की है कि प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

आदिवासी अंचलों की प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

इस यूनिवर्सिटी का मुख्य उद्देश्य बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। प्रस्ताव में बताया गया है कि राज्य में प्राकृतिक एथलेटिक क्षमता की भरपूर संभावनाएं मौजूद हैं।

ऐसा होगा यूनिवर्सिटी का मॉडल

- **स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी:** आधुनिक लैब और रिसर्च सुविधाओं के लिए
- **नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी:** शैक्षणिक और वैधानिक ढांचे के लिए
- **दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी:** स्कूल-यूनिवर्सिटी एकीकृत मॉडल के लिए

खेल पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

यह यूनिवर्सिटी न सिर्फ खिलाड़ियों को तैयार करेगी, बल्कि राज्य के हर जिले में प्रस्तावित खेल कॉलेजों के लिए संबद्ध संस्थान के रूप में भी काम करेगी। इससे खेल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

गैस एजेंसियों में गड़बड़झाला

30 दिन के बाद भी डिलीवरी नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच अब गैस एजेंसियों में भी खेला शुरू हो गया है। शासन-प्रशासन के निर्देश के बावजूद एजेंसियों द्वारा बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने में सप्ताहभर या उससे अधिक दिन लगाए जा रहे हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। इधर, जिले में हर दिन बुकिंग का प्रतिशत जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसकी तुलना में वितरण का काम कछुआ गति से किया जा रहा है। यहीं कारण है कि जिले में लंबित बुकिंग के आंकड़े भी लगभग 40 हजार के करीब हैं। संबंधित विभाग के अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का स्टॉक है, लेकिन लंबित बुकिंग के आंकड़े कुछ और ही हकीकत बयां कर रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, जिले में हर दिन जितने उपभोक्ता गैस सिलेंडरों की बुकिंग कराते हैं, उसकी तुलना में वितरण 25 प्रतिशत से भी कम हो पा रहा है। यही कारण है कि लंबित बुकिंग की संख्या भी घट नहीं रही है। एजेंसियों में स्थिति यह है कि शहरी क्षेत्र में एक सिलेंडर के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग जरूर 25 दिन के बाद हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर मिलने में लगभग 30 से 35 दिन तक का समय लग रहा है। इंडेन, भारत जैसी कंपनियों की कई गैस एजेंसियां तो बुकिंग के 12 दिन के बाद भी उपभोक्ता को डिलीवरी नहीं दे पा रही हैं।

गैस एजेंसियों में बुकिंग कराने के बाद भी होम डिलीवरी में देर किए जाने के कारण अब उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर सीधे एजेंसी एवं गोदाम पहुंच रहे हैं। इस कारण एजेंसियों और गोदामों के बाहर अभी भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडरों के संकट से घरेलू उपभोक्ता जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू सिलेंडर की 45 दिन के बाद बुकिंग हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी डिलीवरी में एजेंसियां 5 दिन से अधिक समय लगा रही हैं। इसके कारण उपभोक्ता को दूसरा सिलेंडर 50 दिन के बाद ही मिल पा रहा है।

शंकर नगर में नाले पर अतिक्रमण हटाकर चलाया सफाई अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के जोन 3 क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 में नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय ने जोन 3 की जोन कमिश्नर प्रीति सिंह सहित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि नाले पर टीन शेड लगाकर अतिक्रमण किया गया था, जिससे सफाई कार्य में लगातार बाधा आ रही थी। अधिकारियों ने इस पर नाराजगी जताते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद जोन स्वास्थ्य अधिकारी की टीम ने मौके पर पहुंचकर टीन शेड हटवाया और नाले को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया। सफाई अभियान के दौरान नाले के भीतर जमा बड़ी मात्रा में मलबा और गंदगी बाहर निकाली गई। इसे तत्काल परिवहन कर हटाया गया, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित की गई।

अमलीडीह और पचपेड़ी नाका सर्विस रोड से अतिक्रमण हटाया

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस और रायपुर नगर निगम के संयुक्त 'टीम प्रहरी' अभियान के तहत राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत अमलीडीह मुख्य मार्ग और राष्ट्रीय राजमार्ग 53 स्थित पचपेड़ीनाका सर्विस रोड को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। यह अभियान पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर चलाया गया। इसमें यातायात पुलिस, नगर निगम और नगर निवेश विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। अभियान के दौरान करीब 15 ठेले और गुमटियों को हटाया गया, जो सर्विस रोड और मुख्य मार्ग पर कब्जा कर यातायात में बाधा बन रहे थे।

रायपुर में वोरा, मेनन की मौजूदगी में संगठन को मजबूत बनाने मंथन

■ मैराथन बैठकों में वार्ड-बूथ कमेटियों का गठन प्रगति पर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर स्थित राजीव भवन में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने पर ,खासकर बूथ स्तर पर नियुक्ति और संगठन के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया था इस अहम बैठक में वरिष्ठ नेता अरुण वोरा की सक्रिय उपस्थिति रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार इसी बात को ध्यान में रखते हुए और गंभीरता से लेते हुए, त्वरित अगले ही दिन 9 अप्रैल गुरुवार को रायपुर प्रभारी अरुण वोरा एवं रायपुर शहर जिला अध्यक्ष कुमार मेनन द्वारा रायपुर में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

दिनभर चली इस विस्तृत एवं गंभीर बैठक में शाम तक संगठनात्मक विषयों पर गहन मंथन होता रहा। इस महत्वपूर्ण बैठक में रायपुर शहर कांग्रेस के प्रभारी अरुण वोरा, रायपुर शहर जिला अध्यक्ष कुमार मेनन, सभी 12 ब्लॉक अध्यक्ष तथा विभिन्न ब्लॉकों के प्रभारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में वार्ड कमेटी, जिला कमेटी एवं बूथ कमेटियों के गठन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें संगठनात्मक मजबूती के सकारात्मक संकेत स्पष्ट रूप से देखने को मिले।संगठन के ढांचे को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और आगामी रणनीतियों को लेकर गंभीर मंथन किया गया।लगभग 50 प्रतिशत बूथ कमेटियों का गठन पूर्ण किया जा चुका है।

कुर्की वारंट से लेकर सीलबंदी तक कार्रवाई

निगम प्रशासन के बकाया वसूली अभियान में आई तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम के राजस्व विभाग ने बकाया कर वसूली के लिए सख्त रुख अपनाते हुए जोन 5 सहित सभी 10 जोनों में अभियान तेज कर दिया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में बकायेदारों पर कुर्की वारंट, सीलबंदी और नल कनेक्शन विच्छेद जैसी कार्रवाई की जा रही है।

4.49 लाख बकाया पर कुर्की वारंट जारी: जोन 5 के जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 40 के बकायेदार अनिमेष मिश्रा पर वर्ष 2019-20 से लंबित 4,49,319 रुपए के बकाया की वसूली हेतु कुर्की वारंट जारी किया है। संबंधित मामले में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सीलबंदी के बाद तत्काल जमा हुआ बकाया टैक्स : डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड क्रमांक 68 में स्थित आशादीप स्कूल में चार वर्षों से बकाया कर का भुगतान नहीं करने पर निगम टीम ने सीलबंदी की कार्रवाई की। इसके तुरंत बाद स्कूल प्रबंधन ने 73,000 रुपए का बकाया जमा कर दिया, जिसके बाद सील खोल दी गई। इसी तरह एफएल कृपाल के व्यावसायिक परिसर में 54,552 रुपए के बकाया पर सीलबंदी की गई। कार्रवाई के आधे घंटे के भीतर ही पूरी राशि जमा कर दी गई, जिसके बाद निगम ने राहत प्रदान की।

नल कनेक्शन काटा, 24 घंटे की मोहलत: पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड 40 में ही एक अन्य बकायेदार राधेश्याम गोयल द्वारा बकाया नहीं चुकाने पर निगम ने नल कनेक्शन विच्छेद कर दिया।

प्रथम चरण में 13 से 17 अप्रैल के बीच लॉटरी से सीटों का आबंटन

■ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के विरोध और धमकी के बावजूद आरटीई से प्रवेश

रायपुर/नवप्रदेश। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की संभावित विरोध और धमकी के बावजूद छत्तीसगढ़ में आरटीई (राइट टू एजुकेशन) के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। शिक्षा विभाग ने बताया कि प्रथम चरण में 13 से 17 अप्रैल के बीच लॉटरी के माध्यम से सीटों का आबंटन किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक कुल 38,439 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 34,004 आवेदनों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि केवल 4,435 आवेदन शेष हैं। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। संचालनालय ने स्पष्ट किया कि प्रथम चरण के अंतर्गत नोडल वेरिफिकेशन का कार्य 31 मार्च तक पूरा किया जाना था। विद्यार्थियों का प्रवेश और दाखिला 1 से 30 मई तक सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, वर्ष 2025-26 की शुल्क प्रतिपूर्ति का सत्यापन कार्य 25 मई से 25 जून तक किया जाएगा।

सुविचार

किसी से अदालत हो जाए तो भी उसकी राह में कांटे न बिछाएं, क्या पता कभी आपको उससे मिलने जाना पड़ जाए?

सीजफायर के बाद अब जुबानी जंग

अमेरिका और ईरान के बीच जैसे तैसे सीजफायर तो हो गया है लेकिन अब दोनों के बीच जुबाली जंग शुरू हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर इरान को धमकी दी है कि ईरान ने समझौते को नहीं माना तो अमेरिका ने इरान के खिलाफ और बड़ी कार्यवाही करेगा हमारी महान सेना और बड़े हमले की तैयारी कर रही है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा है कि जब तक समझौता नहीं हो जाता तब तक खाड़ी देशों में अमेरिका की सेना तैनात रहेगी। इसके जवाब में इरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागजी ने बयान दिया है कि संघर्ष विराम के लिए ईरान की शर्तें बिलकुल साफ है। यदि उनका पालन नहीं किया गया तो इरान सीजफायर तोड़ने पर मजबूर हो जाएगा। ईरानी विदेश मंत्री के मुताबिक सीजफायर होने के बाद भी इजराइल ने लेबनान पर अपने हमले तेज कर दिये हैं जो युद्ध विराम की शर्तों का सरासर उल्लंघन है इस पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेन्स ने कहा है कि ईरान को गलतफहमी हुई है। सीजफायर में लेबनान शामिल नहीं है। उनके इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागर ने कहा है कि सीजफायर होने के बाद भी उसकी तीन शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है जिसमें इजराल द्वारा लेबनान पर हमला करना सीजफायर की शर्तों का घोर उल्लंघन है इसीलिए हम अमेरिका पर भरोसा नहीं करते क्योंकि वादों से मुकरना उसकी पुरानी आदत है। ईरान ने अभी तक होर्मूज से अपनी नाकेबंदी नहीं हटाई है। कल सीजफायर की घोषणा होने के बाद उसने होर्मूज के चार जहाजों को छोड़ दिया लेकिन जैसे ही इजराइल ने लेबनान पर हमला किया तो इरान ने फिर से होर्मूज पर नाकेबंदी कर दी। ऐसा लगता है कि इस सीजफायर में इजराइल में लेबनान पर हमला करके पेंच फंसा दिया है। वैसे भी इजराइल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीजफायर वाले फैसले से नाखुश है। यह बात अलग है कि अमेरिका के दबाव में इजराइल पे अमेरिका ने सीजफायर पर अपनी सहमति जता दी है लेकिन उसने लेबनान पर अपने हमले और तेज कर दिये हैं जिसकी वजह से ईरान ने अब अमेरिका पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है और डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के जवाब में उसे भी धमकाना शुरू कर दिया है। यदि दोनों के बीच इसी तरह जुबानी जंग तेज होती रही तो यह सीजफायर कभी भी टूट सकता है। डोनाल्ड ट्रंप अपनी विश्वसनियता पहले ही खो चुके हैं जिस तरह वे बार बार अपनी बातों से पलटते हैं और फिर से धमकी चमकी देने पर उतारू हो जाते हैं उससे भी सीजफायर को लेकर संदेह पैदा होना स्वाभाविक है। कल ही उन्होंने फिर यह ऐलान किया था कि 40 दिनों तक चली जंग के दौरान जिन जिन देशों ने ईरान की सैन्य मदद की है उन सभी देशों पर भी तत्काल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने जा रहे हैं। इससे भी ईरान नाराज हो गया है। यदि डोनाल्ड ट्रंप अपनी सनक में इसी तरह की बयानबाजी करते रहे तो इस सीजफायर का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप भले ही यह कह रहे हों कि सीजफायर करके उन्होंने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है और उन्होंने इस जंग में ईरान को सबक सिखाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है लेकिन सच्चाई तो यह है कि ईरान ने उन्हें सबक सिखाया है और अमेरिका को उसकी औकात दिखाई है। यह बात इसी से स्पष्ट होती है कि खुद अमेरिका में ही डोनाल्ड ट्रंप का भारी विरोध शुरू हो गया है। वहां की विपक्षी पार्टी ने डोनाल्ड ट्रंप के निवास वाइट हाउस के सामने जाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया है और डोनाल्ड ट्रंप ने इस्तीफा देने की मांग है और उनका कहना है कि इस तरह से डोनाल्ड ट्रंप अपनी बातों से पलटते हैं और जंग में अपनी रणनीति बदलते हैं उससे पूरी दुनिया में अमेरिका का मजाक उड़ाया जा रहा है इससे लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है इसलिए वे राष्ट्रपति पद के योग्य नहीं है। उन्हें तत्काल राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अमेरिका में यह भी सवाल उठ रहे हैं इस जंग से आखिर हासिल क्या हुआ है। यही वजह है कि अब डोनाल्ड ट्रंप और ज्यादा बौखला गये हैं और वे फिर से ईरान को धमकाने लगे हैं। यदि वे इसी तरह की हरकतें करेंगे तो जाहिर है कि बड़ी मुश्किल से सीजफायर के लिए राजी हुआ ईरान भी संघर्ष विराम को तोड़ने पर मजबूर हो जाएगा और यह संघर्ष विराम दो सप्ताह क्या एक सप्ताह भी नहीं चल पाएगा। यदि ऐसा हुआ तो एक बार फिर मिडिल ईस्ट जंग की आग में झुलसने लगेगा और इसका गंभीर दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा।



सदगुरू ऋतेश्वर

सद्‌गुरू बोधामृतम्

◆ हर दुख का प्रारंभ आपकी सोच से शुरू होता है। वह सोच संभल गई तो सब संभल गया।

◆ यदि अतीत के अस्तित्व के विषय में सोचेंगे नहीं तो दुख हमारा कुछ बिगाड़ेगा नहीं। यही अध्यात्म है, यही परम ज्ञान है।

◆ गोविंद कुछ भी करूँ, लक्ष्य बस तू ही रहे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1868 - इथियोपिया में ब्रिटिश और भारतीय सेना ने टेवॉड्रोज़ द्वितीय की सेना को हराया और इस युद्ध में 700 इथियोपियन मारे गये, जबकि सिर्फ दो ब्रिटिश-भारतीय सैनिक शहीद हुए। 1875 - स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्यसमाज की स्थापना की। 1912 - टाइटैनिक ब्रिटेन के साउथेप्टन बंदरगाह से अपनी पहली और आखिरी यात्रा पर रवाना हुआ। 1916 - पहले गोल्फ टूर्नामेंट का प्रफेशनल तरीके से आयोजन। 1917 - महात्मा गांधी ने बिहार में 10 अप्रैल, 1917 को 'चंपारण सत्याग्रह' की शुरुआत की। 1930 - पहली बार सिंथेटिक रबर का उत्पादन हुआ। 1972 - ईरान में भूकंप से करीब 5 हजार लोगों की मौत। 1972 - जैविक हथियारों पर के विकास, उत्पादन और भंडारण पर जैविक हथियार संधि के जरिए रोक लगा दी गई। इसपर 150 से ज्यादा देशों ने हस्ताक्षर किए। 1973 - पाकिस्तान ने संविधान में संशोधन कर जुल्फिकार अली भुट्टो को राष्ट्रपति के स्थान पर प्रधानमंत्री बनाया।

बस्तर 2.0: नक्सलवाद से शांति के बाद विकास का रोडमैप

अशोक कुमार साहू

लगभग साढ़े चार दशक तक हिंसा, भय और अविश्वास के साये में जीने वाला बस्तर आज एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सशस्त्र माओवादियों के खात्मे संबंधी बयान और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा गृह मंत्री विजय शर्मा के दृढ़ दावों ने यह संकेत दिया है कि बस्तर अब एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। यह केवल सुरक्षा परिदृश्य में बदलाव नहीं, बल्कि एक लंबे संघर्ष के बाद उभरती उम्मीदों का क्षण है। लेकिन यह भी उतना ही स्पष्ट है कि बंदूकों की खामोशी अपने आप विकास की गारंटी नहीं देती। अब असली परीक्षा इस शांति को स्थायी बनाते हुए बस्तर को विकास, विश्वास और अवसरों की मुख्यधारा में शामिल करने की है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री साय का नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर 'बस्तर रोडमैप 2.0' का विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट प्रस्तुत करना एक महत्वपूर्ण और समयोचित पहल है। यह पहल केवल योजनाओं का संग्रह नहीं, बल्कि उस सोच का प्रतीक है जो बस्तर को सुरक्षा समस्या के नजरिए से निकालकर विकास की संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखना चाहती है।

बस्तर में आई शांति अचानक नहीं आई है। इसके पीछे सुरक्षा बलों के हजारों जवानों और निर्दोष नागरिकों की शहादत जुड़ी है। दशकों की हिंसा के बाद जो स्थिरता हासिल हुई है, उसे बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इतिहास यह भी बताता है कि केवल सुरक्षा उपाय पर्याप्त नहीं होते; यदि विकास और सामाजिक न्याय समानांतर रूप से नहीं चलते, तो असंतोष फिर सिर उठा सकता है।

इसी संदर्भ में 'बस्तर 2.0' का ब्लूप्रिंट महत्वपूर्ण हो जाता है, जो 'सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेज' जैसी रणनीति पर आधारित है। इसका स्पष्ट संकेत है कि सरकार केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण पर भी जोर दे रही है। बस्तर की सबसे बड़ी समस्या हमेशा से कनेक्टिविटी रही है। घने जंगल, दुर्गम भौगोलिक स्थिति और कमजोर सड़क नेटवर्क ने इस क्षेत्र को विकास से दूर रखा। प्रस्तावित योजना के तहत 228 नई सड़कों और 267 पुलों का निर्माण, साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य, इस दिशा में बड़ा कदम है। रेल लाइन विस्तार, एयरपोर्ट विकास और इंद्रावती नदी पर बैराज निर्माण जैसी परियोजनाएं न केवल कनेक्टिविटी सुधारेंगी, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति देंगी। यह समझना जरूरी है कि सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और प्रशासन तक पहुंच का माध्यम भी है। बस्तर के विकास की असली कसौटी शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार होगी। एजुकेशन सिटी, मेडिकल कॉलेज और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की योजनाएं इस दिशा में सकारात्मक संकेत देती हैं। 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदलने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अस्थायी व्यवस्था से स्थायी संस्थागत ढांचे की ओर संक्रमण का प्रतीक है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करना और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाना, उन व्यावहारिक समस्याओं को

संबोधित करता है जो अब तक डॉक्टरों की कमी का कारण रही हैं। इंद्रावती नदी पर देउरगांव और मटनार में सिंचाई परियोजनाओं से 31,840 हेक्टेयर भूमि को लाभ मिलने की संभावना है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों किसानों के जीवन में बदलाव की संभावना है। बस्तर की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि और वनोपज पर आधारित है, ऐसे में सिंचाई सुविधा का विस्तार आर्थिक स्थिरता का आधार बनेगा। सरकार की तीन वर्षीय योजना के तहत 2029 तक 85त्न परिवारों की आय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये करने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो यह सामाजिक बदलाव का बड़ा माध्यम बन सकता है। इसके साथ ही लघु वनोपज के मूल्य संवर्धन, स्थानीय उत्पादों के ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ने पर भी समानांतर ध्यान देना होगा।

बस्तर प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध है। चित्रकोट जलप्रपात, तीरथगढ़ जलप्रपात और कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान जैसे स्थल वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। कैनोपी वॉक, ग्लास ब्रिज और एडवेंचर टूरिज्म जैसी परियोजनाएं इस दिशा में नए आयाम जोड़ सकती हैं।

'बस्तर ओलंपिक' और 'बस्तर पंडुम' जैसे आयोजन स्थानीय संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर लाने का प्रयास हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी नई पहचान और अवसर मिलेंगे। बस्तर के वर्तमान को समझने के लिए उसके अतीत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2005 में शुरू हुआ सलवा जुडूम अभियान, जो नक्सलवाद के खिलाफजन आंदोलन के रूप में शुरू हुआ था, समय के साथ विवादों में घिर गया। बड़े पैमाने पर विस्थापन, मानवाधिकार उल्लंघन और सामाजिक विभाजन ने इसे एक असफल प्रयोग बना दिया। इसी तरह 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें महेंद्र कर्मा, नंद कुमार पटेल और विद्याचरण शुक्ल जैसे वरिष्ठ नेताओं समेत 32 लोगों की जान गई, बस्तर के इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय है। यह घटना केवल एक हमला नहीं थी, बल्कि उस समय नक्सलियों की ताकत और राज्य की सीमाओं का प्रतीक थी।

इन घटनाओं से सबसे बड़ी सीख यह मिलती है कि किसी भी समस्या का समाधान केवल बल प्रयोग से नहीं, बल्कि संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण से ही संभव है। नक्सलवाद के कमजोर पड़ने के बाद सबसे बड़ी चुनौती आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास की भी है। केवल आर्थिक सहायता देना पर्याप्त नहीं होगा। उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ना होगा। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण है समाज में उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करना, ताकि वे फिर से हिंसा की ओर न लौटें। इसके साथ ही आदिवासी समुदाय को उनके वन अधिकारों का पूर्ण लाभ देना, उनकी सांस्कृतिक पहचान का सम्मान करना और उन्हें विकास प्रक्रिया में भागीदार बनाना अनिवार्य है। 'बस्तर मुन्ने' जैसे कार्यक्रम यदि ईमानदारी से लागू होते हैं, तो वे शासन और जनता के बीच भरोसे की खाई को पाट सकते हैं।

युद्ध के मुहाने से लौटी दुनिया

महेन्द्र तिवारी

दुनिया कभी-कभी ऐसे मोड़ों पर आ खड़ी होती है, जहाँ एक निर्णय पूरी सभ्यता के भविष्य को बदल सकता है। हाल के घटनाक्रम में यही स्थिति तब बनी जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव अपने चरम पर पहुँच गया। वातावरण इतना तनावपूर्ण था कि किसी भी क्षण युद्ध का विस्तार एक बड़े विनाश में बदल सकता था। अमेरिका की सेना और उसके रक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार थे और संकेत का इंतजार कर रहे थे कि कब हमला शुरू किया जाए। दूसरी ओर ईरान भी अपनी रक्षा और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार बैठा था। यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रह गया था, बल्कि पूरे क्षेत्र और विश्व व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकट बन चुका था। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अमेरिका ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए बड़े पैमाने पर हमले की चेतावनी दे दी थी। यदि यह हमला होता, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुँच सकता था। इसके परिणामस्वरूप ईरान की ओर से भी तीखी प्रतिक्रिया आती, जो पूरे मध्यपूर्व को युद्ध की आग में झोंक सकती थी। इस पूरे घटनाक्रम में आम लोगों की स्थिति सबसे अधिक भयावह थी। ईरान के भीतर लोग अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तलाश में निकलने लगे थे, जबकि खाड़ी क्षेत्र के देश भी संभावित हमलों से बचने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच कूटनीतिक प्रयास भी तेजी से चल रहे थे। कई देशों ने इस संकट को टालने के लिए मध्यस्थ की भूमिका निभाई। इन प्रयासों का उद्देश्य था कि किसी तरह दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी रहे और युद्ध टल सके। ईरान की ओर से एक प्रस्ताव सामने आया, जिसमें कई शर्तें रखी गई थीं। शुरू में इस प्रस्ताव को स्वीकार्य नहीं माना गया, लेकिन बातचीत की प्रक्रिया जारी रही। धीरे-धीरे यह स्पष्ट होने लगा कि दोनों पक्ष युद्ध से बचना चाहते हैं, भले ही सार्वजनिक रूप से वे कठोर रुख अपनाए हुए हों। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि

निर्णय लेने की प्रक्रिया बेहद अनिश्चित और उलझी हुई थी। अमेरिका के भीतर भी यह स्पष्ट नहीं था कि अंतिम निर्णय क्या होगा। स्वयं उसके नेतृत्व के करीबी लोगों को भी यह अंदाजा नहीं था कि अगला कदम क्या होगा। एक ओर कठोर बयान दिए जा रहे थे, तो दूसरी ओर बातचीत के रास्ते खुले रखे जा रहे थे। यह द्वंद्व इस बात को दर्शाता है कि आधुनिक राजनीति में शक्ति और कूटनीति दोनों साथ-साथ चलते हैं। ईरान के भीतर भी निर्णय लेने की प्रक्रिया जटिल थी। वहाँ की सत्ता संरचना में अंतिम निर्णय शीर्ष नेतृत्व के हाथ में होता है। इस कारण अंतिम सहमति मिलने में समय लगा। लेकिन जब अंततः समझौते की दिशा में आगे बढ़ने का संकेत मिला, तो बातचीत ने तेजी पकड़ ली। बताया जाता है कि यह निर्णय आसान नहीं था, क्योंकि इसमें सैन्य नेतृत्व और अन्य शक्तिशाली संस्थाओं को भी सहमत करना पड़ा। इसके बावजूद यह कदम उठाया गया, जो इस बात का संकेत है कि युद्ध की कीमत दोनों पक्ष समझ रहे थे। अंततः जो समझौता सामने आया, वह स्थायी शांति नहीं बल्कि अस्थायी विराम था। दोनों पक्षों ने कुछ समय के लिए संघर्ष रोकने पर सहमति जताई। इस समझौते के तहत समुद्री मार्ग को फिर से खोलने और आगे की बातचीत जारी रखने का रास्ता बनाया गया। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण था क्योंकि इस मार्ग से विश्व का बड़ा हिस्सा तेल आपूर्ति पर निर्भर करता है। यदि यह बंद रहता, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता। हालाँकि यह समझौता होने के बाद भी स्थिति पूरी तरह शांत नहीं हुई। कई जगहों पर संघर्ष जारी रहने की खबरें सामने आईं और इस बात को लेकर भी मतभेद रहे कि समझौते की शर्तें क्या हैं और उनका पालन कैसे किया जाएगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल एक अस्थायी राहत है, न कि स्थायी समाधान। दोनों पक्षों के बीच कई ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर अभी भी गहरे मतभेद हैं, जैसे परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंध और क्षेत्रीय प्रभाव। इस पूरे घटनाक्रम से एक महत्वपूर्ण बात सामने आती है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं, बल्कि कूटनीति से भी लड़े जाते हैं। कई बार पर्दे के पीछे होने वाली बातचीत ही युद्ध को टाल देती है। इस मामले में भी अंतिम क्षणों में हुई बातचीत ने एक बड़े विनाश को रोक दिया। यदि यह बातचीत विफल हो जाती, तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस संकट में कई देशों ने सक्रिय भूमिका निभाई। यह दर्शाता है कि आज की दुनिया में कोई भी बड़ा संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव वैश्विक होता है और उसे सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग आवश्यक होता है। इसी सहयोग ने इस बार भी युद्ध को टालने में मदद की। फिर भी यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह शांति स्थायी होगी। इतिहास बताता है कि अस्थायी समझौते अक्सर स्थायी समाधान में बदलने में सफल नहीं होते। जब तक मूल कारणों का समाधान नहीं होता, तब तक संघर्ष की संभावना बनी रहती है। इस मामले में भी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान अभी बाकी है। यदि इन पर सहमति नहीं बनती, तो भविष्य में फिर से तनाव बढ़ सकता है। अंत में यह कहा जा सकता है कि यह घटना केवल एक राजनीतिक या सैन्य घटनाक्रम नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक चेतावनी भी है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वोटरों को लुभा रहा फिर से खुवाब झूटा दिखा रहा फिर से माँगता और वक़्त फिर देखो कैसे मूरख बना रहा फिर से जो बढ़ाता है रोज़ मँहगाई बारहा अब रुला रहा फिर से लौट आओ पुराने दिन मेरे ये न वा'दा निभा रहा फिर से अब भरोसा नहीं करो इसपर और सपने दिखा रहा फिर से मुल्क को बेंच देगा इक दिन ये सबसे सच ये छुपा रहा फिर से वोट से चोट अब करो लोगों रोज़ नफ़रत बढ़ा रहा फिर से ये तो बहुरूपिया है 'ऐनुल' जी अश्क झूटा बहा रहा फिर से। **'ऐनुल' बरौलवी**

इश्क में यह निसाब क्या है फ़क़ीर क्या है नवाब क्या है यह बिन सिखाये हुआ है इसमें सवाल क्या है जवाब क्या है वफ़ा की मंजिल के राहियों से मसाफ्तों का हिसाब क्या है यह जर्द चेहरा ,ये ग़र्क़ आँखें यह जगती आंखों में खुवाब क्या है बिछड़ के तुमसे भी जी रहे हैं इससे बढ़ कर अज़ाब क्या है। **- अनु मित्तल**

ईरान नुकसान का harjana मांग रहा है। ऐसे में इस्राइल को भी ईरान से मांग करनी चाहिए। ईरान के हमले से उसका भी नुकसान हुआ है इसके साथ ही अरब देशों को भी ईरान से मांग करनी चाहिए उनका ईरान ने बहुत नुकसान किया है। ऐसे में ईरान आयेगा बैकफुट में। **- एल.एस. बिष्ट**

जिसने दुकान देखी हो तेरी हरी भरी फुटपाथ जैसा इश्क़ उसे भाएगा कहाँ अहसान गर जताना है तो चुप ही ठीक है जा हमसे दूर, देखते हैं जाएगा कहाँ ? मैं सोचती थी तू है जुदा दुनिया से बहुत मुझसे जुदा हो जाएगा, ये सोचा था कहाँ। **- ममता लड़ीवाल**

हिम्मत करने वालों की हार नहीं होती आज का दिन ईरानियों के नाम एक शानदार जीत के रूप में इतिहास में दर्ज होगा। ईरानीयों ने बड़बोले ट्रम्प और सोकाल्ड सर्वशक्तीमान की सारी हेकड़ी निकाल के रख दी और ट्रम्प को आना ही पड़ा बातचित के मेज पर। सबसे बड़ी बात इस सीजफायर में इस्राइल सबसे बड़ा लूजर बन के निकला है। और ईरान मध्य पूर्व का महाशक्ति बन के ऊभरा है। **- राजीव कुमार**



गलत किरदार के लोग गलत कर के भी शर्मिंदा नहीं होते । अच्छे किरदार के लोग एक इल्जाम से भी सहम जाते है ।वक़्त रुकता नहीं अपनी चाल में ईमानदार है । वक्त रहते अपने कर्मों के साथ इंसाफ कीजिए,वरन जिंदगी बीते पालों के साथ कभी नजर नहीं आएगी। - मीनू वोहरा

घर का दरवाजा बंद रखना समझ आता है दिल का दरवाजा बंद रखना कहां तक उचित है क्या कोई रिश्ते इतने कमजोर होते हैं ? समय रिश्ते और रिश्तेदार ही बदल जाते हैं । **- लक्ष्मी नारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप परिजनों के लिए भाग्यशाली साबित होंगे। आज भाग्य का साथ मिलने से आपके द्वारा जल्दबाजी में लिए निर्णय भी लाभ दिलाने वाले ही रहेंगे।

वृषः आज आपके मन मे बड़ी-बड़ी योजनाए चलती रहेंगी लेकिन आज शारीरिक अस्वस्थता कार्यो में बाधा डालेगी। स्फूर्ति की कमी प्रातः काल से ही बनेगी दैनिक कार्यो को भी लाचारी में करना पड़ेगा।

मिथुनः आज आपको हर जगह अनुकूल वातावरण मिलेगा परन्तु आज एक साथ कई काम आने से दुविधा में पड़ जाएंगे जिससे विलंब होगा।

कर्कः आज आप अपने बुद्धि एवं कार्य कौशल से परिवार एवं सार्वजनिक क्षेत्र पर प्रभाव बनाएंगे। लेकिन प्रत्येक क्रिया को संदेह की दृष्टि से देखने के कारण किसी से झगड़ा भी हो सकता है।

सिंहः आज के दिन आपके मन के विपरीत घटनायें घटित होंगी जिससे मन कुछ समय के लिये विचलित होगा लेकिन आज आपकी विवेक शक्ति प्रखर रहने से हर प्रकार की परिस्थितियों का सामना करने का साहस रहेगा।

कन्याः आज के दिन परिस्थितियां बाधा डालने वाली बन रही है आवश्यक कार्यो को टालना ही बेहतर रहेगा। आज किसी ना किसी रूप में धन हानि की संभावना है।

तुलाः आज का दिन आप सुख-शांति से बिताएंगे। कार्य व्यवसाय में कम मेहनत के बाद भी अधिक लाभ होने से आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर बनेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप भागदौड की जिंदगी को छोड़ चैन से समय व्यतीत करना पसंद करेंगे लेकिन आकस्मिक कार्य आने से आपकी यह कामना पूरी नही हो सकेगी।

धनुः आज के दिन आप काम-काज से मन चुरायेंगे। घरेलू कार्य भी आज आपको आफत ही लगेंगे इसकी जगह मौज शौक यात्रा पर्यटन की तरफ ज्यादा आकर्षित होंगे जहां आवश्यकता नही वहां भी खर्च करेंगे।

मकरः आज का दिन आपके लिए कष्ट साध्य रहेगा। आज आप जिस किसी से भी सीधी बात करेंगे उसका उल्टा ही जवाब मिलेगा। परिवार में आज किसी पुराने विवाद को लेकर आपस मे झड़प हो सकती है।

कुंभः आज का दिन लाभदायक रहेगा। प्रातः काल का समय आलस्य में खराब होगा परन्तु इसके बाद कही से प्रसन्नता दायक समाचार मिलेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज आप मध्यान तक कि गतिविधियों से दिन भर का लाभ कमा लेंगे।

मीनः आज आप जो भी कार्य करेंगे वह अपना हो या किसी अन्य का उसमे सफलता अवश्य मिलेगी।

QUIZ TIME

1) माताबेरी पेरा और पचरा, जिन्हें हाल ही में जीआई टैग मिला है, किस राज्य से संबंधित हैं?

2) हाल ही में खबरों में देखे गए होकेसर वेटलैंड का कौन से राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में स्थित है?

3) राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवाड्र्स योजना के लिए नोडल मंत्रालय कौन सा है?

4) 1980 में भारत में कितने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया था?

5) हाल ही में दिवंगत हुए राजगोपाल चिदंबरम किस क्षेत्र से जुड़े थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) त्रिपुरा (2) जम्मू और कश्मीर (3) कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय (4) 6 (5) परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 003

बाएं से दाएं: [illegible]

ऊपर से नीचे: [illegible]



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 002 का हल

न्यूज गैलरी

सिगरेट न देने पर मारपीट, 3 गिरफ्तार

भिलाई। कैरम सेंटर में सिगरेट न देने पर मारपीट शुरू हो गई। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मारपीट के दौरान धारदार नुकीली वस्तु व अन्य सामान भी जब्त किया गया है। छावनी थाना में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मद वसीम ने बताया कि वह मेला-मंडई में परदा बेचने का काम करता है। 7 तारीख को अहमद नगर कैम्प 2 में बड़ी मस्जिद के पास अयाज अहमद सिद्दीकी के कैरम सेंटर में बैठा था। इसी दौरान कुछ युवक वहां आए और उससे सिगरेट मांगने लगे। वसीम ने कहा कि यह उसकी दुकान नहीं है, दुकान वाले से मांग लो। इसी बात पर विवाद शुरू हो गया। आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने साथियों को बुला लिया। सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसका गला दबाया और धारदार नुकीली वस्तु से हमला कर जान से मारने की कोशिश की। मारपीट में वसीम के पीठ, हाथ, पेट, पैर और चेहरे पर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों रफीक, वसीम कुरैशी उर्फ कालू और रज्जा अहमद उर्फ पप्पू को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई धारदार नुकीली वस्तु और एक पानी की बोतल जब्त की गई है।

सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण

जामुल। नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विशेष सफाई अभियान का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ठाकुर ने सफाई सुपरवाईजरों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सफाई कार्य में लापरवाही नहीं चलेगी। सफाई से संबंधित शिकायत मिलने पर तत्काल निराकरण करें। सफाई कार्य की ड्यूटी के दौरान गायब रहने या समय से पहले कार्यस्थल से चले जाने पर वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सुपरवाइजरों को फील्ड में रहकर मॉनिटरिंग करने कहा। वे कभी भी अचानक निरीक्षण कर सकते हैं। नालियों में सफाई के बाद दवाई का छिड़काव कराने कहा। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ठाकुर ने आम जनता से सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक भी लिया। निरीक्षण में सफाई सुपरवाइजर बशीर खान, रमेश मारकण्डे सहित कर्मी मौजूद थे।

बीएसपी के ओर हैंडलिंग प्लांट एवं सिंटर प्लांट्स 3 के मध्य वॉलीबॉल टूर्नामेंट

भिलाई। बीएसपी के ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) और सिंटर प्लांट्स 3 के कर्मचारियों और ठेका कर्मियों के बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक ओएचपी एवं सिंटर प्लांट्स 3 सजीव वर्गीस के मार्गदर्शन में टूर्नामेंट का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ठेका कर्मियों को कार्यस्थल पर संभावित खतरों और जोखिमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सुरक्षा लघु नाटिका का मंचन भी किया गया। नाटिका के माध्यम से असुरक्षित कार्य व्यवहार को रोकने, सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जोखिमों को समाप्त करने के उपायों पर प्रभावी ढंग से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (सिंटर प्लांट्स 3) राहुल बिजुरकर, महाप्रबंधक ओएचपी मनीष सिंह, महाप्रबंधक (ओएचपी) संजय शर्मा, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक मानव संसाधन के सुपर्णा, उप महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट्स 3) विवेक श्रीवास्तव और उप महाप्रबंधक ओएचपी प्रशांत जैन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

भिलाई नगर में विकास कार्यों के लिए 61 लाख रूपए स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 61 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। स्वीकृत राशि से भिलाई नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें शासकीय स्वामी आत्मानंद विद्यालय खुर्सीपार में पेयजल हेतु वाटर कूलर लगाने के लिए 1 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर खुर्सीपार में डोमशेड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए और इसी वार्ड के विभिन्न स्थानों पर सीमेंटीकरण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर में नारद मुनि के घर से बड़े नाले तक नाली निर्माण हेतु 10 लाख रुपए और प्रजापति फैंसी स्टोर से बालाजी टेलर तक सीमेंटीकरण कार्य के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। वार्ड 58 सर्वेश्वर धाम मंदिर के सामने मंच व शेड निर्माण हेतु 9.90 लाख रुपए, वार्ड 41 छावनी इंडस्ट्रियल एरिया के अंतर्गत राजू नगर में डोमशेड सहित मंच निर्माण हेतु 7 लाख और इसी वार्ड में एक अन्य स्थान पर मंच निर्माण कार्य के लिए 3.10 लाख राशि स्वीकृत की गई है।

भिलाई में पीलिया के 23 मरीज मिले, पानी के सैंपल की जांच होगी

भिलाई/नवप्रदेश। सेक्टर-7 इलाके में पीलिया (जॉन्डिस) के 23 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इनमें ज्यादातर 12 से 18 साल तक के बच्चे और किशोर शामिल हैं। छह मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि दो बच्चों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 5 मरीजों में पीलिया की पुष्टि की है और बाकी की जांच जारी है। गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे स्वास्थ्य विभाग को सेक्टर-7 में पीलिया फैलने की सूचना मिली। इसके बाद जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जिला नोडल अधिकारी सीबीएस बंजारे और एपिडेमियोलॉजिस्ट की टीम ने सड़क नंबर 37 ए , 37 बी और 37 सी में घर-घर जाकर सर्वे किया। टीम ने मरीजों और उनके परिजनों से बात कर हालात की जानकारी ली और लोगों को जांच कराने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग की टीम को जांच के दौरान 10 घरों में से 5 घरों में पीलिया के मरीज मिले। इनमें एक मरीज का बिलीरुबिन 11.4 पाया गया, जिसे तुरंत अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इलाके में और भी मरीज हो सकते हैं। लगातार सर्वे किया जा रहा है। क्षेत्र के सभी लोगों के सैंपल लेने के लिए निर्देश दिये गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र में तैनात है और पानी के सैंपल लेकर जांच की जा रही है। जिला नोडल अधिकारी सीबीएस बंजारे ने बताया कि पीलिया गंदे पानी, बाहर का खाना या अस्वच्छ खाने-पीने की वजह से भी हो सकता है। सिर्फ पानी को ही कारण नहीं माना जा सकता। पानी की जांच के लिए सैंपल भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण स्पष्ट होगा।

प्रभावित वार्ड में स्वास्थ्य अमला पहुंचा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी और जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे के मार्गदर्शन में वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर प्रभारी अधिकारी, सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई डॉ. पियाम सिंग व जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट रितिका सोनवानी, सुपरवाइजर विजय सेजुले, बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे व स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता और मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम ने 95 घरों का भ्रमण किया गया जिसमें 4 पीलिया से ग्रसित मरीज मिले। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रकट होते है।

पीलिया के प्रमुख लक्षण भूख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना और कमजोरी और थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ ऊपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना।

क्या करें - तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार हेतु जावे। पीने के पानी को 20 मिनट तक उबालकर ठंडा कर पीयें। 20 लीटर पीने के पानी में एक क्लोरीन गोली पीस कर डालें, और 30 मिनट बाद उपयोग करें। शौच के बादद और भोजन के पहले हाथ साबुन से धोएं। खुली में रखी बासी व सड़ी गली खाद्य सामग्री का सेवन न करें।

पानी उबालकर पिएं। बाहर का खुला खाना न खाएं। बुखार या कमजोरी होने पर तुरंत जांच कराएं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से साफ पानी पीने, पानी उबालकर इस्तेमाल करने और लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल जाने की अपील की है। विभाग का कहना है कि समय रहते सावधानी बरतने पर पीलिया के प्रकोप को रोका जा सकता है।

क्या ना करें - चिकित्सक से परामर्श के बिना हर्बल दवाइयों से बचें। धूम्रपान व शराब के सेवन से बचें। बिना उबाले दूध व पानी का सेवन न करें। फ्लों व सब्जियों के रस से बचें। कच्चे व अधपके मांस मटन, अंडे व मछली का सेवन न करें।

गंदे पानी की सप्लाई के कारण फैली बीमारी

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने पीलिया फैलने के पीछे गंदे पानी की सप्लाई को मुख्य कारण बताया है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के चेयरमैन लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि सेक्टर-7 में पिछले कई सालों से गंदे पानी की सप्लाई की समस्या है। यहां 50 से 60 साल पुरानी पाइपलाइन बिछी है और कई जगह सीवरेज लाइन जाम है, जिससे गंदा पानी पाइपलाइन में मिल जाता है। महिलाओं ने आकर शिकायत की थी कि उनके घरों में बच्चों को पीलिया हो गया है, जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को फोन कर टीम भेजने कहा। लक्ष्मीपति राजू ने बताया कि इलाके में 22 से 23 बच्चे पीलिया से प्रभावित हैं, जिनमें 6 बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं और 2 आईसीयू में हैं। कुछ बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। सेक्टर-7 ही नहीं, सड़क नंबर 37 से लेकर 40 तक गंदे पानी की सप्लाई की समस्या है। इस बारे में कई बार बीएसपी प्रबंधन से शिकायत की जा चुकी है। उन्होंने बीएसपी और एससीएल से जल्द समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि पाइपलाइन बीएसपी की है, इसलिए सुधार का काम बीएसपी को करना होगा। उन्होंने विधायक और प्रशासन से वाटर एटीएम लगाने और पाइपलाइन सुधारने की मांग भी की, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

मैत्री डेंटल कॉलेज में कर्मचारी की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर चक्काजाम

दुर्ग/नवप्रदेश। मैत्री डेंटल कॉलेज में ड्यूटी के दौरान मौत होने पर मुआवजा देने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने राजनांदगांव रोड पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीण 20 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। गुस्साए लोगों ने कॉलेज के गेट को तोडने की कोशिश भी की। शाम को प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों से चर्चा के बाद प्रबंधन ने 3 लाख 51 हजार रुपए मुआवजा देने पर सहमति जताई। इसके अलावा मृतक की पत्नी को पेंशन देने पर भी सहमति बनी। इसके बाद ग्रामीणों का चक्काजाम समाप्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार को दोपहर के समय कॉलेज में ड्यूटी के दौरान रोमनाथ साहू (45 वर्ष) की मौत हो गई। प्रबंधन का कहना है कि हार्ट अटैक आने पर उसे सीपीआर दिया गया। इसके बाद फौरन स्टाफ के वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी हार्ट अटैक से मौत होने की जानकारी दी गई है।

कॉलेज में ड्यूटी के दौरान मौत को लेकर मृतक के परिजन और ग्रामीणों ने प्रबंधन पर इलाज कराने में लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों ने 20 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग करते हुए आज ग्रामीणों ने दुर्ग राजनांदगांव रोड पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि मुआवजा मिलने के बाद ही मृतक का दाह संस्कार किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में प्रबंधन ने मृतक की पत्नी को 3 लाख 51 हजार रुपए के अलावा पीएफव अन्य भुगतान करने पर सहमति जताई।

मृतक की पत्नी को आजीवन पेंशन देने पर भी सहमति जताई। कालेज के डीन ने बताया कि हार्ट अटैक आने पर रोमनाथ को सीपीआर दिया गया। इसके बाद इलाज के लिये स्टाफ की गाड़ी से अस्पताल ले जाया गया।

अफ्रीकी स्वाइन फीवर, मुड़पार इन्फेक्टेड और सर्विलांस जोन घोषित

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड धमधा के अंतर्गत ग्राम मुड़पार में स्थित पीओ जॉय सूकर फार्म में अफ्रीकी सूअर बुखार की जांच के बाद प्रभावित क्षेत्र को इन्फेक्टेड और सर्विलांस जोन घोषित कर दिया है। ग्राम मुड़पार के 1 किलोमीटर की परिधि को इन्फेक्टेड जोन और 1 से 10 किलोमीटर तक का क्षेत्र सर्विलांस जोन होगा। यह आदेश 6 माह या आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। 1 से 10 किलोमीटर की परिधि में नारधा, मोहंदी, ओखरा, चेटूवा, खेरधी, ढौर, रिगंनी, मुरमुदा, कंडरका, सेमरिया, नंदौरी, हिगंनाडीह, गोढी, ढाबा, अछोटी, दादर यू, बोरसी, लिमतरा, मुर्रा, खेदामारा, जामूल और सूरडूंग को इन्फेक्टेड जोन घोषित किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार इन्फेक्टेड जोन से सूकर प्रोडक्ट की आवाजाही पूर्णत प्रतिबंधित रहेगी और सर्विलेंस जोन में सूकर आदि के मार्केट व दुकाने पूर्णतः बंद रखी जाएगी। आपात कालीन स्थिति हेतु जिला कंट्रोल रूम दुर्ग में उपसंचालक डॉ. वसीम शम्स मो. 9406033990 और डॉ. एमसी देशमुख 9407781663 से सम्पर्क कर सकते है।

दो लंगूरों का शिकार, एक आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। वन विभाग और पुलिस प्रशासन दुर्ग की संयुक्त टीम ने वन्यजीव अपराध के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम दनिया (बोरी) धमधा में दो लंगूरों के शिकार के मामले में बड़ी कार्यवाही की है। विभाग ने एयर गन से वन्य प्राणी का शिकार करने वाले मुख्य अभियुक्त अजय पटेल पिता लुमन पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

7 अप्रैल को वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए ग्राम दनिया में दबिश दी थी। अभियुक्त द्वारा दो लंगूरों (सेम्नोपिथेकस एंटेलस) का एयर गन से अवैध शिकार किया गया था। इस गंभीर कृत्य पर त्वरित संज्ञान लेते हुए वन विभाग दुर्ग ने वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया। इस मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस और वन विभाग की टीम ने आरोपी अजय पटेल को आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 21 अप्रैल तक न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वन्य जीवों के विरुद्ध किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रुंगटा पब्लिक स्कूल का 13 वाँ स्थापना दिवस

भिलाई/नवप्रदेश। रुंगटा पब्लिक स्कूल का 13 वाँ स्थापना दिवस बड़े उत्साह, गर्व और उपलब्धि की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा, निदेशक (प्रशासन) डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी और विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। दीप प्रज्ज्वलन के बाद आकर्षक ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों, प्रगति और गौरवपूर्ण यात्रा का सुंदर चित्रण किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रस्तुतियाँ दी। कक्षा बारहवीं के छात्र अथर्व सहगल ने प्रेरणादायक अंग्रेज़ी भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और उच्च आकांक्षाओं को दर्शाया। विद्यालय के कोयर समूह द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत ने सबका मन मोह लिया। कक्षा पाँचवी की छात्रा गौसिया फातिमा ने हृदयस्पर्शी हिंदी कविता प्रस्तुत कर विद्यालय के प्रति प्रेम और गर्व की भावना को अभिव्यक्त किया। प्राचार्या दीप्ति सिंह ने संस्थान के मूल्यों को बनाए रखने और जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि संजय रुंगटा ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय की पत्रिका का विमोचन किया गया। केक कटिंग समारोह ने इस उत्सव को और भी आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

दुर्ग से हुडको कॉलोनी तक अंडरब्रिज की मांग

- **महापौर अलका बाघमार ने डिप्टी सीएम अरुण साव को सौंपा पत्र**

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने डिप्टी मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट कर दुर्ग से हुडको भिलाई जाने के लिए वायशेप फ्लाईओवर के नीचे अंडरब्रिज निर्माण की मांग की है। महापौर ने कहा है कि वर्तमान में फ्लाईओवर के नीचे केवल एक दिशा में ही अंडरब्रिज की सुविधा उपलब्ध है, जिससे यातायात का संतुलन प्रभावित हो रहा है।

दूसरी ओर हुडको कॉलोनी की दिशा में सीधा मार्ग न होने के कारण नागरिकों को लंबा वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता है, जिससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी अनावश्यक खपत हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और यहां दिन-प्रतिदिन वाहनों की संख्या में वृद्धि हो रही है। ऐसे में अधूरी यातायात संरचना के कारण जाम की स्थिति और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है।

महापौर अलका बाघमार ने मंत्री को अवगत कराया कि दुर्ग फ्लाईओवर के नीचे से दुर्ग से हुडको कॉलोनी की ओर भी अंडरब्रिज का निर्माण करने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था भी अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बन सकेगी।

नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव ने सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया है। महापौर अलका बाघमार ने दुर्ग शहर से जुड़े अन्य विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की।

आयुक्त ने गौठान व उद्यान का किया निरीक्षण, व्यवस्था दुरूस्त करने दिए निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के गौठान व उद्यान का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। नगर निगम के आयुक्त द्वारा आज कोसा नगर स्थित गोठान का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने गोठान की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद गौ-वंश के रख-रखाव और चारे-पानी की उपलब्धता की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गोठान की साफ सफाई, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए गौवंश के लिए पर्याप्त पेयजल और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। पशुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने गोवंश को गुड़ खिलाया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौठान में मवेशियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त ने सेक्टर 7 स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उद्यान की साफ सफाई व्यवस्था और सिंचाई प्रणाली को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

कुम्हारी में साहू समाज ने मनाया कर्मा महोत्सव

कुम्हारी/नवप्रदेश। नगर साहू संघ कुम्हारी द्वारा रविवार को नगरीय स्तर पर कर्मा महोत्सव का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के तेलधानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अहिवारा के अध्यक्ष ढालसिंह साहू ने की। विशेष अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मीना वर्मा, परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष मुरारीलाल साव पार्षद उमाकांत साहू, पार्षद अश्वनी देशलहरे पार्षद उमेश्वरी साहु, पार्षद हरिदास वैष्णव और परिक्षेत्र के पदाधिकारी सहित अहिवारा तहसील के पदाधिकारी महादेव साहू, सीएल साहू, बलराम साहू और नीलेश साहू सहित समाज के विशिष्ट पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में आतिशबाजी के बीच समाज के लोगों ने मुख्य अतिथि जितेंद्र साहू का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के ध्वजतोरण के साथ हुआ। आराध्य देवी संत शिरोमणी माँ कर्मा के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा पाठ कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से समाज के युवाओं, महिलाओं को समाज में जुड़कर कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने मां कर्मा के संदेशों को समाज हित व मानव कल्याण को सर्वोपरि बताते हुए समाज को विकास की ओर आगे बढने की बात कही। उन्होंने शासन द्वारा तेल उत्पादन करने की योजना की जानकारी दी। समाज के समस्त पदाधिकारियों ने आत्मीय अभिनंदन कर शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कर्मा सदन परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कर्मा कलश यात्रा को झंडा दिखाकर प्रस्थान किया गया। महोत्सव में समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारियों और मातृशक्तियों का सम्मान किया गया। समाज के होनहार व प्रतिभावान छात्रों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इन बच्चों को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत मे समाज भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक साहू अध्यक्ष के नेतृत्व में टिकेन्द्र साहू, देवानंद साहू, देवेन्द्र साहू, तामेश्वर साहू, दुर्गा साहू, मीना, सोहद्रा, उषा, श्यामा साहू, पद्मा साहू, युवराज साहू व चंदू साहू सहित समाज के बुजुर्गो का योगदान रहा। अशोक साहू ने आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

विकास कार्यों के लिए 40 लाख स्वीकृत

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत पाटन विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 40 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। स्वीकृत राशि से पाटन क्षेत्र के ग्रापं कानाकोट में जैतखाम के पास शेड निर्माण कार्य हेतु 10 लाख और ग्राम पंचायत अमलीडीह के खेल मैदान में अहाता निर्माण कार्य हेतु 18 लाख एवं ग्रापं तरीघाट में तोरण यादव के घर से बाजार चौक तक सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 12 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

पिथौरा में प्रतिबंधित गुटखा और नकली खाद्य पदार्थों का खुला कारोबार, प्रशासन मौन

■ **स्कूलों के आसपास जर्दा गुटखा की बिक्री, बच्चों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा**

पिथौरा/नवप्रदेश। पिथौरा नगर में प्रतिबंधित गुटका एवं अमानक खाद्य पदार्थ की बिक्री कर 'मुनाफाखोरी' जन-स्वास्थ्य पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। व्यावसायिक लाभ की अंधी दौड़ में संलिप्त कुछ लोग प्रतिबंधित गुटखा और दूषित खाद्य सामग्रियों की बिक्री धड़ल्ले से कर रहे हैं। गुणवत्ता विहीन इन वस्तुओं के सेवन से जहां आम नागरिकों की जान जोखिम में है, वहीं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की उदासीनता ने स्थिति को और अधिक बल दिया है।

स्कूलों के इर्द गिर्द खुलेआम बिक रहे जर्दा गुटका सुप्रीम कोर्ट न्यायालय के दिशा-निर्देशों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नियमों को धता बताकर स्कूलों के आसपास प्रतिबंधित गुटखा और मादक पदार्थों की बिक्री खुलेआम की जा रही है। मुनाफाखोरों

ने किशोर एवं छात्रों को अपना मुख्य लक्ष्य बनाया है।

छत्तीसगढ़ में जर्दायुक्त गुटखा और तंबाकू उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत यह प्रतिबंध लागू है। स्वास्थ्य कारणों से इन उत्पादों पर रोक है और उल्लंघन करने पर विभाग द्वारा लगातार छापेमारी व कड़ी कार्रवाई के नियम हैं; लेकिन विभाग जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के बजाय मौन साधे बैठा है। इसी लचर व्यवस्था के कारण युवाओं में इसका गहरा दुष्प्रभाव दिखने लगा है और वे कम उम्र में ही गुटखा खाने के आदी हो रहे हैं। वही खाद्य एवं औषधी विभाग टीम की उदासीनता और मॉनिटरिंग के अभाव के कारण शिक्षा के मंदिरों के पास प्रतिबंधित गुटका का कारोबार फल-फूल रहा है, जो सीधे तौर पर भावी पीढ़ी को नशे की गर्त में धकेल रहा है। यही नहीं, पिथौरा और ग्रामीण अंचलों में अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री बदस्तूर जारी है। नामी कंपनियों के हमशक्ल दिखने वाले नकली चिप्स, कुरकुरे और शीतल पेय पदार्थों के माध्यम से प्रतिदिन लाखों रुपये की अवैध कमाई की जा रही है। अधिक कमीशन के लालच में कुछ दुकानदार 'नियर-एक्सपायरी' और दूषित खाद्य सामग्री बेचने से गुरेज नहीं कर रहे हैं।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल ने बताया की अमानक और दूषित खाद्यों के सेवन से फूड पॉइजनिंग के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। चिकित्सालय में हर दूसरे दिन ऐसे प्रकरण आ रहे हैं। इस पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए।

विश्वसनीय सूत्रों का आरोप है कि यह संपूर्ण अवैध तंत्र विभागीय संरक्षण में संचालित है। खाद्य निरीक्षक शांखनाद भोई, जो लंबे समय से अपने गृह जिले महासमुंद में पदस्थ हैं स्थानीय होने के कारण विक्रेताओं से 'साठगांठ' और तालमेल की खबरें आम हैं, जिसके चलते कार्रवाई केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित है।

न्यूज गैलरी

पंचायत निधि से सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

उतई/नवप्रदेश। ग्राम धनोरा के वार्ड क्रमांक 1 मे 15वें वृत पंचायत निधि से सी.सी रोड निर्माण का भूमिपूजन नारियल तोड़कर किया गया। इस दौरान मुख्यरूप से सरपंच श्री मति रूलेश्वरी चंद्राशेखर बंजारे, वार्ड पंच धनेश्वरी साहू,मनेश कुमार साहू मोती लाल साहू, श्री मति सीमा मधुकर, रामप्यारी ठाकुर, रेखा टंडन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने किया असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन

धमतरी/नवप्रदेश। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष, राज्यसभा में नेताप्रतिपक्ष देश के लोकप्रिय व दलित एवं जननेता श्री मल्लिकार्जुन खरगे जी के विरूद्ध की गई अभद्र और घटिया भाषा पूरी तरह निंदनीय, शर्मनाक और अस्वीकार्य है। उनका अपमान किसी एक व्यक्ति का नही, बल्कि इस देश के एस-एसटी समाज के करोड़ो लोगो का अपमान है। इस लिए जिला युवा कांग्रेस धमतरी के द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमता बिस्वा सरमा का पुतला दहन जिला युवा कांग्रेस धमतरी द्वारा किया गया इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, यु.का. जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोनवानी, प्रदेश प्रवक्ता राकेश मौर्या,प्रदेश सचिव उदित साहू,उपाध्यक्ष गीतराम सिन्हा,प्रवीण साहू,यश राजपूत,आशीष साहू,यश डागा, ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी,योगेश शर्मा, नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन,आशुतोष खरे, सूरज पासवान,वतांजली गोस्वामी,योगेश्वर साहू,अजय सिन्हा,तोगु साहू,लोकेन्द्र सिन्हा,तिलक भारती,कुपेश मार्कण्डेय,मयंक साहू,अमन,टक्कू साहू,अविनाश मरोठे,आशीष शर्मा, विष्णु महावर,अनिल पटवा,गौतम यादव,महेश्वर पटेल,कोमल सूर्यवंशी,देवव्रत यादव,लक्की सगरवंशी,अविनाश ध्रुव राहुल ध्रुव व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अज्ञात वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। खरोरा के सांई मंदिर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि खरोरा निवासी मृतक रामानंद विश्वकर्मा (63) के मर्ग जांच की गई। रामानंद साराडीह मोड़ से बाइक क्रमांक सीजी 06 ए 8534 से अपने घर ग्राम खरोरा आ रहा था । सांई मंदिर के पास अज्ञात वाहन के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए रामानंद विश्वकर्मा की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर आरोपी अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को साल्हेभांठा निवासी शंभू ध्रुव ने बताया कि 06 अप्रैल को वह सामान खरीदने मनोहर दुकान जा रहा था। दोपहर 2 बजे स्कूल के पास मिथलेश एवं शुभम ध्रुव अपने चाचा सुरेश ध्रुव के साथ बहस कर रहे थे, जिन्हें उसने समझाया। इस पर आरोपियों ने उसके साथ गाली- गलौज करते हुए मारपीट की।

सड़क हादसे में युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे -53 में बैंगनडीह मोड़ के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि 7 अप्रैल को केसरपुर थाना बसना निवासी हितेश कुंवर (25) ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केसी 6664 से टोल नाका छुईपाली ड्यूटी पर जा रहा था, इसी दौरान एनएच -53 बैगनडीह मोड़ के पास सामने से आ रही बिना नंबर बजाज डिस्कवर 125 बाइक के चालक ने हितेश की बाइक को टक्कर मार दिया,जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में धारा 106 (1) बीएनएस,184 एमवी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

टिकाऊ खेती अपनाकर महंगे उर्वरकों पर निर्भरता घटाएं : रविन्द्र गिन्नौरे

भाटापारा/नवप्रदेश। रासायनिक उर्वरकों की बढ़ती कीमत और उपलब्धता की चुनौती को देखते हुए किसानों को वैकल्पिक पोषक स्रोत अपनाकर टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना चाहिए। यह बात सिद्ध श्री शीतला पर्यावरण सेवा समिति के अध्यक्ष रविन्द्र गिन्नौरे ने कही। उन्होंने कहा कि गौ-आधारित एवं समन्वित जैविक खेती अपनाकर किसान न केवल खेती की लागत कम कर सकते हैं, बल्कि विषाक्त भोजन, जलवायु परिवर्तन और भूमि-जल प्रदूषण जैसी समस्याओं से भी निपट सकते हैं। गिन्नौरे ने बताया कि रासायनिक खाद के विकल्प के रूप में हरित खाद, नील-हरित शैवाल और जैव उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है, जिससे लगभग 50 प्रतिशत तक रासायनिक उर्वरकों की पूर्ति संभव है। इसके अलावा नाडेप खाद, वर्मी कम्पोस्ट और अन्य जैविक खादों के उपयोग से फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्व (एनपीके) उपलब्ध कराकर उनकी गुणवत्ता बढ़ाई जा सकती है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक खाद और प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग बढ़ाएं। इससे मृदा स्वास्थ्य सुधरेगा, जैव विविधता संरक्षित होगी और फसलें अधिक सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण बनेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि टिकाऊ एवं जैविक खेती ही भविष्य की खेती है।

पीपरछेड़ी सर्किल में इमारती पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई

छुरा/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र परसुली के पीपरछेडी सर्किल के जंगल में अवैध कटाई सप्लाई करने के लिए वन कर्मियों एंव वन माफियाओं का गिरोह सक्रिय है , लकड़ी तस्करों ने खुलेआम जंगलों पर कब्जा जमा लिया है। कभी घने और हरे-भरे रहने वाले ये जंगल अब तेजी से उजड़ते जा रहे हैं, लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी इस ओर ध्यान देने की बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।



कई गांवों के जंगलों में फैला नेटवर्क

परसुली के जंगलों में भी यही हालात हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध कटाई का यह नेटवर्क पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है और लगातार जंगलों को नुकसान पहुंचा रहा है।

एक साल में हरियाली से बंजर तक का सफर

ग्रामीणों के मुताबिक पिछले एक वर्ष में जंगलों की स्थिति में भारी गिरावट आई है। जो क्षेत्र कभी घने जंगलों के लिए पहचाने जाते थे, वे अब उजाड़ और मरुस्थल जैसे नजर आने लगे हैं। इससे पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

> स्टाप को भेजकर पता करवाता हूं।
> **शिवप्रसाद ध्रुव,** वन परिक्षेत्र अधिकारी परसुली

दिनदहाड़े कट रहे इमारती पेड़

ग्रामीणों के अनुसार परसुली जंगल में बड़े-बड़े ईमारती पेड़ों को डीजल आरी मशीन से काटा जा रहा है। माफिया अब रात के अंधेरे का इंतजार भी नहीं करते, बल्कि दिनदहाड़े बेखौफ होकर कटाई कर रहे हैं। जंगल के भीतर पगडंडी रास्तों से लकड़ी की तस्करी का काम लगातार जारी है।

मुख्य मार्ग तक सीमित अधिकारी, अंदर माफियाओं का राज : स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेंजर शिवप्रसाद ध्रुव और डिप्टी रेंजर केवल मुख्य सड़कों तक ही निरीक्षण करते हैं। लक्जरी वाहनों से जंगल का दौरा कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, लेकिन अंदरूनी क्षेत्रों में जाने की कोई कोशिश नहीं की जाती। इसका फायदा उठाकर वन माफिया जंगल के भीतर बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं।

जंगल खत्म होने की कगार पर, जिम्मेदार कौन? : लगातार हो रही अवैध कटाई से परसुली सहित आसपास के जंगल खत्म होने की कगार पर हैं। यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह पूरा क्षेत्र बंजर हो सकता है।

मिलीभगत के आरोप

स्थानीय लोगों ने वन विभाग के कुछ कर्मचारियों पर अवैध कटाई में मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अतिरिक्त कमाई के लालच में माफियाओं को खुली छूट दी जा रही है, जिसके चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

महासमुंद में 1600 हेक्टेयर में हरी खाद के उत्पादन का लक्ष्य

महासमुंद/नवप्रदेश। कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को हरी खाद के अधिकतम उपयोग एवं इसके उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विभाग ने चालू सीजन के लिए 1600 हेक्टेयर में हरी खाद उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उप संचालक कृषि एफआर. कश्यप ने बताया कि हरी खाद ऐसी फसलें होती हैं, जिन्हें विशेष रूप से मिट्टी की उर्वरता एवं संरचना को बेहतर बनाने के लिए उगाया जाता है। इन फसलों को तैयार होने के बाद सीधे खेत में पलटकर या खाद के रूप में उपयोग कर मिट्टी में मिलाया जाता है।

उन्होंने बताया कि हरी खाद के लिए सन, ढैंचा, लोबिया, उड़द, मूंग और ग्वार जैसी दलहनी फसलें उपयुक्त होती हैं। इन फसलों की वृद्धि तेजी से होती है और कम समय में अधिक हरी जैविक सामग्री उपलब्ध हो जाती है। साथ ही इनकी उर्वरक एवं पानी की आवश्यकता भी कम होती है, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर परिणाम मिलते हैं।

कश्यप ने जानकारी दी कि बोआई के 35 से 40 दिनों के भीतर, फूल आने से पहले इन फसलों को खेत में पलटने पर प्रति हेक्टेयर 50 से 60 किलोग्राम नाइट्रोजन की आपूर्ति होती है, जो मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

हरी खाद के उपयोग से मिट्टी भुरभुरी बनती है, वायु संचार बेहतर होता है और जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है।

भाजपा मंडल कोपरा ने सहसपुर में चलाया जनसंपर्क अभियान

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल कोपरा के ग्राम सहसपुर में गांव चलो बस्ती चलो कार्यक्रम संपन्न हुआ गांव के प्रबुद्ध जन एवं सरपंच उप सरपंच एवं भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया और लाभार्थियों से संपर्क किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तारिणी सेन उपाध्यक्ष नगर पंचायत कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव महिला मोर्चा के जिला महामंत्री श्रीमती भारती साहू युवा मोर्चा के प्रदेश प्रचार प्रसार प्रभारी दीपक साहू कृष्ण सेन लोकेश साहू सरपंच लता ध्रुव विद्या साहू डायमंड साहू लाल साहू संतोष साहू नरसू धारू व आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।

महासमुंद में 4.432 किलो गांजा के साथ ड्रग पैडलर गिरफ्तार

■ **बाइक व मोबाइल सहित 2.60 लाख की संपत्ति जब्त**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं सरायपाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक ड्रग पैडलर को 4.432 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 2.60 लाख रुपये आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 8 अप्रैल 2026 को

मुखबिर से सूचना मिली थी कि सरायपाली निवासी एक युवक लाल रंग की मोटरसाइकिल से गांजा लेकर बिक्री के लिए सागरपाली-भंवरपुर मार्ग की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम केन्दुढार स्थित कबीर आश्रम के पास मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की।

कुछ ही देर बाद बताए गए हुलिए का युवक बाइक क्रमांक ओआर 17 सी 1146 से आता दिखा, जिसे रोककर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम दुर्गाप्रसाद वैष्णव (26 वर्ष) निवासी बस्ती सरायपाली, वार्ड क्रमांक 14 बताया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास मौजूद पिट्ठू बैग से दो अलग-अलग पैकेट में गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर एक पैकेट में 1.800 किलो और दूसरे में 2.632 किलो गांजा पाया गया। कुल मिलाकर 4.432 किलो गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से गांजा के अलावा एक मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 10,000 रुपये) और एक मोबाइल फोन (कीमत लगभग 5,000 रुपये) भी जब्त किया है। कुल जब्त संपत्ति की कीमत 2.60 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट की धारा 20 (ख) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

गांव-गांव पहुंच रही कांग्रेस, जनसमर्थन में इजाफा

■ **बीजेपी को बड़ा झटका, कार्यकर्ता थाम रहे कांग्रेस का दामन**

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा और पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश साहू के उपस्थित में मिशन गाँव चलो अभियान के तहत संगठन को निचले स्तर तक और अधिक मजबूत करने के लिए वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी पंचायत कमेटी के

गठन की प्रक्रिया जारी है।

ज्ञात हो कि जिले में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे श्मिशन गांव चलो अभियानश् का असर अब साफतौर पर नजर आने लगा है। इस अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं की सक्रियता और ग्रामीणों से सीधा संवाद पार्टी के पक्ष में माहौल बना रहा है। परिणामस्वरूप बीजेपी के कई कार्यकर्ता पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम रहे हैंएजिससे स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

मिशन गांव चलो अभियानश् के तहत कांग्रेस के जिलाएब्लॉक और मंडल स्तर के पदाधिकारी लगातार गांवों का दौरा कर रहे हैं, जिसमे आज राजिम विधानसभा अंतर्गत बेलर मंडल के ग्राम पंचायत देवगांव में बुथ एवं पंचायत कमेटी का गठन समस्त कांग्रेस जनों की उपस्थिति में किया गया वही बीजेपी से महेश साहू, द्वारका साहू, गोविंद साहू, सोनू ध्रुव,गोपेश साहू, बुधराम साहू, को पार्टी गमछा पहनकर कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण कराया।

इस दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का भरोसा दिलाया जा रहा है। किसानोंएयुवाओं और महिलाओं के बीच कांग्रेस की योजनाओं और नीतियों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा रही है। इसी कड़ी में कई स्थानों पर आयोजित बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान बीजेपी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

श्रवण भोई भाजपा किसान मोर्चा खरोरा के मंडल महामंत्री नियुक्त

खरोरा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर जी जिला अध्यक्ष श्री परदेसी राम साहू जी धरसीवां विधानसभा के लोकप्रिय विधायक श्री अनुज शर्मा जी भाजपा रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री श्याम नारंग जी खरोरा भाजपा मंडल के अध्यक्ष श्रीमती सोना वर्मा जी एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठों की सर्व सहमति से खरोरा मंडल भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री श्री श्रवण भोई को नियुक्त किया

गया है श्रवण भोई भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐसा छोटा कार्य करता है जिसने पार्टी के लिए समर्पित रूप से कार्य किया है चाहे वह लोकसभा चुनाव हो चाहे विधानसभा चुनाव हो या नगर पंचायत की चुनाव हो वह पिछले 25 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी के लिए तन मन से अपनी सेवा दे रहे हैं और सभी के संपर्कों में रह रहे हैं ।

मीडिया में खुलासे के बाद जांच तेज, एक खदान वैध, दूसरी अवैध

राजपुर में अवैध खनन, जांच करने अधिकारियों की टीम पहुंची

धमधा/नवप्रदेश। धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में पत्थर खनन को लेकर सामने आए बड़े अनियमितताओं के मामले में अब प्रशासन हरकत में आ गया है। क्षेत्र में पत्थर की प्रचुर उपलब्धता का फायदा उठाते हुए लंबे समय से अवैध खनन, बिना लीज संचालन और अवैध भंडारण का संगठित खेल चलने की आशंका जताई जा रही थी, जिससे जिला प्रशासन दुर्ग और खनिज विभाग को भारी राजस्व नुकसान होने की बात सामने आई।

स्थानीय स्तर पर लगातार आरोप लगते रहे हैं कि कई खदानों का संचालन बिना वैध लीज के किया जा रहा है, जबकि कुछ संचालक कागज़ों में लीज होने का

दावा करते हैं। जमीनी स्थिति को लेकर भ्रम बना हुआ था, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि कौन सी खदान वैध है और कौन अवैध।

स्थिति को और संदिग्ध तब माना गया जब कुछ स्थानों पर मछली पालन (फिशरी) के नाम पर लीज होने की बात सामने आई, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार वहां पत्थर उत्खनन जैसी गतिविधियां भी संचालित हो रही थीं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी और मामले की सच्चाई जांच पर निर्भर थी।

खनन कार्य में नियमों की अनदेखी के भी गंभीर आरोप हैं। खनिज विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार गौण खनिजों के उत्खनन की सामान्य गहराई सीमा लगभग 6 मीटर निर्धारित है, तथा इससे अधिक गहराई के लिए विशेष अनुमति आवश्यक होती है। साथ ही ढलान, सुरक्षा और पर्यावरणीय मानकों का पालन अनिवार्य है। इसके बावजूद कई स्थानों पर निर्धारित सीमा से अधिक गहराई तक खनन किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से यह गतिविधियां जारी हैं, लेकिन खनिज विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

छत्तीसगढ़ में खदान संचालन के नियम

बिना वैध लीज खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। पर्यावरणीय स्वीकृति लेना और निर्धारित रॉयल्टी शासन को जमा करना अनिवार्य होता है। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, लीज निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद राजपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर पत्थरों का अवैध भंडारण किए जाने की जानकारी मिली है, जिन्हें बाद में बाजार में बेचा जाता है। इससे शासन को बड़े पैमाने पर राजस्व नुकसान होने की आशंका है।

मीडिया में खबर आते ही प्रशासन सक्रिय, मौके पर जांच : मामले के मीडिया में आने के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया। मौके पर निरीक्षण के लिए नायब तहसीलदार योगेश राजपूत एवं संबंधित हल्का पटवारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान दो ऐसे स्थल चिन्हित किए गए, जहां पत्थर खनन का कार्य किया जा रहा था। इनमें से एक स्थल के संबंध में लीज होने की जानकारी सामने आई है। खदान संचालक से संबंधित दस्तावेज मंगाए गए हैं, जिनकी जांच के बाद स्थल का विधिवत माप-जोख किया जाएगा।

कलेक्टर ने खाद-बीज दुकानों में दी दबिश, किसानों से लिया फीडबैक

■ कलेक्टर ने दुकानदारों से कहा- तय कीमत पर ही बेचें खाद, अनियमितता पर होगी कड़ी कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में गन्ने की खेती के लिए किसानों द्वारा खाद की खरीदी जोरों पर है। इसी क्रम में खाद विक्रय का निरीक्षण करने कलेक्टर गोपाल वर्मा ने गुरुवार शाम कवर्धा के विभिन्न खाद बीज दुकानों में अचानक दबिश दी। उन्होंने दुकानों में खाद खरीदने पहुंचे हुए किसानों से ही सीधे खाद की कीमतों को लेकर फीडबैक लिया। कलेक्टर ने शहर के वर्धमान बीज भंडार, महावीर कृषि केंद्र, शाकम्बरी कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने उपलब्ध स्टॉक, खाद के विक्रय दरों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा तय कीमतों में ही खाद बेचा जाए। कहीं अधिक दर या कालाबाजारी की शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर वर्मा ने इन दुकानों में खरीदी कर रहे किसानों से यूरिया व डीएपी की कीमतों के बारे में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित कीमत यूरिया 266 प्रति बोरी और डीएपी 1350 रुपए प्रति बोरी के दर से मिल रहा है। कलेक्टर ने दुकानदारों से कहा

कि खाद की कीमतों और उपलब्ध स्टॉक का बोर्ड लगाएं। उन्होंने स्टॉक को रोजाना अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उप संचालक कृषि को पूरे जिले भर में यह जांच अभियान चलाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं चलेगा। सरकार द्वारा जो कीमतें तय की गई हैं, उसी दर पर बिक्री हो। जहां भी ओवरप्राइसिंग की शिकायत मिले वहां तत्काल टीम भेजकर कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन, उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी सहित कृषि विभाग का अमला मौजूद रहा।

पिपरिया में मिला एक्सपायर्ड कीटनाशक स्टॉक

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर आर बी देवांगन और उप संचालक कृषि ने संयुक्त जांच दल के साथ पिपरिया में खाद बीज दुकान का निरीक्षण किया गया। यहां रामानुज संतोष कुमार कृषि निवेश विपणन केंद्र में जांच के दौरान कीटनाशक की कुछ बोतलें एक्सपायर्ड मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सारे स्टॉक की जांच करवाई गई। जो दवा एक्सपायर्ड थी उसे कृषि अमले द्वारा जप्त करते हुए सम्बंधित दुकानदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही हिदायत दी गई कि नियमित रूप से स्टॉक मिलान कर एक्सपायर्ड दवाएं तत्काल दुकान से हटाएं।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी. के. तुर्रे, जिला नोडल अधिकारी डॉ. केशव धुर्वे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम खुर्सीपार एवं ग्राम सुकुवापारा में स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर में आधुनिक पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से कुल 124 मरीजों की जांच की गई, जिसमें 46 पुरुष एवं 78 महिलाएं शामिल रहीं। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को बड़ी राहत मिली तथा उन्हें समय पर स्वास्थ्य जांच का लाभ प्राप्त हुआ। शिविर के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा मरीजों का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यक उपचार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के शशिकांत शर्मा, भूपेंद्र भास्कर, सेक्टर सुपरवाइजर शोभाराम निषाद, आरएचओ नीतीश कुमार साहू, आरएचओएफ प्रियंकेश मानिकपुरी, कोऑर्डिनेटर तिजऊ साहू सहित संबंधित क्षेत्र के मितानिन दीदियों की सक्रिय सहभागिता रही। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत द्वारा शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा शिविर की गुणवत्ता एवं सेवाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

जिला पंचायत कार्यालय भवन का भूमिपूजन आज

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के पिपरिया मे निर्माणाधीन जिला कार्यालय परिसर मे 3 करोड़ 14 लाख रू की लागत से बनने वाले नवनिर्मित जिला पंचायत कार्यालय भवन का भूमिपूजन आज शुक्रवार को सांसद संतोष पांडे के मुख्य आतिथ्य मे होगा । भूमिपूजन कार्यक्रम मे विधायक यशोदा वर्मा, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल,जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह,जनपदअध्यक्ष डा राजेश्री त्रिपाठी,पालिकाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, पुष्पा प्रकाश वर्मा, जिपं सभापतिगण दिनेश वर्मा, हेमलता मंडावी, भुनेश्वरी जंघेल, ललित चोपड़ा, जमुना कुर्रे, अरूणा सिंह, निर्मला वर्मा, शताक्षी सिंह, जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू, डा बिशेसर साहू, राजू जंघेल, घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, खम्हन ताम्रकार भी विशेष अतिथि के रूप मे मौजूद रहेगें ।

लखोली में दो स्थानों पर रेत-गिट्टी का ढेर, 3 हजार रूपये जुर्माना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासन निर्देश के अनुक्रम में प्लास्टिक मुक्त नगर की परिकल्पना को साकार करने प्लास्टिक का उपयोग प्रतिबंधित किये जाने तथा सडक में बिल्डिंग मटेरियल व मलमा रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम निरीक्षण कर कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज निगम का स्वास्थ्य अमला ने लखोली वार्ड नं. 32 राहुल नगर सरेखीन तालाब के पास एवं वार्ड नं. 33 जैतखंब चौक में रेत, गिट्टी बिल्डिंग मटेरियल रखने पर संबंधित से 3 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

माता भानेश्वरी जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन माता भानेश्वरी जन्मोत्सव को इस वर्ष भव्य रूप से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में दुर्ग संभाग स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी शामिल होंगे और आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी।प्रदेश साहू संघ रायपुर के पत्र क्रमांक 244, दिनांक 05 अप्रैल 2026 के संदर्भ में, दुर्ग संभाग स्तर पर माता भानेश्वरी जन्मोत्सव को संगठित एवं सफल बनाने हेतु यह बैठक बुलाई गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आयोजन की विस्तृत योजना तैयार करना, जिम्मेदारियों का वितरण करना तथा विभिन्न तहसीलों एवं परिक्षेत्रों के बीच समन्वय स्थापित करना है। जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने कहा कि 10 अप्रैल 2026 समय दोपहर 12 बजे स्थान जिला साहू सदन जिला अस्पताल के पास बसंतपुर में आहूत की जायेगी।

तीन माह से बंद पड़े आवर्धन योजना को शुरू करने जलाशय से छोड़ा पानी

शहर में गहराया जलसंकट, अफसरों को याद आई आवर्धन योजना

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर मे बढ़ते जलसंकट के बीच तीन माह से लापरवाही के चलते बंद पड़े जल आवर्धन योजना का प्लांट अब जलसंसाधन विभाग से पानी मिलने के बाद फिर से शुरू हो सकेगा । शहर के गंजीपारा मे 32 करोड़ रू से अधिक की लागत से बनाए गए जलआवर्धन योजना का जल शोधन संयंत्र पानी आपूर्ति नही होने के कारण पिछले तीन माह से बंद पड़ा था । पिछले साल अक्टूबर मे इसे निर्माण कंपनी ने नगरपालिका को हैंडओवर कर दिया है । लेकिन उसके बाद पालिका प्रशासन ने इसे चलाने मे कोई रूचि नही दिखाई । नवनिर्मित जल शोधन संयंत्र को रानी रश्मिदेवी जलाशय से नियमित पानी की आपूर्ति होनी है । ताकि संयंत्र नियमित चलता रहे और पूरे शहर मे इससे ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके । लेकिन हैंडओवर लेते ही

पालिका अधिकारी इसका संचालन करना भूल गए । शहर के वार्डो मे आज भी बोर से ही सीधे सप्लाई हो रही है ।
लेकिन गर्मी के चलते जल स्तर गिरने से आधा दर्जन वार्डो मे पेयजल आपूर्ति की दिक्कत और

20 लाख लीटर की जरूरत, 25 लाख लीटर क्षमता

गंजीपारा मे जल आवर्धन योजना के तहत बनाए गए जलसंयंत्र मे एक बार मे 25 लाख लीटर पानी को शुद्ध करने की क्षमता है । शहर मे लगभग 10 पानी टंकियों से वार्डो मे पेयजल आपूर्ति होती है । इसमे लगभग 20 लाख लीटर पानी एक बार मे लगता है । संयंत्र की पर्याप्त क्षमता के बाद भी संयंत्र को नियमित पानी आपूर्ति नही होने से संयंत्र ठप्प पड़ा है । इससे पहले निर्माण कंपनी द्वारा लगभग साल भर संयंत्र को सूचारू रूप से चलाकर पेयजल आपूर्ति की गई । लेकिन पालिका के हाथो मे आते ही संयंत्र ठप्प हो गया और स्टाप डेम मे पानी नही होने से पूरा सूख गया । हालंकि योजना के तहत पालिका और जल संसाधन विभाग के बीच हुए करार के तहत लालपूर स्टापडेम मे नियमित पानी की आपूर्ति जलाशय से की जानी है ताकि शहर मे पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे । लेकिन पालिका प्रशासन की लापरवाही पेयजल आपूर्ति मे भारी पड़ रही है

> पालिका द्वारा मांग किए जाने के बाद रानी रश्मिदेवी जलाशय से लालपूर स्टापडेम के लिए 48 क्यूसेक पानी रिलीज कर दिया गया है । एक दो दिन मे स्टापडेम लबालब हो जाएगा।
> – केतन साहू सहायक अभियंता जलसंसाधन विभाग छुईखदान
>
> **पुनीत वर्मा सीएमओ नगरपालिका खैरागढ़**

NSUI के 55वें स्थापना दिवस पर बालोद में किया ध्वजारोहण

छात्र हित और संगठन मजबूती पर जोर

बालोद /नवप्रदेश।। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर बालोद जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद आयोजित विचार-संगोष्ठी में छात्र हित, संगठन की भूमिका और कांग्रेस विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की गई। ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत-कार्यक्रम की शुरुआत हस्द्ध का ध्वजारोहण कर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इतिहास और भूमिका पर प्रकाश-जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष श्री चंद्रेश हिरवानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि 9 अप्रैल 1971 को स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा केरल एवं पश्चिम बंगाल के छात्र परिषदों को एकीकृत कर राष्ट्रीय स्तर पर हस्द्ध का गठन किया गया और इसे कांग्रेस के फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन का दर्जा दिया गया।

उन्होंने कहा कि तब से लेकर आज तक हस्द्ध ने स्कूलों और कॉलेजों में छात्र हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और संगठन से जुड़े कई पदाधिकारी आज प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे हैं। युवाओं में जोश भरने का आह्वान-बालोद के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री विकास चोपड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हस्द्ध से जुड़कर कांग्रेस की विचारधारा को आत्मसात करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हस्द्ध कांग्रेस की नींव है और छात्र उस नींव के मजबूत पत्थर हैं, इसलिए संगठन में निरंतर कार्य करते रहना चाहिए।

बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद-इस अवसर पर बालोद शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, गुंडरदेही ब्लॉक अध्यक्ष कचरु साहू, जिला कांग्रेस महामंत्री भोजराज साहू, जनपद सदस्य आसिफ गहलोत,एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गर्रापार मे सरपंच ने बांट दी सरकारी जमीन

■ शिकायत के बाद धारा 40 के तहत होगी बर्खास्तगी की कार्यवाही

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासकीय भूमि को बिना किसी स्वीकृति और प्रशासन की जानकारी के बिना आबंटन करना गर्रापार पंचायत सरपंच को भारी पड़ गया है । शिकायत के बाद एसडीएम कार्यालय मे गर्रापार सरपंच अनुपम दास के खिलाफएसडीएम न्यायालय मे धारा 40 के तहत कार्यवाही शुरू कर दी गई है । मामला खैरागढ़ ब्लाक के गर्रापार पंचायत का है । गांव के मनराखन पटेल सहित अन्य ग्रामीणो ने एसडीएम को शिकायत सौंपकर सरपंच अनुपम दास द्वारा शासकीय भूमि को गांव के ही

रोहित पिता बंशी को आबंटित कर दिया गया है । शिकायत के बाद पंचायत राज अधिनियम के उल्लघंन और राजस्व अधिकारियो की जांच मे मामले सरपंच दास द्वारा शासकीय छोटे झाड़ के जंगल एवं घास मद की भूमि का आबंटन रोहित पटेल को किया गया है । सरपंच द्वारा अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर नियम विरूद्ध भूमि आबंटित किए जाने पर पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही शुरू की गई है । बताया गया कि सरपंच ने राजस्व विभाग से अनुमति लेने की बजाय पंचायत स्तर पर ही प्रस्ताव कर जमीन का आबंटन कर दिया। एसडीएम ने जांच के बाद पंचायत प्रस्ताव को भी निरस्त कर दिया है । अब सरपंच अनुपम दास के खिलाफ धारा 40 के तहत पद से बर्खास्तगी की कार्यवाही होगी ।

उम्र छुपाकर बना पंच, एसडीएम ने किया बर्खास्त

दूसरे मामले मे ब्लाक के पेन्ड्रीकला पंचायत मे पंच के लिए निर्धारित उम्र सीमा से कम होने के बाद भी उम्र छुपा कर पंच चुनाव लडक़र पंच बने वार्ड चार के पंच बने मनोहर साहू को जांच उपरांत पंच पद से बर्खास्त कर दिया है।

55वें स्थापना दिवस पर पनेका आश्रम में एनएसयूआई का सेवा कार्यक्रम

■ छात्रों को कॉपी-पेन वितरण कर दिया शिक्षा का संदेश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 9अप्रैल भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के 55वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर छात्र संगठन द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनएसयूआई के युवा नेता हर्षिल भेलावे एंव निर्मल द्विवेदी के नेतृत्व में शासकीय अनुसूचित जाति बालक आश्रम,पनेका में अध्ययनरत छात्रों को कॉपी एवं पेन का वितरण

किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई में सहयोग प्रदान करना एवं शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाना रहा। इस दौरान उपस्थित एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

इस पहल के माध्यम से संगठन द्वारा यह संदेश दिया गया कि शिक्षा ही समाज को सशक्त बनाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। हस्द्ध हमेशा से छात्रों एवं युवाओं के हित में कार्य करती आई है और भविष्य में भी इसी प्रकार सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में अंशल श्रीवास्तव, विकास राजपूत, निखिल पाल, पियूष साहू, सोमिल जैन, अभि गुप्ता, हर्ष राजपूत,यश वर्मा,सोमिल सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संपत्ति कर के मुद्दे पर निगम घेरेगी कांग्रेस

■ नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले जुटा रहे नागरिकों का भी समर्थन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भाजपा शासित नगर निगम में संपत्ति कर में भारी वृद्धि को लेकर कर दाता भड़के हुए हैं इस वृद्धि के विरोध में विपक्ष कांग्रेस भी खड़ी हो गई है संपत्ति कर में वृद्धि वापस लेने की मांग को लेकर 13 अप्रैल समय 11:00 दिन सोमवार को कांग्रेस नगर निगम कार्यालय का घेराव करेगी इस तैयारी में नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले अपने पार्षदों को साथ लेकर नागरिकों का भी समर्थन जुटा रहे हैं। इस आंदोलन की खबर लगते ही निगम प्रशासन सिविल और पुलिस प्रशासन के कान खड़े हो गए हैंनगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बढ़ोतरी को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम बताया है। संपत्ति कर वृद्धि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

'ऑपरेशन मुस्कान-तलाश' की गहन समीक्षा, गुमशुदा बच्चों की तलाश तेज करने एसपी ने दिए सख्त निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। जिले में गुमशुदा बच्चों और व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी को लेकर पुलिस प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के तहत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिले में दर्ज गुमशुदगी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गुमशुदा बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी

प्राथमिकता होनी चाहिए और लंबित मामलों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि जरूरत पड़ने पर साइबर सेल की तकनीकी सहायता लेकर गुम व्यक्तियों का पता लगाया जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर मामलों में तेजी लाई जाए, ताकि हर गुमशुदा व्यक्ति को जल्द सुरक्षित वापस लाया जा सके।

सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए कि वे हर गुमशुदगी प्रकरण में गंभीरता, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग और फॉलोअप बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।

एसपी योगेश कुमार पटेल ने स्पष्ट कहा कि इन अभियानों के तहत अधिक से अधिक गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जाए, ताकि परिजनों को राहत मिल सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में एएसपी मोनिका ठाकुर, माया शर्मा, रेवती वर्मा सहित जिले के सभी थाना प्रभारी एवं साइबर सेल प्रभारी उपस्थित रहे। कुल मिलाकर, बालोद पुलिस अब गुमशुदा मामलों को लेकर पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है।

कलेक्टर से शिकायत, गैरजिम्मेदाराना रवैये पर कार्रवाई की मांग

सीएमओ के बयान पर बवाल, जिला अस्पताल की बदहाली उजागर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के संयुक्त तत्वावधान में आज कलेक्टर राजनांदगांव को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ विस्तृत शिकायत सौंपी गई। शिकायत में ष्टरूह्र द्वारा सोशल मीडिया पर की गई देर रात की कथित गैरजिम्मेदाराना एवं असंवेदनशील टिप्पणी को गंभीर बताया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया

कि पूर्व में जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी एवं अव्यवस्थाओं को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस गंभीर मुद्दे पर संज्ञान लेने के बजाय ष्टरूह्र द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व पार्षद को स्वयं अस्पताल जाकर डॉक्टर खोजने की सलाह देना प्रशासनिक संवेदनहीनता को दर्शाता है।

मामले के बाद युवा नेताओं द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति बेहद चिंताजनक पाई गई। अस्पताल में टीबी विशेषज्ञ सहित कई महत्वपूर्ण विभागों में डॉक्टरों की भारी कमी है। स्वीकृत सेटअप के अनुरूप स्टाफ उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है।

कवर्धा में पिस्टल दिखाकर वसूले 50 हजार, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में पिस्टल दिखा कर वसूली करने का मामला निकल कर सामने आया घटना के बाद से लोग सहमे हुए है । घटना की जानकारी पीड़ित में थाने की और आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है । दरअसल लाइसेंसी पिस्टल दिखाकर धमकी देकर अवैध वसूली करने वाले एक आरोपी को कबीरधाम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्या है पूरा मामला-प्रार्थी पिताम्बर गुप्ता,



निवासी ग्राम धिरहा, थाना कवर्धा ने 8 अप्रैल 2026 को थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि 2 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे आरोपी सचिन चड्ढा उसकी किराना दुकान में पहुंचा।

वार्डवासियों के विरोध के बाद उचित मूल्य दुकान निलंबित, संचालन दूसरे समूह को सौंपा

■ **कलेक्टर के आदेश पर कार्रवाई, हितग्राहियों की सुविधा के लिए अस्थायी व्यवस्था लागू**

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के राशन दुकानों में 1 से 7 अप्रैल तक चावल उत्सव मनाया गया। तो दूसरी ओर महीनों राशन दुकान बंद रहने से नयापारा वार्ड नंबर 4 के पार्षद राहुल आंवडे सहित गरीब परिवारों ने दुकान के सामने धरना पर बैठ गया। इसकी भनक लगते ही कलेक्टर (खाद्य शाखा) द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मोहल्लेवासियों के विरोध के बाद किया गया।

वार्ड नंबर 4 के पार्षद राहुल आंवडे की अगुवाई में नयापारा के अनेक हितग्राही राशन दुकान के सामने धरना में बैठ गया। पार्षद और हितग्राहियों का कहना था कि राशन दुकान नियमित नही खुलने से कई

महीनों तक राशन नही मिलता। दूसरे वार्ड के राशन दुकान जाओ तो पहले स्थानीय वार्डवासियों को राशन देने के बाद ही हमें मिलता है। क ई महीने से शक्कर ही नही मिला पाया है। कामकाज छोड़कर राशन दुकान के चक्कर लगाना पड़ता है। इसके चलते सभी परेशान हैं। वही धरना में बैठ होने की जानकारी मिलते ही खाद्य निरीक्षक को धरना स्थल भेजा गया। यहां पार्षद राहुल आंवडे के साथ मोहल्ला वासियों ने लिखित शिकायत दी। इसके बाद कलेक्टर द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई। जारी आदेश में बताया गया है कि उत्कल महिला बचत एवं साख समिति, महासमुंद द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान (आईडी 581001017) के संचालन में अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही संबंधित दुकान के स्थान एवं संचालन व्यवस्था को लेकर भी आपत्तियां सामने आईं। इसके मद्देनजर पूर्व में जारी आवंटन प्राधिकरण पत्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जांच के दौरान यह भी पाया गया कि संबंधित दुकान का संचालन नियमानुसार नहीं हो रहा था, जिससे हितग्राहियों को असुविधा हो रही थी। इस पर खाद्य निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने उक्त कार्रवाई की। हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए निलंबित दुकान (आईडी 581001017) को अस्थायी रूप से शासकीय उचित मूल्य दुकान (आईडी 581001002) जय मां शीतला खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित, महासमुंद से संबद्ध किया गया है।

औषधीय खेती से बदली गांवों की तकदीर, 2.8 करोड़ पौधों ने लिखी समृद्धि की नई कहानी

■ **छत्तीसगढ़ में वन विभाग और औषधि पादप बोर्ड की पहल से किसानों को मिला नया रोजगार, कम लागत में बढ़ी आमदनी**

नगरी/धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में औषधीय पौधों की खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का एक प्रभावी

माध्यम बनकर उभर रही है। कम लागत और अधिक मुनाफे के कारण अब किसान पारंपरिक खेती से हटकर औषधीय फसलों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। वन विभाग द्वारा किसानों को नि:शुल्क पौधों का वितरण किया जा रहा है, वहीं घरों की बाड़ी और शहरी क्षेत्रों में हर्बल गार्डन विकसित करने के लिए भी पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही वन क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर रोपण किया गया है, जिससे हरियाली और जैव विविधता को बढ़ावा मिल रहा है।

वन विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की पहल से इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2025-26 में राज्य की 11 नर्सरियों के माध्यम से 9 प्रकार के औषधीय पौधों के लगभग 2.8 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

इन पौधों में वच, ब्राह्मी, सतावर, गुंजा, अनंतमूल, मंडूकपर्णी, स्टीविया, कुलंजन और सर्पगंधा जैसे महत्वपूर्ण औषधीय पौधे शामिल हैं, जिनका उपयोग स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने में भी हो रहा है। पौधों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उच्च्च गुणवत्ता वाले बीज और मदर प्लांट का उपयोग किया गया है, जिससे इनकी जीवित रहने की क्षमता अधिक बनी हुई है।

सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीणों के लिए यह एक स्थायी आजीविका का माध्यम बनता जा रहा है।

20-25 दिन पुरानी लाश, हत्या की आशंका

कुएं में बोरी में मिला युवक का शव: सिर-कंधे पर चोट के निशान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के लभराखुर्द ग्राम पंचायत में एक कुएं से बोरी में भरा एक युवक का शव बरामद हुआ है। यह कुआं यश पोल्ट्री फॉर्म के पास स्थित है। शव को सुनियोजित तरीके से छिपाया गया था, लेकिन तेज दुर्गंध और कुएं में पानी कम होने के कारण मामला सामने आया।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह गांव का एक व्यक्ति बकरी चराते हुए लिफ्ट एरिगेशन कुएं के पास पहुंचा। पानी कम होने पर उसे कुएं में एक बोरी दिखाई दी और तेज दुर्गंध महसूस हुई। उसने तत्काल कोटवार को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस को खबर दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने रस्सी की मदद से बोरी को कुएं से बाहर निकाला। बोरी खोलने पर अंदर एक युवक का शव मिला, जिसकी उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष आंकी जा रही है।

जांच में खुलासा हुआ है कि शव को अत्यंत सुनियोजित तरीके से ठिकाने लगाया गया था। मृतक के पैरों को मोड़कर उसे दो अलग-अलग बोरियों में भरा गया था। इन बोरियों में बड़े पत्थर, बोल्डर और मुरूम भरे गए थे, ताकि शव पानी में डूबा रहे और सतह पर न आ सके। बोरियों को महिला की साड़ी के टुकड़ों से कसकर बांधा गया था। पुलिस को आशंका है कि आरोपियों ने हत्या के बाद शव को छिपाने की पूरी योजना बनाई थी।

फॉरेंसिक जांच के अनुसार, शव लगभग 20 से 25 दिन पुराना है। पानी में डूबे रहने के कारण शरीर का अधिकांश हिस्सा अधिक सड़ा नहीं है, लेकिन सिर का हिस्सा पूरी तरह गल चुका है। इस कारण मृतक की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। शव के सिर और कंधे के पीछे गहरे चोट के निशान पाए गए हैं, जो हत्या की ओर स्पष्ट संकेत देते हैं। पुलिस एक से अधिक लोगों के हत्या में शामिल होने की आशंका जता रही है और मामले की आगे की जांच जारी है। शव के साथ पुलिस को खून से सनी शर्ट और महिलाओं द्वारा उपयोग किया जाने वाला लेगिस (लेगिंग) भी मिला है। इसके अलावा मृतक की टी-शर्ट की जेब से 100 और 200 रुपए के नोट तथा एक गुलेल भी बरामद हुआ है। महिला के कपड़ों की मौजूदगी से मामले में किसी महिला की भूमिका या कनेक्शन की भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। वहीं, पूरे जिले के थानों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, ताकि शव को यहां तक लाने वालों की पहचान की जा सके।

पुलिस और फॉरेंसिक टीम का मानना है कि इस हत्याकांड में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। जिस तरह से शव को बोरी में भरकर पत्थरों के साथ कुएं में फेंका गया।

नगर पालिका में राजस्व वसूली में रिकॉर्ड वृद्धि

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अपील का असर

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद, भाटापारा ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन और नागरिकों के अटूट विश्वास के फ्लस्वरूप, इस वर्ष शहर के राजस्व में ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

परिषद द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल मांग 707.67 लाख रुपये के विरुद्ध केवल 313.20 लाख रुपये की वसूली हो पाई थी, जो कुल मांग का मात्र 44.26त्न था। वहीं अश्वनी शर्मा के अध्यक्ष बनने के बाद वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में विशेष कार्ययोजना और जन-जागरूकता के माध्यम से मांग बढ़कर 847.84 लाख रुपये तक पहुंची। इसके विरुद्ध नगर पालिका ने 568.70 लाख रुपये की रिकॉर्ड वसूली सुनिश्चित की है, जो कि 67.08त्न है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 23त्न की शानदार वृद्धि को दर्शाता है।

अध्यक्ष ने नगरवासियों के प्रति जताया आभार

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों और जागरूक करदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, फ्रभाटापारा की जनता ने यह साबित कर दिया है कि वे शहर के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। कर के रूप में प्राप्त होने वाली यह राशि सीधे तौर पर शहर की बुनियादी सुविधाओं, जैसे उन्नत सड़कों, स्वच्छ पेयजल, बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और आधुनिक प्रकाश व्यवस्था पर खर्च की जा रही है। वही अध्यक्ष श्री शर्मा ने उन नागरिकों और हितग्राहियों से भी विनम्र अपील की है जिन्होंने अब तक अपना टैक्स जमा नहीं किया है।

कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने पैथोलॉजी में विभिन्न टेस्ट की संख्या कम होने पर आवश्यक उपकरण और केमिकल की व्यवस्था कर संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आईपीडी, ओपीडी, प्रसूति (जच्चा-बच्चा) वार्ड सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। भर्ती मरीजों से पूछ -ताछ की और आवश्यक किट भी प्रदान किये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नेत्र विभाग में भर्ती मरीजों से स्वयं संवाद कर फीडबैक लिया। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला मरीज के सुनने में समस्या होने पर उन्होंने तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों से योजना के सम्बन्ध में पूछ ताछ की। इसके साथ ही उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं से संवाद भी किया और उनके उचित देखभाल व परामर्श हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

डोंगरडुला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी - सेवा ही संगठन- गांव/बस्ती चलो अभियान के तहत आज नगरी मंडल के अंतर्गत शक्तिकेंद्र डोंगरडुला में पहुँच कर प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी की केन्द्रीय

योजनाओं - प्रधानमंत्री आवास व उज्जवल गैस योजना व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी राज्य सरकार के महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात कर उनका श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया व सभी को भाजपा ध्वज भेंट किया गया। कार्यक्रम में शक्तिकेंद्र प्रभारी रामगोपाल साहू, मुख्य वक्ता में जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू रहे, सह प्रभारी राजेंद्र साहू, बूथ अध्यक्ष पेमन साहू, बूथ अध्यक्ष लच्छू राम नेताम, प्रताप साहू, अनराज साहू, श्याम लाल साहू, गोविन्द तिवारी, मन्नू प्रजापति, लखन साहू, मोहित साहू, रघुबर साहू, हिमाचल साहू, गजेन्द्र साहू, कुमारी बाई सेन, समिता साहू, देवकी साहू, उषा साहू, चंद्रिका ध्रुव, चमेली साहू के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

मिशन गांव चलो अभियान के तहत पंचायत व बूथ कमेटियों का गठन आज

सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के चार ग्रामों में कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं को दिए जाएंगे संगठन मजबूती के निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे मिशन गांव चलो अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम स्तर पर संगठन को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार पहल की जा रही है।

इसी क्रम में शुक्रवार को सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पंचायत एवं बूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव तथा सरायपाली विधायक चातुरी नंद शामिल होंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम बलौदा में दोपहर 12 बजे, अमेलडीह में 12:30 बजे, खोखेपुर में 01 बजे तथा सिरबोड़ा में 01:30 बजे कमेटियों का गठन किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान दोनों जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। साथ ही जमीनी स्तर पर पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

जिला कांग्रेस कमेटी ने सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और संगठन सृजन अभियान को मजबूती प्रदान करें।

पेज 1 का शेष...

ईरान यूरेनियम पर फंसा...

से गोलीबारी शुरू होगी, जो पहले से ज्यादा बड़ी, ताकतवर और विनाशकारी होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि इसकी संभावना बेहद कम है, लेकिन अमेरिका पूरी तरह तैयार है।

इजराइली मंत्री बोले- ईरान के साथ सीजफायर एक गलती है

इजराइल के मंत्री अमीचाई चिकली ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम करना गलती है। ऐसे देशों के खिलाफ सख्ती जरूरी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह युद्धविराम ज्यादा दिन चलेगा या नहीं, इसकी संभावना सिर्फ 50% है। उन्होंने ईरान की तुलना जापानी साम्राज्य और नाजी जर्मनी से करते हुए कहा कि ऐसे देशों को पूरी तरह हराना जरूरी होता है।

91 प्रतिशत पीएलएफ के...

कंपनी का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने एक और उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के वार्षिक मूल्यांकन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन का समग्र प्रदर्शन भी अच्छा रहा है जिसमें 33 संस्थाओं में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी तीसरा स्थान हासिल कर टॉप तीन की श्रेणी में शुमार है। श्री एसके कटियार ने पॉवर जनरेशन कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को देश के ऊर्जा उत्पादन पटल पर और अधिक सशक्त पहचान मिली है। हम आगे भी अपना सर्वोत्तम प्रस्तुति देते रहेंगे और कंपनी के प्रगति में नित प्रयासरत रहेंगे।

ओडिशा से मुंबई ले जा...

जिसमें 312 किलो गांजा बरामद किया गया।

1.56 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध खेप

जप्त गांजे की कुल कीमत 1,56,34,500 रुपये आंकी गई है, जो हाल के दिनों में पकड़ी गई सबसे बड़ी खेपों में से एक मानी जा रही है। इस कार्रवाई से तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

दो परिवहनकर्ता और तीन खरीदार गिरफ्तार

पुलिस ने तस्करी में शामिल दो परिवहनकर्ताओं को मौके से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तीन खरीदारों के नाम सामने आए, जिन्हें बाद में गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी ओडिशा से मुंबई महाराष्ट्र के लिए नशीले पदार्थ की सप्लाई कर रहे थे।

सबरीमाला केस: सरकार...

की 9 जजों की बेंच धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की बुधवार को लगातार तीसरे दिन सुनवाई कर रही है। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है।

जस्टिस नागरत्ना बोलीं- रोक से समाज बंट जाएगा, हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं

अगर मंदिरों में प्रवेश को लेकर यह कहा जाए कि सिर्फ एक खास समुदाय ही अंदर आ सकता है। तो यह हिंदू धर्म के लिए सही नहीं होगा। उन्होंने देवरु केस का उदाहरण दिया जहां सिर्फ गौड़ सारस्वत ब्राह्मण को ही मंदिर में आने दिया जाता था। हर व्यक्ति को मंदिर और मठ में जाने का अधिकार होना चाहिए। अगर हर समुदाय अपना-अपना अलग मंदिर बनाकर दूसरों को रोकेगा, तो समाज में दूरी बढ़ेगी। यानी कि धर्म के नाम पर भेदभाव ठीक नहीं है इससे एकता कमजोर होगी। जस्टिस कुमार: अगर ऐसा होने दिया गया तो समाज बंट जाएगा।

अनुच्छेद 26 राज्य का नहीं बल्कि एक धार्मिक अधिकार है

एआई शिक्षा से छत्तीसगढ़ ...

के रूप में की जा रही है, जिसका विस्तार भविष्य में पूरे राज्य में होगा।

व्यावहारिक कार्यशालाएं: प्रारंभिक चरण में 200 शिक्षकों के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित होंगी, जिनमें गूगल टूल्स का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा।

लक्ष्य और विजन: यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है, जिससे शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थियों में नए युग के कौशल विकसित होंगे।

5 नए मेडिकल कॉलेज...

मेडिकल कॉलेजों में 1430 एमबीबीएस सीटें उपलब्ध हैं, जो बढ़कर 1680 हो जाएंगी। साथ ही मेडिकल कॉलेजों की कुल संख्या 10 से बढ़कर 15 हो जाएगी।

निर्माण और भर्ती प्रक्रिया जारी: इन मेडिकल कॉलेजों के भवन निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। साथ ही सीजीपीएससी के माध्यम से 125 असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती की जा रही है, ताकि कॉलेजों में योग्य फैकल्टी उपलब्ध हो सके।

नर्सिंग कॉलेज भी होंगे शुरू

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि 5 नए मेडिकल कॉलेजों के साथ ही राज्य में 12 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज भी जल्द शुरू किए जाएंगे।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंजना सिंह पति श्री कमलेश सिंह, निवासी-एल.आई.जी.-2/1004, हा.बो. कुरूद भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. II/1004, कुरूद भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 04.03.2009 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 05.02.2018 के अनुसार, उक्त भूखण्ड बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 27.02.2026 को श्रीमती मोहनी दलाई पति श्री मुरली दलाई के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती मोहनी दलाई के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु' आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती मोहनी दलाई के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 07.04.2026 को जारी किया गया।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

नाम-परिवर्तन

मैं पी कोकिला राव (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) पति पी संमुख राव निवासी-ब्लॉक नबर-02/ए स्ट्रीट नंबर-20 सेक्टर-04, भिलाई-1, भिलाई नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में अपना /अपनी स्वयं का नाम पी कोकिला राव (P Kokila Rao) पति पी. संमुख राव (P Sanmukh Rao) (पुराना नाम) से बदलकर पिचकोल्लू कोकिला राव (Pichkollu Kokila Rao) पति पिचकोल्लू संमुख राव (Pichkollu Sanmukh Rao) निवासी ब्लॉक नबर-02/ए स्ट्रीट नंबर-20 सेक्टर-04, भिलाई-1, भिलाई नगर जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
कोकिला राव
पति पी संमुख राव
निवासी-ब्लॉक नबर-02/ए स्ट्रीट नंबर-20 सेक्टर-04, भिलाई-1, भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700011
/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती समीना बेगम पिता स्व. मो. मंसूर आलम निवासी सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा - कचान्दुर प.ह.नं. 17, रा.नि.म. दुर्ग-01 स्थित भूमि खसरा नंबर 819/12, रकबा - 0.025 हे. भूमि आवेदिका की माता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. नजमा बेगम पिता मो. मंसूर आलम का स्वर्गवास दिनांक 05/10/2019 को एवं उनके पिता का निधन दिनांक 14/04/2021 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं एक वारित जो की बड़े पुत्र है जिनका भी निधन दिनांक 07/10/2025 को हो चुका है उनके स्थान पर उनके थी विविध वारिसनों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र. 202526430105900
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लुकेश्वर पिता स्व. परसराम निवासी मालूद तह. व जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि उनके पिता परसराम के नाम पर ग्राम नगपुरा प.ह.नं. तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1238/1, 1238/8 रकबा 0.2700, 0.0700 हे. भूमि एकल खाता/ शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार/सहखातेदार परसराम पिता गेंदलाल की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 20.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखि में आपत्ति/आक्षेप पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शिवानंद नंद पिता गुणानिधि नंद आयु 52 वर्ष निवासी एस/ 2/डी-65, सेक्टर 3, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर तह.व जिला रायपुर (छ.ग.) वर्तमान पता-द्वारा जयपाल साहू पता क्वा.न. 117/1 पुराना पुलिस लाईन वार्ड-36 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ राज्य में अपने नाबालिग पुत्री अवनि नंद पिता एस.एन.नंद (पुराना नाम) से बदल कर अवनि नंद (AVANI NAND) पिता शिवानंद नंद (SHIV-ANAND NAND) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
शिवानंद नंद पिता गुणानिधि नंद
निवासी एस/ 2/डी-65, सेक्टर 3, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं परस राम वर्मा सुपुत्र देवराज वर्मा, आयु 39 वर्ष निवासी ग्राम अकोली तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) एतद् द्वारा में पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं :- मैं ग्राम अकोली तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरी पुत्री किसिका आ. परस राम वर्मा की जन्मतिथि- 21/01/2015 है, मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम कीसिका (KRISHIKA) दर्ज कर दिया गया है, जो कि गलत है। मैं अपने नाबालिक पुत्री के नाम क्रीसिका (KRISHIKA) से बदलकर उसके नाम किसिका (KISIKA) (नया नाम) करवाना चाहता हूं। मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मुझे मेरी नाबालिक पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है। मैं यह शपथपत्र अपने पुरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
परस राम वर्मा
सुपुत्र देवराज वर्मा,
निवासी ग्राम अकोली
तह. धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता कविता दीवान पति श्री आत्मा राम दीवान, उम्र 46 वर्ष, निवासी-म.नं. 868, वार्ड 11, गली न.03, सरस्वती विद्यापीठ स्कुल के पास, शंकर नगर दुर्ग तह.व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि :- यह कि, मैं उपरोक्त दर्शित पते पर निवास करती हूं। मेरा विवाह श्री आत्माराम दीवान के साथ हुआ है, विवाह के पश्चात के दस्तावेजों में मेरा नाम कविता दीवान (KAVITA DEEWAN) पति श्री आत्मा राम दीवान दर्ज हो गया है जबकि मेरे शालेय अभिलेखों में मेरा नाम सविता पिता मनोहर दर्ज है। सविता दीवान (SAVITA DEE-WAN) पति श्री आत्मा राम दीवान एवं कविता दीवान (KAVITA DEEWAN) पति श्री आत्मा राम दीवान दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही है। यह कि, मैं अपने भविष्य के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय अशासकीय अभिलेखों में अपना नाम सविता दीवान (SAVITA DEEWAN) पति श्री आत्मा राम दीवान के स्थान पर कविता दीवान (KAVITA DEEWAN) पति श्री आत्मा राम दीवान करवाना चाहती हूं। जिसके लिए मैं छत्तीसगढ़ राजपत्र मे प्रकाशन कराना चाहती हूं। यह शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष अपने नाम परिवर्तन की सत्यता के समर्थन मे प्रस्तुत करती हूं।

शपथकर्ता
कविता दीवान
पति आत्माराम दीवान,
निवासी-म.नं. 868, वार्ड 11, गली न.03, सरस्वती विद्यापीठ स्कुल के पास, शंकर नगर दुर्ग
तह.व जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202603100900032
/अ-21/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण रवेली प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक आशीष योना पिता स्व. श्री ओंकार योना जाति गोड़ निवासी मकान नं.194/1 कॉस स्ट्रीट 3 मैत्री कुंज वार्ड नं. 63 रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम रवेली तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 195/3 रकबा 0.6400 हे. भूमि का बच्चों की शिक्षा जीवन-यापन अन्य पारिवारिक आवश्यकताओं हेतु रूपये की आवश्यकता होने के कारण भूमि विकय किये जाने अनुमति बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त।

अतः आवेदक आशीष योना पिता स्व. श्री ओंकार योना जाति गोड़ निवासी मकान नं. 194/1 कॉस स्ट्रीट 3 मैत्री कुंज वार्ड नं. 63 रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार भूमि विकय किं कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 13.04.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.03.2026 को जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

डोंगरगढ़ रेलवे में मेडिकल शिविर का 100 से अधिक लाभार्थियों ने उठाया लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा 8 अप्रैल को रेलवे इंस्टिट्यूट, डोंगरगढ़ में मेडिकल सह शिकायत शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना रहा।

शिविर के दौरान कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार भी आयोजित किए गए, जिनमें I-GOT कर्मयोगी साधना सप्ताह, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन

उत्पीड़न (POSH) अधिनियम 2013, HRMS के SHINE मॉड्यूल तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अवधारणा शामिल रही। चिकित्सा शिविर में कुल 104 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 76 रेलवे कर्मचारी एवं 28 आश्रित शामिल रहे। शिविर में स्वास्थ्य जांच के दौरान 4 उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के नए मामले तथा 3 मधुमेह (डायबिटीज) के नए मामले चिन्हित किए गए। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा कुल 22 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त 6 लाभार्थियों को HPV टीकाकरण भी किया गया। शिविर में मुख्य रूप से डॉ. आर. किशोर कुमार (मुख्य चिकित्सा अधीक्षक), डॉ. अभिषेक खांडेकर (CMP/DGG), डॉ. ए.पी. सावंत (बाल रोग विशेषज्ञ, स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई) एवं डॉ. मोनिदीपा साहा (स्त्री रोग विशेषज्ञ, स्पर्श हॉस्पिटल भिलाई) द्वारा चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही राजेश प्रसाद (सहायक कार्मिक अधिकारी) सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों – नरेंद्र सिंह राठौर (फार्मासिस्ट), एम. सुधाकर राव, देवेंद्र कुमार शाखरे (मुख्य कल्याण निरीक्षक) एवं वेंकट सत्यनारायण (कार्मिक विभाग) की उपस्थिति रही।

रक्सौल-गोंदिया के मध्य साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल से गाड़ी संख्या 08867/08868 (गोंदिया-रक्सौल-गोंदिया) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 10-10 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। विवरण इस प्रकार है :-गाड़ी संख्या 08867 (गोंदिया-रक्सौल) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोंदिया से (प्रातः 06:30) बजे प्रस्थान कर डोंगरगढ़ (07:30/07:32), राजनांदगांव (07:58/08:00), दुर्ग (08:35/08:40), रायपुर (09:30/09:35), भाटापारा (10:25/10:27), बिलासपुर (11:40/11:50), चांपा (12:45/12:47), रायगढ़ (13:45/13:47), झारसुगुड़ा (15:30/15:35), राउरकेला (17:15/17:25), रांची (20:45/20:55), बोकारो स्टील सिटी (23:40/23:45), चंद्रपुरा जंक्शन (00:20/00:25), धनबाद जंक्शन (02:10/02:15), चितरंजन (04:14/04:16), मधुपुर जंक्शन (04:53/04:55), जसीडीह (05:25/05:27), झाझा (07:10/07:15), किऊल जंक्शन (07:56/07:58), बरौनी जंक्शन (10:40/10:50), समस्तीपुर जंक्शन (12:20/12:25), दरभंगा जंक्शन (13:25/13:30), एवं सीतामढ़ी जंक्शन (14:55/15:00) होते हुए 17:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी। ठीक इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 08868 (रक्सौल-गोंदिया) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 26 अप्रैल 2026 से 28 जून तक प्रत्येक रविवार को चलेगी।

न्यूज गैलरी

खनिजों के अवैध परिवहन पर वाहन जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशानुसार एंव उप संचालक के मार्गदर्शन मे जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उतखनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 4, 5 व 7 अप्रैल को खनिज अमला बिलासपुर द्वारा रतखंडी व धुमा, मानिकपुर लावर व राजपुर केकती क्षेत्र की जाँच की गयी। जाँच के दौरान रतखंडी क्षेत्र अंतर्गत अरपा नदी क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध उतखनन व परिवहन करते 10 ट्रैक्टर ट्राली वाहनों को जप्त किया गया। धुमा मानिकपुर क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन व परिवहन करते 01 पोकलेन मशीन व 04 हाइवा वाहनों को जप्त किया गया है। लावर क्षेत्र से खनिज रेत का परिवहन करते 01 हाइवा जप्त किया गया है। राजपुर केकती क्षेत्र से खनिज मिट्टी का अवैध उतखनन करते 01 जे सी बी व 04 ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। बुतेना क्षेत्र से मुरुम का अवैध उतखनन करते 01 जे सी बी वाहन को जप्त किया गया है।इस प्रकार जप्त कुल 22 वाहनों को पुलिस चौकी बेलगहना तथा खनिज जाँच चौकी लावर की अभिरक्षा मे रखा गया है।

जल संरक्षण में युवाओं की भागीदारी पर जोर

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले की समस्त 486 ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'मोर गांव मोर पानी' एवं 'मोर तरिया' अभियान के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान 'नवा तरिया-आय के जरिया' थीम के अंतर्गत नए तालाब (तरिया) निर्माण हेतु संभावित स्थलों का चिन्हांकन प्लॉट एवं जीआईएस टूल के माध्यम से किए जाने की जानकारी दी गई तथा प्रस्तावित कार्यों के लिए कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को 90 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। हितग्राहियों को योजना अंतर्गत प्राप्त होने वाली राशि की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

मंत्री तोखन असम से लौटने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से की भेंट

बिलासपुर/नवप्रदेश। असम विधानसभा चुनाव अभियान से लौटकर आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा विद्युत मंत्री मनोहर लाल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर श्री साहू ने असम में संपन्न चुनाव प्रचार अभियान की विस्तृत जानकारी साझा की।

केरोसीन डालकर पत्नी को जिंदा जलाया, तड़पते देखता रहा, पति की उम्रकैद सजा बरकरार

मरने से पहले का बयान अपने आप में दोषसिद्धि का ठोस आधार है: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के पांडातराई में चरित्र पर शक के चलते पति ने पत्नी पर केरोसीन डालकर उसे जिंदा जला दिया। आग से जलती हुई महिला ने तालाब में कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं बच सकी। पति उसे जलते हुए देखता रहा। अब हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने मामले में हत्या के दोषी पति की अपील खारिज कर दी है।

डिवीजन बेंच ने उम्रकैद के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि, मरने से पहले का बयान अपने आप में दोषसिद्धि का ठोस आधार है, क्योंकि मरते हुए व्यक्ति के होठों पर सत्य निवास करता है। दरअसल, पांडातराई निवासी आरोपी संतोष उर्फ गोलू श्रीवास्तव ने 18 नवंबर 2019 को पत्नी लता श्रीवास्तव पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह पत्नी के चरित्र पर शक करता था। इसके चलते दोनों पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। इसी विवाद की वजह से उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। फिर पत्नी के ऊपर मिट्?टी तेल डालकर उसे आग के हवाले कर दिया।

तालाब में कूदकर जान बचाने की कोशिश

इस दौरान बुरी तरह झुलसी लता ने घर के पास स्थित तालाब में कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश की। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में उसने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने उसने अपने पति के खिलाफ बयान दर्ज कराया। उसने बताया कि, पति ने उसके ऊपर मिट्टी तेल डालकर आग लगाई है। इस बीच करीब 21 दिनों तक चले इलाज के बाद 9 दिसंबर 2019 को 'सेप्टिक शॉक' के कारण उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच और महिला के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर आरोपी पति संतोष श्रीवास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर, गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने तय समय पर ट्रायल कोट के समक्ष आरोप पत्र पेश किया, तब ट्रॉयल के दौरान पति को हत्या का दोषी पाया गया।

ट्रॉयल कोर्ट ने दी उम्रकैद, हाईकोर्ट में की अपील

पुलिस ने जांच और महिला के बयान के आधार पर आरोपी पति संतोष श्रीवास के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने चार्जशीट पेश किया, तब ट्रॉयल के दौरान पति को हत्या का दोषी पाया गया। जिस पर निचली अदालत ने पति को उम्रकैद की सजा सुनाई। इस फैसले के खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने आरोपी की दलीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि, मौत से पहले दिया गया बयान विश्वसनीय है, तो बिना किसी अन्य गवाह के भी सजा दी जा सकती है। डॉक्टर ने भी पुष्टि की थी कि बयान देते समय पीड़िता मानसिक रूप से फिट थी। इसके अलावा पड़ोसियों सावित्री बाई और सुशीला बाई ने पीड़िता को जलती हुई हालत में घर से बाहर निकलते और तालाब में कूदते देखा था।

पति ने नहीं की बचाने की कोशिश

घटना स्थल से मिले जले हुए कपड़ों और आरोपी की टी-शर्ट पर मिट्टी के तेल के अंश पाए गए थे। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि, जब पत्नी आग की लपटों में घिरी तालाब में तड़प रही थी, तब आरोपी पति बाहर खड़े होकर तमाशा देख रहा था। उसने उसे बचाने की कोई कोशिश नहीं की।

कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को दिया बयान

जिंदगी और मौत के बीच झूल रही लता काअस्पताल में इलाज चल रहा था, उसकी स्थिति को देखते हुए मृत्यु पूर्व बयान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को भेजा गया। मजिस्ट्रेट के सामने लता ने अपने बताया, पति ने उसके ऊपर कैरोसिन डालकर आग लगा दी थी।

बाइक सवार वनकर्मी डिवाइडर से टकराया, मौके पर ही मौत

रतनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के रैनपुर (खुटाघाट) के पास देर रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में फॉरेस्ट विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान अमरनाथ पटेल 38 वर्ष पिता जनकु राम पटेल, निवासी हरदी बाजार (कोरबा) के रूप में हुई है, जो फॉरेस्ट विभाग के गुरसिया में पदस्थ थे।

मिली जानकारी के अनुसार अमरनाथ पटेल अपने एक साथी के साथ शासकीय कार्य से बिलासपुर गए हुए थे। देर रात काम खत्म होने के बाद दोनों बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रैनपुर के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में सड़क के डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे के समय अमरनाथ पटेल ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई।

नाम-परिवर्तन

मैं आर्यन नंद (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/ शिवानंद नंद निवासी एस/2/डी-65, सेक्टर 3 प्रोफेसर कालोनी, रायपुर तह.व जिला रायपुर (छ.ग.) वर्तमान पता-द्वारा जयपाल साहू पता क्वा.न. 117/1 पुराना पुलिस लाईन वार्ड-36 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में अपना नाम पिता का नाम (S.N.NAND) (पुराना नाम) से बदलकर आर्यन नंद (ARYAN NAND) पिता शिवानंद नंद (SHIV-ANAND NAND) निवासी-एस/2/डी-65, से0-3, प्रोफेसर कालोनी, रायपुर तह.व जिला रायपुर छ.ग. (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
आर्यन नंद
सुपुत्र/सुपुत्री शिवानंद नंद
निवासी एस/2/डी-65, सेक्टर 3
प्रोफेसर कालोनी, रायपुर
तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ ई.पंजी./202604082200006/अ 20(1) वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **दुखनी बाई पति राजेश सिंह राजपूत** साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित **शीट क्र.- 15ए** भू-खण्ड क्र. **172** क्षेत्रफल **75.00** व.मी. जो नजूल जांच पंजी वर्ष 1974-75 में धारक **ईश्वर सिंह पिता भगवान सिंह व कुमारी बाई आ. भगवान सिंह साकिन कवर्धा** के नाम पर दर्ज है। मूल धारकों की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदिका द्वारा उक्त भू-खण्ड में से **37.00** व.मी. को दानपत्र के आधार पर अपने नाम पर निर्धारण कर नजूल अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव **निर्धारण** के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में **दिनांक 16/4/2026** तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज **दिनांक 2/4/2026** को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक - 2/4/2026
पेशी दिनांक - 16/4/2026

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क. /अ-6/ वर्ष 2025-26
ग्राम- पटपर प.ह.नं. 39

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मदनलाल गुप्ता पिता स्व. श्यामलाल गुप्ता अन्य 09 सभी निवासी ग्राम पटपर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. के द्वारा ग्राम पटपर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित परिवर्तित शीट क्रमांक 01 भूखण्ड क्रमांक 60, 69 क्षेत्रफल क्रमशः 260.00, 2138.00 वर्गमीटर परिवर्तित भूमि संयुक्त खातेदार श्यामलाल, भोला प्रसाद, शांतिबाई, किशोरीलाल लक्ष्मीनारायण पिता सुकदेव प्रसाद बानी गुप्ता के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार श्यामलाल पिता सुखदेव प्रसाद की मृत्यु हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान गोपाल प्रसाद (मृत), मदनलाल, सुशीला, उमा है। गोपाल प्रसाद कि मृत्यु हो गई है जिसके विधिक वारिसान राहुल, रोहिल, कंचन है। इसी प्रकार खातेदार भोलाप्रसाद कि मृत्यु दिनांक हो चुका है जिसके विधिक वारिसान ओमप्रकाश, जयप्रकाश, वेदप्रकाश व उर्मिला गुप्ता है। उक्त भूमि पर मृत खातेदारों का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय मेंटनेंस खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 20/04/2026 को सुबह 11 बजे सुनवाई नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 20/04/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त /दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार भाटापारा

केनरा बैंक Canara Bank — भिलाई, जी.ई. रोड शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
1) श्रीमती सुनीता सोनी पति स्व. श्री महेंद्र सोनी, पुत्री. श्री राजू मेरिया. 2) श्री सुनील मेरिया पुत्र श्री राजू मेरिया, दोनों का पताः मकान नं.17/837 नहर पारा, सुभाष नगर, रायपुर, छतीसगढ़- 492001	शीर्षक धारक का नाम- श्रीमती सुनीता सोनी पति स्व. श्री महेंद्र सोनी, पुत्री. श्री राजू मेरिया, खसरा नं. 295/178, प.ह.नं. 61, अक्षरी मौजा- मठपुरैना, वार्ड नं. 52 (चंद्रशेखर आजाद वार्ड), रा.नि.मं.- रायपुर -1, तहसील व जिला- रायपुर, छतीसगढ़- 492001, क्षेत्रफल- 800 वर्ग फुट में स्थित आवासीय मकान। चौहद्दीः उत्तर- मिश्राजी का मकान, दक्षिण- कविता का मकान, पूर्व- सड़क, पश्चिम- इंदरचंद की भूमि।	HOUSING FINANCE ₹ 26,20,000.00 27/03/2026 से कुल देय धनराशि ₹ 25,89,903.58 एनपीए तिथि 24/03/2026

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर केनरा बैंक, भिलाई, जी.ई. रोड शाखा (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 09.04.2026 स्थानः भिलाई (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

केनरा बैंक Canara Bank — रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.)

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण	प्रकार / सीमा / बकाया ऋण
ऋणी- मैसर्स जय जगन्नाथ प्रोप. श्री त्रिवेन्द्र सिंह के माध्यम से, राश्मी नर्सरी डिपरापारा, इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के पास, आरडीए रोड, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001 एवं इंदल सिंह, मकान नं. जी-13 तीसरी बटालियन, सांकरा, पाटन, अमलेसर दुर्ग-छत्तीसगढ़-491111 जमानतदार एवं बंधककर्ता- श्री वेदराम मनहरे पुत्र स्व. बद्रीनाथ मनहरे, खपरीखी खुर्द, भाटापारा, वार्ड नं. 04, पोस्ट- भैंसहा 93/बी, रायपुर, छत्तीसगढ़-493225	शीर्षक धारक का नामः श्री वेदराम मनहरे पुत्र बद्रीनाथ मनहरे, खसरा नं. 292/2, 295/1, 295/2, 295/4, 295/10, 296/1, 299/1, 299/3 एवं 323/5, प.ह.नं. 24, सीएसईबी सब स्टेशन के पास, रा.नि.मं.- खरोरा, ग्राम- मानपुर, तहसील- तिल्दा, जिला- रायपुर छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 4,45,733.00 वर्गफीट पर स्थित फ्रीहोल्ड औद्योगिक ग्रामीण रिक्त भूमि का साम्यिक बंधक। चौहद्दीः उत्तर- सतीश जैन/भुनेश्वर वर्मा/जगदीश साहू की भूमि, दक्षिण- अश्वनी/राम/सुंदर/अमरचंद की भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- अन्य की भूमि।	MSME-OD/OCC ₹ 9,00,000.00 18/02/2026 से कुल देय धनराशि ₹ 9,28,02,139.49 एनपीए तिथि 17/02/2026

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर केनरा बैंक, रायपुर मुख्य शाखा (छ.ग.) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिज़र्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 09.04.2026 स्थानः रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700010 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती समीना बेगम पिता स्व. मो. मंसूर आलम निवासी अशरफी रोड, फरीद नगर सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मौजा कचान्दुर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. दुर्ग-01 स्थित भूमि खसरा नंबर 131/10, रकबा 0.0220 हे0 भूमि आवेदिका की माता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार स्व. नजमा बेगम पिता- मो0 मंसूर आलम का स्वर्गवास दिनांक 05/10/2019 को एवं उनके पिता का निधन दिनांक 14/04/2021 हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं एक वारित जो की बड़े पुत्र है जिनका भी निधन दिनांक 07/10/2025 को हो चुका है उनके स्थान पर उनके थी विविध वारिसनों का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700013 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा गुप्ता पति स्व. के.एन. गुप्ता उम्र 74 वर्ष निवासी- हाउस नंबर 64, सड़क नंबर 15, स्मृति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 446/3 रकबा 0.01 हे0 = 1500 वर्गफीट भूमि है। जो कि आवेदिका एवं अन्य शामिलात खाते के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पति काशीनाथ गुप्ता पिता के0एन0 गुप्ता का स्वर्गवास दिनांक 30/06/2023 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर शेष प्रविष्ट्यां यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 06.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हीरामणी पिता राजेश निवासी तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरे हीरामणी पिता राजेश का जन्म दिनांक 30.04.2001 को ग्राम तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक हीरामणी पिता राजेश निवासी तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाहीमें जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.04.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.04.2026 को जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202604104700012 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश सोनी पिता स्व. बी.पी. सोनी उम्र 53 वर्ष निवासी- ए/64, स्मृति नगर जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 288/127 रकबा 0.0400 हे. भूमि है। जो कि आवेदक के पिता के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक के पिता बद्री प्रसाद बी.पी. सोनी का स्वर्गवास दिनांक 13.02.2026 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम 1. लक्ष्मी सोनी (पत्नि) 2. राकेश सोनी (पुत्र) 3. योगेश कुमार सोनी (पुत्र) 4. रेणुका सोनी (पुत्री) 5. नंदा सोनी (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 (छ.ग.)

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	188268 द्वितीय आमंत्रण 01.04.2026	पी.एम.उषा योजनांतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर के एकीकृत परीक्षा हॉल (प्रथम तल) भवन के निर्माण कार्य, वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग्स एवं विद्युतीकरण सहित जमा कार्य।	308.77
2	188272 तृतीय आमंत्रण 01.04.2026	ग्राम कुटुमसर वि.ख. दरभा में पी.वी.टी.जी. विद्यार्थियों के लिए 100 सीटर छात्रावास भवन विद्युतिकरण, सहित भवन निर्माण कार्य, जमा मद।	269.59
3	188270 तृतीय आमंत्रण 01.04.2026	ग्राम- कलेपाल वि.ख. दरभा मे पी.वी.टी.जी.विद्यार्थियों के लिए 100 सीटर छात्रावास भवन विद्युतीकरण, सहित भवन निर्माण कार्य, जमा मद।	269.59
4	188291 प्रथम आमंत्रण 01.04.2026	जिला बस्तर के मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर एयर स्ट्रीप में डायडिंग क्वालिटि इम्प्रवमेंट (पिरेडिक रिनीवल) के निर्माण कार्य।	2150.44
5	188344 प्रथम आमंत्रण 02.04.2026	बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कार्य।	589.14
6	188328 प्रथम आमंत्रण 02.04.2026	जांजी गांव से सी.आई.एस.एफ. कालोनी तक सी.सी. रोड लंबाई 1.675 कि.मी. का निर्माण कार्य, जमा मद।	435.82
7	188295 प्रथम आमंत्रण 02.04.2026	जिला दन्तेवाडा के विकासखण्ड गीदम कार्ली में डिजिटल प्लेनेटेरियम (श्रेणी -III) भवन निर्माण कार्य।	245.28
8	188383 प्रथम आमंत्रण 02.04.2026	PM-USHA Component Grants to Strenghten Colleges (GSC) अंतर्गत पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर (नवीन निर्माण) में विधि भवन का निर्माण कार्य, जल प्रदाय, सेनेटरी फिटिंग, एवं विद्युतीकरण सहित कार्य, जमा मद का कार्य।	297.31
9	188389 प्रथम आमंत्रण 02.04.2026	PM-USHA Component Grants to Strenghten Colleges (GSC) अंतर्गत संत गोविंदराम शदाणी, शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेन्द्र नगर रायपुर में क्लासरूम एवं मल्टीपर्पस हॉल का निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित जमा मद का कार्य।	277.88
10	188537 द्वितीय आमंत्रण 06.04.2026	जिला गरियाबंद के देवभाग-झाखरपारा मार्ग के बेलाटजोर नाला पर उच्चस्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	429.84

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 दिनांक 20.04.2026, सं.क्र. 10 दिनांक 24.04.2026, सं.क्र. 02 से सं.क्र. 03 दिनांक 13.04.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 23.04.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,नवा रायपुर अटल नगर

जी- 262700101/8

अनूठी पहल: बंजर डंप क्षेत्र से हरा-भरा जंगल बनने की ओर गेवरा

■ प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण कर बंजर भूमि को हरियाली में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कोरबा जिले के गेवरा परिक्षेत्र में स्थित 12.45 हेक्टेयर के डंप क्षेत्र में 33 हजार 935 मिश्रित प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण कर बंजर भूमि को हरियाली में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम की इस पहल की सराहना की है। कोयला खनन के बाद डंप क्षेत्रों में उपजाऊ मिट्टी नीचे दब जाती है, जबकि ऊपर पत्थर, कोयला अवशेष और अनुपजाऊ मिट्टी रह जाती है। ऐसे क्षेत्र आमतौर पर बंजर हो जाते हैं और वहां पौधों का उगना बेहद कठिन होता है। लेकिन वन विकास निगम के प्रयासों से यही बंजर भूमि अब धीरे-धीरे हरियाली से ढकती जा रही है। ऐसे पहल से अनुपजाऊ भूमि को भी घने जंगल में बदला जा सकता है।

वैज्ञानिक पद्धति से किया गया वृक्षारोपण

डंप क्षेत्र में जल स्तर कम होने और पोषक तत्वों की कमी को ध्यान में रखते हुए विशेष उपाय किए गए। वर्मी कम्पोस्ट, नीमखली और डीएपी का उपयोग कर मिट्टी को उर्वर बनाया गया, जीपीएस सर्वे और सीमांकन के बाद व्यवस्थित गड्ढे तैयार किए गए, 3ङ्क4 फीट ऊंचाई के स्वस्थ पौधों का चयन कर रोपण किया गया।

मिश्रित प्रजातियों से बढ़ेगी जैव विविधता

इस क्षेत्र में नीम, शीशम, सिरस, कचनार, करंज, आंवला, बांस, महोगनी, सहतूत, महुआ और बेल जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इनसे आने वाले समय में यह क्षेत्र पक्षियों, गिलहरी और अन्य वन्य जीवों के लिए अनुकूल आवास बन सकेगा।

निरंतर देखभाल से मिल रही सफलता

रोपण के बाद पौधों की नियमित देखभाल की जा रही है, जिसमें सिंचाई, निंदाई- गुड़ाई,खाद डालना, सुरक्षा और घास कटाई मृत पौधों का समय पर प्रतिस्थापन जैसे कार्य शामिल हैं। वर्ष 2025 से 2029 तक 5 वर्षों तक रखरखाव के बाद इस विकसित हरित क्षेत्र को एसईसीएल गेवरा को सौंपा जाएगा।

न्यूज गैलरी

छग उत्कल गांड़ा महिला महामंच ने धर्म स्वातंत्र्य विधेयक का किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। पिछले दिनों विस में बजट सत्र में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्म परिवर्तन करने वालों के खिलाफ कड़ा कानून बनाया है। जिसका छग उत्कल गांड़ा महिला महामंच स्वागत करता है। स्लम बस्तियों में ज्यादातर लोगों धर्म परिवर्तन किया है। ऐसे लोगों को वापस लाने के लिए हम जागरूकता अभियान चलाएंगे। हमारे धर्म से बिछड़े भाई बहनों द्वारा नवाखाई पर्व में न आना हम सबके लिए पीड़ा का विषय है। उक्त कानून से आरक्षण का लाभ भी रूक जाएगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में संघ की महिला मंच अध्यक्ष सावित्री जगत वरिष्ठ भाजपा नेता कीर्ति महानंद एवं आदिवासी उत्कल गांड़ा समाज के प्रदेश अध्यक्ष बनमाली ने संयुक्त रूप से दी।

सोनपुरी डायवर्सन के कार्यों के लिए 4 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के विकासखण्ड-खैरागढ़ की सोनपुरी डायवर्सन के शीर्ष कार्य एवं नहरों के रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य के लिए 4 करोड़ 04 लाख 17 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 115 हेक्टेयर क्षेत्र के विरूद्ध 59 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति तथा बचत जल से 50 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई सहित कुल 165 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

चौथी लाइन कनेक्टिविटी कार्य के कारण निरस्त ट्रेनों को किया बहाल

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अंतर्गत अकलतरा स्टेशन पर चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पूर्व में निरस्त एवं आंशिक रूप से निरस्त की गई यात्री ट्रेनों को अब रिस्टोर किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्न विभिन्न पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। यह बहाली निर्धारित अवधि के दौरान चरणबद्ध रूप से की गई है।

हाइपर क्लब फिर चर्चा में, पुलिस के सामने ही तीखी बहस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के चर्चित हाइपर क्लब में बुधवार देर रात जमकर हंगामा हुआ। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में मारपीट और झूमाझटकी में बदल गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक-युवतियों के बीच तीखी बहस और पुलिस के सामने धक्का-मुक्की साफ नजर आ रही है। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार वीआईपी रोड स्थित हाइपर क्लब में युवक-युवतियों का एक समूह पहुंचा। क्लब में पार्टी के दौरान एक युवक ने पार्टी कर रही युवती को 'हाय' कहा। इस बात पर दूसरे पक्ष के युवकों ने विरोध जताया। इसी मुद्दे को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हाथापाई में बदल गई। इसी बीच किसी ने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस पहुंचते ही दोनों पक्ष बाहर निकल आए और पार्किंग में ही एक-दूसरे को गालियां देते हुए धक्का-मुक्की करने लगे। पुलिसकर्मियों के सामने ही युवक-युवतियां आपस में भिड़ते रहे। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। रायपुर में क्लब संचालन को लेकर पुलिस और आबकारी विभाग ने नियम तय किए हैं, फिर भी लगातार उल्लंघन सामने आ रहा है। समझाइश और कार्रवाई के बाद भी क्लब संचालक लेट नाइट पार्टियों का आयोजन कर रहे हैं। पिछले दिनों भी लेट नाइट पार्टी के चलते वीआईपी रोड स्थित फर्जी कैफे में पुलिस ने रेड कर कार्रवाई की थी। इसके अलावा सेरीखेडी स्थित पियानो क्लब में एक इन्फ्लुएंसर ने युवतियों को शराब पिलाई थी, जिसका वीडियो वायरल हुआ था। अधिकारियों ने कहा था कि लेट नाइट पार्टी आयोजित करने वालों पर कार्रवाई होगी हाइपर क्लब में विवाद का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी क्लब में मारपीट और गोली चलने जैसी घटना हो चुकी है। पुलिस अधिकारी क्लब संचालकों पर सख्ती करने की बात कहते है, लेकिन आय दिन इन क्लबों में रोज नया विवाद खड़ा हो रहा है।

1.43 लाख की धोखाधड़ी, अपने क्यूआर कोड पर लिए पैसे

रायपुर/नवप्रदेश। यूनिवर्सल सर्विसेस के कर्मचारी ने अपने क्यू आर कोड में ग्राहकों से 1.43 लाख रुपए ट्रांसफर करा अमानत में खयानत किया। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शैलेन्द्र नगर निवासी गौरव डागा ने कल रात रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार कोतवाली चौक स्थित यूनिवर्सल सर्विसेस के कर्मचारी शुभम् देवांगन ने यह धोखाधड़ी 18 मार्च से 6 अप्रैल के बीच किया। वह फर्म का विश्वास पात्र कर्मचारी था। इसी का फायदा उठाकर उसने, उस दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदने वाले ग्राहकों से फर्म के क्यू आर के बजाय अपने बनाए क्यू आर कोड में अलग अलग दिन कुल 143900 रूपए ट्रांसफर कराता रहा। बिके सामान की फर्म के एकाउंट में आता न देख गौरव ने ग्राहकों से संपर्क किया तो उन्होंने शुभम का कोड दिखाकर भुगतान कर देने की जानकारी दी। इस धोखाधड़ी का खुलासा होने पर गौरव की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 316-4,318-4 का मामला दर्ज किया। आरोपी पकड़ से बाहर है।

मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य होगा शुरू

इस बार हरे सोने को यूपी, बंगाल और आंध्र प्रदेश की फर्म खरीदेंगी

■ टेंडर की प्रक्रिया पूरी, हर साल करोड़ों रुपये का व्यवसाय

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता की मांग उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल व आंध्रप्रदेश में भी है। यहां की फर्म धमतरी के तेंदूपत्ता की खरीदी करेंगी। यहां 26 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य है। संग्रहण के बाद इन राज्यों की फर्म तेंदूपत्ता खरीदकर ले जाएंगी। इसके लिए शासन से टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

धमतरी के जबर्रा, मारागांव, सिंगपुर, बरबांधा, डोकाल और चनागांव के तेंदूपत्ता को उच्चक्वॉलिटी का माना जाता है। यहां से हर साल करोड़ों रुपये के तेंदूपत्ता का व्यवसाय होता है। वन विभाग के अनुसार बूटा कटाई का कार्य कर लिया गया है। एक मई से जिले में तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके लिए रूप-रेखा बना ली गई है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल जिले में 26,800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। 27 समितियों के 27 हजार 872 संग्राहक इसे संग्रहित करेंगे। इसके बाद संग्रहित तेंदूपत्ता को छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्रप्रदेश की फर्म खरीदी करेंगी। इसके लिए बकायदा टेंडर पास भी हो चुका है और फर्मों ने 10 प्रतिशत राशि शासन के मद में जमा भी करा दी है। पिछले साल छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ को 20 करोड़ तीन लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसमें से 13 करोड़ की राशि संग्राहकों को वितरित किया गया था। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए तोड़ाई का कार्य जैसे ही अंचल में शुरू होता है, तो बेमौसम बारिश का सबसे ज्यादा खतरा मंडराता रहता है। बारिश होती है, तो तोड़ाई का कार्य प्रभावित हो जाता है।

तीन-चार सालों से नहीं हो पा रही लक्ष्य की पूर्ति

राज्य में पिछले तीन-चार सालों से लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है, इसका मुख्य कारण मुख्य सीजन में बेमौसम बारिश का होना है। डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। धमतरी जिले के तेंदूपत्ता की मांग देश के कई अन्य प्रदेशों में बना रहती है।

हिट एंड रन दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा त्वरित मुआवजा : मंत्री केदार कश्यप

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की ÷हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना मुआवजा योजना÷ के तहत अज्ञात वाहन से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना से प्रभावित परिवारों और घायलों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना है। इस संबंध में परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को त्वरित राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह योजना आम नागरिकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसका लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नागरिकों से अपील की कि दुर्घटना की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए योजना का लाभ उठाएं।

परिवहन विभाग ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील की है। 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' के संदेश के साथ विभाग ने सुरक्षित यात्रा को जीवन रक्षा का सबसे बड़ा उपाय बताया है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि कठिन समय में पीड़ित परिवारों को संबल भी देती है। योजना के अनुसार, हिट एंड रन दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को 2 लाख रूपए तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जाती है। इस योजना के तहत मृतक के पति/पत्नी, माता- पिता, पुत्र या पुत्री आवेदन कर सकते हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल से गाड़ी संख्या 08867/08868 साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में 10-10 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। यह समर स्पेशल ट्रेन गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, रांची, बोकारो स्टील सिटी, बरौनी, दरभंगा, समस्तीपुर, एवं सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक जाएगी।

विवरण इस प्रकार है :-

गाड़ी संख्या 08867 (गोंदिया-रक्सौल) साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 25 अप्रैल 2026 से 27 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार को गोंदिया से (प्रात: 06:30) बजे प्रस्थान कर डोंगरगढ़ (07:30/07:32), राजनांदगांव (07:58/08:00), दुर्ग (08:35/08:40), रायपुर (09:30/09:35), भाटापारा (10:25/10:27), बिलासपुर (11:40/11:50), चांपा (12:45/12:47), रायगढ़ (13:45/13:47), झारसुगुड़ा (15:30/15:35), राउरकेला (17:15/17:25), रांची (20:45/20:55), बोकारो स्टील सिटी (23:40/23:45), चंद्रपुरा जंक्शन (00:20/00:25), धनबाद जंक्शन (02:10/02:15), चितरंजन (04:14/04:16), मधुपुर जंक्शन (04:53/04:55), जसीडीह (05:25/05:27), झाझा (07:10/07:15), किऊल जंक्शन (07:56/07:58), बरौनी जंक्शन (10:40/10:50), समस्तीपुर जंक्शन (12:20/12:25), दरभंगा जंक्शन (13:25/13:30), एवं सीतामढ़ी जंक्शन (14:55/15:00) होते हुए 17:00 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

राज्य के स्कूलों में सांस्कृतिक लर्निंग के साथ अब होगी एआई की पढ़ाई : मंत्री यादव

■ स्कूलों में प्राइवेट प्रकाशक की किताब बेचने पर सख्ती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में बड़ा बदलाव होने वाला है, जिसकी घोषणा खुद शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कर दी है। उन्होंने मीडिया से कहा, अब छत्तीसगढ़ के स्कूलों में राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान के साथ मंत्रोचार भी अनिवार्य होगा और मंत्रोचार के साथ ही पढ़ाई शुरू होगी। वहीं, उन्होंने ये भी कहा हे कि हम सांस्कृतिक लर्निंग के साथ-साथ बच्चों को एआई से जोड़ने वाली शिक्षा भी देंगे। बारहखड़ी से लेकर एआई तक की जानकारी देंगे।

प्राइवेट प्रकाशक की किताब बेचने पर सख्ती

उन्होंने बताया कि हर महीने दो-तीन महापुरुषों पर व्याख्यान होगा और स्कूल में लोकल तीज त्योहार मनाएंगे, योग मनाना अनिवार्य होगा। मंत्री ने बताया कि 15 अप्रैल से 15 जून तक शिक्षक-प्रिंसिपल की ट्रेनिंग चलेगी, जिसमें उन्हें एआई बेस्ट ट्रेनिंग दी जाएगी।

मंत्री गजेंद्र यादव ने स्कूलों में प्राइवेट प्रकाशक की किताब बेचने और मनमानी कीमत वसूली किए जाने पर सख्त रवैया अपनाया है। उन्होंने कहा है कि हमें बहुत सारी जगह से शिकायत मिली है, हमने मुख्य सचिव से कार्रवाई करने को कहा है। मुख्य सचिव से सभी कलेक्टर को पत्र जारी किया गया है, ज्यादा रेट पर किताब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सारे जिला शिक्षा अधिकारी को भी जांच करने कहा गया है। हमने निर्देश दिया है कोई शिकायत ना भी करें और सिर्फजानकारी भी मिले तो जिला शिक्षा अधिकारियों को कार्रवाई करनी होगी।

आजीविका मिशन से रमशीला कश्यप को मिला आत्मनिर्भरता का संबल

रायपुर/नवप्रदेश। एक समय माओवाद से प्रभावित रहा कोंडागांव जिले का दूरस्थ ग्राम कुधुर आज विकास और आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहा है। शासन की योजनाओं की पहुँच ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है, और इसी परिवर्तन की मिसाल हैं ग्राम की निवासी श्रीमती रमशीला कश्यप। किराना दुकान संचालन से प्रति माह लगभग 25 हजार रुपये की आय अर्जित कर रहीं हैं । राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर रमशीला कश्यप ने अपने जीवन को नई दिशा दी। वर्ष 2018 में उन्होंने 'जय मां दंतेश्वरी' स्व-सहायता समूह की सदस्य बनकर आत्मनिर्भर बनने की शुरुआत की। उस समय गांव में केवल एक किराना दुकान था, जिसके कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लगभग 20 किलोमीटर दूर मर्दापाल जाना पड़ता था।

तीन राज्यों में विधानसभा के निष्पक्ष चुनाव के लिए गए 25 आईएएस पर्यवेक्षक शीघ्र लौटेंगे

■ पांडूचेरी, केरल और असम में एक चरण में हो गया मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। असम पांडूचेरी केरलम में मतदान के पश्चात अब छत्तीसगढ़ आईएएस पर्यवेक्षक एवं प्रचार में लगे नेता लौटने लगे है। अब इन पर्यवेक्षकों को मतदान के दिन चार मई के पूर्व जाना होगा। ताकि आयोग के अनुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की घोषणा की जा सके। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के महानदी मुख्यालय से करीब 25 से अधिक आईएएस अधिकारियों को केरल असम पांडूचेरी में चुनाव पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया है। यहां पर इन पर्यवेक्षकों का काम नामांकन पत्रों की छटाई नियम विरुद्ध चुनाव प्रचार रोकना तथा आयोग के मापदंड के अनुसार कार्रवाई करना है। बताया जाता है कि इस समय पश्चिम बंगाल में चुनाव को लेकर घमासान मचा हुआ है। इसके चलते आयोग ने वहां पर बड़ी संख्या में पर्यवेक्षक भेजे है ताकि आयोग पर कोई आरोग नहीं लगाया जा सके। स्थानीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार आज मतदान होने के पश्चात अधिकारी मतपेटियों को जमा करने के बाद लौट जाएंगे। इसके अलावा जिन नेताओं को पश्चिम बंगाल भेजा गया है उनमें अरूण साव ओपी चौधरी, विजय शर्मा, मोतीलाल साहू, संगठन मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी भी लौटने वाले है। यहां पर 23 और 29 अप्रैल को मतदान होना है।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को डिजिटल क्रांति से जोड़ रही बिहान की दीदीयां

बिहान : बैंक सखी बन आशा एक्का ने लिखी आत्मनिर्भरता की नई इबारत

■ बुजुर्गों और असहाय के लिए सहारा बनीं बैंक सखी आशा एक्का

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण अंचलों में महिला सशक्तिकरण और डिजिटल बैंकिंग को घर-घर पहुंचाने में 'बिहान' की दीदियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरगुजा जिले के ग्राम कांति प्रकाशपुर की रहने वाली आशा एक्का आज जिले की उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं, जो घर की चारदीवारी से निकलकर आर्थिक आजादी की राह चुनना चाहती हैं।

बुजुर्गों और असहाय के लिए बनीं सहारा

आशा का कार्य केवल ट्रांजेक्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि वे सेवा भाव से भी कार्य कर रही हैं। गाँव की बुजुर्ग महिलाएँ जिन्हें पेंशन लेने दूर जाना पड़ता है या मनरेगा के मजदूर जिन्हें मजदूरी भुगतान के लिए बैंक के चक्कर काटने पड़ते हैं, आशा उन सभी का भुगतान गाँव में ही सुनिश्चित करती हैं।

वे कहती हैं, जो लोग बैंक आने-जाने में असमर्थ हैं, मैं उनके घर जाकर बैंकिंग सेवा प्रदान करती हूँ। जब वे खुशी से दुआएं देते हैं, तो काम की थकान मिट जाती है।

5 करोड़ का ट्रांजेक्शन और आत्मनिर्भरता

श्रीमती आशा एक्का अब तक लगभग 5 करोड़ रुपये का वित्तीय ट्रांजेक्शन कर चुकी हैं। इस कार्य से उन्हें हर महीने 10 से 12 हजार रुपये की सम्मानजनक आय हो रही है। इस आर्थिक संबल से वे अपने दो बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिला पा रही हैं।

शासन की योजनाओं का जताया आभार

अपनी सफलता का श्रेय केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को देते हुए आशा ने कहा कि बिहान योजना ने हम जैसी गरीब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने इस अवसर के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार करते हुए कहा कि आज हम जैसी हजारों ग्रामीण महिलाएं महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण पेश कर रही हैं, जो न केवल अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को डिजिटल क्रांति से भी जोड़ रही हैं।

बैंक सखी और बैंक मित्र के रूप में सेवा

वर्ष 2017 से 'बिहान' (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) से जुड़ी आशा एक्का ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा का सदुपयोग करते हुए बैंक सखी और बैंक मित्र की जिम्मेदारी संभाली। वे न केवल एक गृहिणी हैं, बल्कि गाँव की बैंकिंग व्यवस्था की मुख्य कड़ी बन चुकी हैं। आशा बताती हैं कि उनके पति छोटे किसान हैं और घर पर किराना दुकान चलाते हैं, लेकिन बिहान से जुड़ने के बाद उनकी पहचान और आमदनी दोनों में बड़ा बदलाव आया है।

होम्योपैथी : सूक्ष्मता की शक्ति, स्वास्थ्य की व्यापकता

प्राकृतिक और सुरक्षित उपचार का मार्ग: विश्व होम्योपैथी दिवस

होम्योपैथी केवल दवा देने का तरीका नहीं, बल्कि शरीर को भीतर से सशक्त बनाने का विज्ञान है। डॉ. सैमुअल हैनीमैन के सिद्धांतों पर आधारित यह पद्धति बिना किसी दुष्प्रभाव के जटिल से जटिल रोगों को जड़ से मिटाने की क्षमता रखती है। आज के तनावपूर्ण जीवन में, होम्योपैथी एक स्वस्थ भविष्य की आशा है। आइए, इस पद्धति को अपनाएं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें।

योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी दवाएं प्रत्येक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ये दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं।

होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम् शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है।

भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है।

इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है। यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।

दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली विधानसभा को आज बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद राजधानी में हड़कंप मच गया। इस धमकी के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विधानसभा परिसर, सचिवालय, कई स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभ्यास शुरू कर दिया है। यह धमकी भरा ईमेल गुरुवार सुबह 8:14 पर विधानसभा से जुड़े कई सरकारी और अन्य इनबॉक्स में पहुंचा। ईमेल में दिन के विभिन्न समयों पर विधानसभा, सचिवालय, कुछ स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर संभावित विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही, दिल्ली पुलिस ने तुरंत टीमों के साथ मिलकर विधानसभा परिसर, सचिवालय, लक्षित स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक एंटी-सबोटेज जांच शुरू कर दी।

इजरायली हवाई हमलों में 254 की मौत

मास्को(स्पुतनिक/वार्ता)। लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए और 1,165 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अल जज़ीरा ने लेबनानी नागरिक सुरक्षा के हवाले से गुरुवार को दी। बुधवार को, इजरायली विमानों ने मध्य बेरूत के मज़रा, मनारा, ऐन अल मरेसेह और बरबोर इलाकों के साथ-साथ दक्षिणी उपनगरों के आठ इलाकों पर हमला किया।

टीएमसी के पाप का घड़ा भर गया, बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब अपरिहार्य : मोदी

कोलकाता/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जोर दिया कि पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन अपरिहार्य है, क्योंकि तृणमूल कांग्रेस के ''पाप का घड़ा'' भर गया है। उन्होंने राज्य के ''आर्थिक पतन'' का उल्लेख करते हुए कहा, ''राष्ट्रीय जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में बंगाल का योगदान पहले के 12 प्रतिशत से घटकर मात्र पांच प्रतिशत रह गया है।''

पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र ने आसनसोल में उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए 45,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, ''तृणमूल ने बंगाल पर क्रूरता की है, जबकि भाजपा ने सत्ताधारी दल द्वारा खड़ी की गई बाधाओं के बावजूद आसनसोल का विकास किया।''

पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आसनसोल और दुर्गापुर दोनों

में 'मेगासिटी' बनने की क्षमता है, और आश्वासन दिया कि भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार उस विकास को साकार करेगी। उन्होंने दावा किया कि ''एसिड अटैक के मामलों में बंगाल सबसे आगे है।'' पीएम मोदी ने कहा, ''तृणमूल महिलाओं को प्रताड़ित करने वालों के साथ खड़ी है। केवल भाजपा ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।''

टीएमसी पर बरसे पीएम

पीएम मोदी ने कहा, ''बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब अपरिहार्य है और बंगाल की जनता यही चाहती है। तृणमूल के पाप का घड़ा भर चुका है। आसनसोल पर सिंडिकेट राज, कोयला और रेत माफिया का राज है।'' उन्होंने दावा किया कि सत्ता परिवर्तन के बाद पश्चिम बंगाल नयी ऊंचाइयों को छुएगा। मोदी ने कहा, "कभी समृद्ध औद्योगिक क्षेत्र रहे आसनसोल से निवेश खत्म हो चुका है। केवल भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार ही इसे सुधार सकती है।"

'बंगाल की प्रगति के लिए टीएमसी से मुक्ति जरूरी'

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की प्रगति के लिए टीएमसी से मुक्ति जरूरी है, क्योंकि आज जब पूरा देश तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है, तब टीएमसी बंगाल को पीछे धकेलने में लगी है। यहां के संसाधन, यहां की संभावनाएं और नौजवानों के अवसर, सब पर टीएमसी के गुंडों का कब्जा है। बंगाल की जो संपत्ति विकास के काम आनी चाहिए, उसकी खुली लूट हो रही है।

पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा पर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

कोलकाता/नई दिल्ली/ए.। पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा और अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में केंद्र सरकार और राज्य सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखी जाए और सरकारी व न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। याचिका में कहा गया है कि राज्य में कई वर्षों से चुनाव के समय हिंसा, धमकी और डर का माहौल बना रहता है।

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "PERFECT HERBALS & OILS"** having its Registered Office at **24, SECTOR-1, GITANJALI NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001** and having Registration No.**488/2007-2008 Dated 22/01/2008** has undergone changes by which, **MR. RAMJI GUPTA** S/o Krishna Murari Gupta and **MR. ANAND SAGAR BANERJEE** S/o Pavitra Kumar Banerjee wants to enter into partnership and **MR. AVADH NARESH BHARADWAJ** S/o Late Shri O.D. wants to retire from the partnership. Without any objection, the continuing Partner **Bhoomika Upadhyaya** and **Shrankhla Holecek,** has agreed that the **share of margin/profit shall remain as per the Partnership Deed.** Hence, the above partners will continue the firm and accordingly a new Partnership Deed has been made on **09/08/2021.**

Bhoomika Upadhyay
For, M/s. "PERFECT HERBALS & OILS"
(Partner)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "Jai Ambey Plantations"has Shifted from H-401, Ashoka Heights, Raipur (C.G.) To 24, Sector-1, Gitanjali Nagar Raipur (C.G.)** having Registration **No.139/08-09 Dated 14/07/2008** has undergone changes by which, **Dr. J.k. Upadhyaya** S/o Shri Ramesh Chandra Upadhyaya wants to enter into partnership and **Mr. Rajkumar Upadhyaya** S/o Late Shri Laxmi Narayan Upadhyaya wants to retire from the partnership. Without any objection, the continuing Partner **Bhoomika Upadhyaya** has agreed that the **share of margin/profit shall remain as per the Partnership Deed.** Hence, the above partners will continue the firm and accordingly a new Partnership Deed has been made on **01/07/2021.**

Bhoomika Upadhyaya
For, M/s. "Jai Ambey Plantations"
(Partner)

नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 हेतु महक नरवसे का चयन

रायपुर/नवप्रदेश। बैंगलुरू में 27 अप्रैल 2026 को शुरू होने वाले नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 (महिला) एलिट कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का हुआ चयन। ऑल इंडिया जुनीयर चयन समिति द्वारा नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 (महिला वर्ग) एलीट कैंप 2026 हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से महक नरवसे का चयन किया गया है। उक्त कैंप दिनांक 27 अप्रैल 2026 से 23 मई 2026 तक बैंगलुरु में आयोजित किया जायेगा।

अजित पवार को कांग्रेस की श्रद्धांजलि, नहीं लडेंगे बारामती

मुंबई/वार्ता। महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा मोड़ आया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि वह इस उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। यह फैसला पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद सम्मान जताने के तौर पर लिया गया है। इस निर्णय के बाद अब बारामती सीट पर चुनाव का माहौल पूरी तरह बदल गया है। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नाथाला ने साफकहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवार को मैदान से हटाने का निर्देश दे दिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश मोरे ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन अब उसे वापस लिया जाएगा। नामांकन वापस लेने का आज आखिरी दिन था, इसलिए यह फैसला अहम माना जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि यह उपचुनाव अजित पवार के दुखद निधन के कारण हो रहा है, इसलिए पार्टी ने सम्मान के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया।

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "RUMAX NATURALS** having its Registered Office at **24, SECTOR-1, GITANJALI NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001** and having Registration No 465/11-12 Dated 13/12/2011 has undergone changes by which, **DR. J.K. Upadhyaya S/o Shri Ramesh Chandra Upadhyaya** and **smt. Shobhna upadhyaya W/o Dr. J.K. Upadhyaya** wants to enter into partnership And **mr. Ramji gupta S/o Krishna Murari Gupta** wants to retire from the partnership. Without any objection, the continuing Partner **Bhoomika Upadhyaya and Anand Sagar Banerjee** has agreed that the **share of margin/profit shall remain as per the Partnership Deed.** Hence, the above partners will continue the firm and accordingly a new Partnership Deed has been made on**13/02/2023.**

Bhoomika Upadhyaya
For, M/s. "RUMAX NATURALS"
(Partner)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "IGNATIA HERBALS"** having its Registered Office at **24, SECTOR-1, GITANJALI NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001** and having Registration No. 395/2009-10 Dated 19/11/2009 has undergone changes by which, **DR. JITENDRA KUMAR (J.K.) UPADHYAYA S/O SHRI RAMESH CHANDRA UPADHYAYA AND SMT. SHOBHNA UPADHYAYA W/O DR. J.K. UPADHYAYA** wants to enter into partnership and **MR. RAMJI GUPTA S/O KRISHNA MURARI GUPTA** wants to retire from the partnership. Without any objection, the continuing partner **Bhoomika Upadhyaya** and **Anand Sagar Banerjee,** has agreed that the **share of margin/profit shall remain as per the Partnership Deed.** Hence, the above partners will continue the firm and accordingly a new Partnership Deed has been made on **13/02/2023.**

BHOOMIKA UPADHYAYA
For, M/s. "IGNATIA HERBALS"
(Partner)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "GRIP AROMATICS"** having its Registered Office at **24, Sector-1, Gitanjali Nagar, Raipur 492001 (C.G.)** having Registration No. 45/16-17 Dated 03/05/2016 has undergone changes by which, **DR. JITENDRA KUMAR (J.K.) UPADHYAYA** S/o Shri Ramesh Chandra Upadhyaya and **SMT. SHOBHNA UPADHYAYA** W/o Dr. J.K. Upadhyaya wants to enter into partnership and **MR. RAMJI GUPTA** S/o Krishna Murari Gupta want to retire from the partnership. Without any objection, the continuing partner **Bhoomika Upadhyaya** and **Anand Sagar Banerjee,** has agreed that the **share of margin/profit shall remain as per the Partnership Deed.** Hence, the above partners will continue the firm and accordingly a **new Partnership Deed has been made on 13/02/2023.**

Bhoomika Upadhyaya
For, M/s. "GRIP AROMATICS"
(Partner)

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "DEV TRADERS" SURJA DEVI SHUKLA MARKET STATION ROAD RAIPUR (C.G)** having Registration No. **222202485729 Dated - 12/09/2024** has undergone changes by which **MRS. HEENA PATEL W/O MANISH BHAI BODA** Wants to enter the Partnership as new partner, and **LATE MR. MANISH JIVANBHAI BODA S/O SHRI JIVANBHAI GOKULDAS BODA** Retire from the partnership Due to Death, Without any objection of old partners **MR. BIPIN KUMAR VAISHNANI, MR. NARENDRA BHAI KANSAGRA** And Incoming partner have agreed to continue the Business. Hence above All Partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on **30/04/2021.**

BIPIN KUMAR VAISHNANI
For, M/s. "DEV TRADERS"
(Partner)

कार्यालय नगर पालिक निगम,
रायपुर, (जोन क्र - 6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल,
रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30178 दिनांक 09.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR663C0262B** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **HARIRAM DHIWAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **LAKHAN LAL DHIWAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **YOGESH KUMAR DHIWAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **HARIRAM JALKSHATRI (DHIWAR)** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **SAH-MATI / BATWARA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम,
रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30177 दिनांक 09.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR653A00094** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SHANTI BAI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **DOMAN SINGH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **ASHRAF QURESHI** पिता /पति श्री/श्रीमती **ABDUL SHAFIQUE QURESHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALMABIKRINA-MA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम,
रायपुर, (जोन क्र. - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30174 दिनांक 09.04.2026
वार्ड का नाम- 20 - **रामकृष्ण परमहंस वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR802D01132** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **MAYA DAMADKAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **SHAIL KUMARI MISHRA** पिता /पति श्री/श्रीमती **SHRI KHEMI CHAND MISHRA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
श्रीमति राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम,
रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30175 दिनांक 09.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR653A0094A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SHANTI BAI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **DOMAN SINGH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **NIKHAT PARVIN** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD JAKIR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALMA BIKRINAMA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम,
रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 30176 दिनांक 09.04.2026
वार्ड का नाम- 60 - **चन्द्रशेखर आजाद वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 60 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR653A0094B** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SHANTI BAI** पिता / पति श्री/ श्रीमती **DOMAN SINGH** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **MALIKA BANO** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O NASIM AHMED** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALMA BIKRINAMA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा बीरगांव कॉलोनी रायपुर में निर्मित एस.आई. एच. एस. भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/ भवनों में से भूखण्ड/ भवन क्रमांक SIHS - 27 श्री मनहरण प्रसाद शर्मा पिता स्व. श्री सुखरु प्रसाद शर्मा स्व को भाडाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 10/10/2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 06/04/26 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती उषा जायसवाल पति स्व. श्री प्रेमचंद जायसवाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
संप्रदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पंचायत नरहरपुर, जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)
कार्यालय फोन एवं फैक्स नम्बर 07841-255220 ईमेल आईडी - cmo.narharpur@rediffmail.com
क्रमांक/16/ न.पंचा/राजस्व./2025-26 नरहरपुर दिनांक 08/04/2026

//सूचना//

नगर पंचायत नरहरपुर क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित तालाबों को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया जाना है जिनका विवरण इस प्रकार है- वार्ड क्रमांक 10 पं0 जवाहर लाल नेहरू 738 / 0.60 हे. वार्ड क्रमांक 12 मण्डीपारा 592/1 हे. वार्ड क्रमांक 14 राजा तालाब 1357/1.12 हे. में मछली पालन कार्य हेतु। (1) पंजीकृत मछुआरा सहकारी समिति (2) मछुआ समूह (3) मछुआ व्यक्ति (4) ऐसे क्षेत्र जहां 1965 या उनके पश्चात मकान, भूमि यदि डूब में आये ओ, विस्थापित परिवार (5) स्व. सहायता समूह। मछुआ से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो अपनी आजीविका का अर्जन मछलीपालन, मछली, पकड़ने या मछली बीज उत्पादन आदि कार्य से करता है। ऐसे इच्छुक समिति, समूह, व्यक्ति, स्व. सहा. समूह से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन के साथ में संलग्न आवश्यक दस्तावेजो की सूची -

01. पंजीकृत सहकारी समिति पंजीयन प्रमाण पत्र, बायलॉज की सूची, बैंकों से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र, समिति का प्रस्ताव एवं ठहराव व विगत वर्षों का ऑडिट रिपोर्ट।
02. मछुआ समूह/एस.जी.एस.वाय समूह आवेदन पत्र के साथ समूह का प्रस्ताव ठहरा, गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण- पत्र जाति-निवास एवं बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
03. व्यक्तिगत हितग्राही मछुआ/अनुसूचित जाति/अनु. जनजाति / अ.पि.वर्ग / सामान्य व्यक्ति अपने आवेदन पत्र के साथ गरीबी रेखा सर्वे प्रमाण-पत्र, जाति-निवास बैंक से कर्ज नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।
04. अदेय प्रमाण पत्र।

उपरोक्तानुसार आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित दिनांक 24/04/2026 तक नगर पंचायत नरहरपुर में जमा कर पावती प्राप्त करें। अपूर्ण आवेदन पत्रों पर नगर पंचायत की बैठक में विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नरहरपुर
जिला-उ.ब.कांकेर, छ.ग.

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला नारायणपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक/पुअ/ना.पुर/र.नि./एमटी / 2026-27/ (63) नारायणपुर, दिनांक 04/04/2026

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों एवं नक्सल अभियान ड्यूटी के लिए प्राईवेट वाहन जो परिवहन विभाग के द्वारा रजिस्ट्रेशन टैक्सी परमिट होने के आधार पर शर्तों के अनुसार सील बंद टेंडर फार्म पर निम्नानुसार हस्ताक्षरकर्ता द्वारा आमंत्रित की जाती है। कोरे भावपत्र पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर (आयकर / वाणिज्य कर / चुकता प्रमाण पत्र सहित) कोरे निविदा प्रपत्र की राशि 750/- रूपये 0055 पुलिस, 800 अन्य प्राप्तियां के अन्तर्गत चालान के माध्यम से जमा कर कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किये जा सकते है। अमानत राशि 1,50,000/- (एक लाख पचास हजार रूपये) एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जायेगी -

1. निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 27/04/2026 समय अपरान्ह 4.30 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :- 28/04/2026 समय अपरान्ह 4.30 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि :- 29/04/2026 समय सायं 4.00 बजे तक स्थान वाहन शाखा रक्षित केन्द्र नारायणपुर।

टीप - 01. नियम एवं शर्तें / वाहनों का किराया प्रति दिवस एवं मासिक भावपत्र के साथ के प्रदाय किया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक
नारायणपुर

जी- 262700088/4

न्यूज गैलरी

महिला व युवती के अपहरण की कोशिश, रातभर झाड़ियों में छिपकर बचे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस को बदमाश लगातार चुनौती दे रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के लोगों को अज्ञात बाइक सवार पांच बदमाशों ने बंधक बना लिया। इसके बाद परिवार से नकदी 20 हजार रुपए के साथ सोने की चेन और उनकी दो बाइक लूटकर फरार हो गए। महिला तथा युवती ने बदमाशों पर छेड़खानी करने के आरोप लगाए हैं। बदमाशों ने महिला तथा युवती को अपनी बाइक पर बैठाकर अपने साथ जबरन ले जाने की भी कोशिश की। बदमाशों के डर से परिवार पूरी रात झाड़ियों के बीच छिपा रहा। सुबह थाने पहुंचकर पीड़ितों ने लूट तथा मारपीट की शिकायत दर्ज कराई। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात की है। देवी सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह तथा उसके एक अन्य रिश्तेदार परिवार की एक युवती बाइक से दो अन्य के साथ दतरेंगा जा रहे थे। सेजबहार के पास उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। इसके बाद उन लोगों ने अपने एक अन्य रिश्तेदार को कॉल कर पेट्रोल लाने कहा। पेट्रोल के इंतजार में चारों सड़क किनारे खड़े थे।

दो लंगूरों को एयरगन से गोली मारकर की हत्या, गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के धमधा क्षेत्र स्थित ग्राम दनिया (बोरी) में दो लंगूरों की एयरगन से गोली मारकर हत्या की गई। चना फसल को नुकसान पहुंचाने के संदेह में ग्रामीण ने बंदरों पर गोली चला दी। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल को वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम ने ग्राम दनिया में कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि गांव निवासी अजय पटेल ने एयरगन से दो लंगूरों को गोली मारी। गोली लगने से दोनों बंदरों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी को शक था कि लंगूर उसकी चना फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। इसी वजह से उसने एयरगन से उन पर गोली चला दी। घटना के बाद एक बंदर के शव को जमीन में दफना दिया गया, जबकि दूसरे बंदर का शव खुले में छोड़ दिया गया, जिसे बाद में कुत्तों ने नोच डाला। मामले की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। टीम ने गांव में पूछताछ कर आरोपी को पकड़ लिया। मौके से एयरगन और बंदर का शव बरामद किया गया। वन विभाग ने बताया कि मृत बंदर हनुमान लंगूर प्रजाति के थे, जो वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-2 में शामिल हैं। इस प्रजाति का शिकार करना कानूनन अपराध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि बंदर की मौत एयरगन के छर्रे लगने से हुई। वन विभाग ने आरोपी अजय पटेल के खिलाफवन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 और 51 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 6983/17 दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर 21 अप्रैल तक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

बेकाबू पिकअप की चपेट में आईं दो महिलाएं, घटनास्थल पर ही गई जान

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। गौरेला थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को एक अनियंत्रित पिकअप कैंपर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 6:15 बजे की है। गौरेला सारबहरा रोड निवासी बेला बाई पनसारी और सुशीला वर्मा रोज की तरह सुबह सैर के लिए निकली थीं। जब वे आईटीआई सेमरा के पास मेन रोड पर टहल रही थीं, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप कैंपर वाहन (क्रमांक MP 21 G 0992) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप की टक्कर से दोनों महिलाएं लगभग 15 से 20 फ़ीट तक उछल कर दूर जा गिरीं। महिलाओं को रौंदने के बाद पिकअप पास में खड़ी एक बस से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई सनत मात्रे ने बताया कि दुर्घटना के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने दोनों मृतकाओं के शवों को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मर्च्यूरी में रखवा दिया है। उपनिरीक्षक सनत रात्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब सवा छह बजे आईटीआई सेमरा के पास यह हादसा हुआ। दो महिलाएं, बेला बाई और सुशीला वर्मा मॉर्निंग वॉक से लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार कैंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई है। घटना में गाड़ी का हेल्पर संदीप यादव घायल हो गया। वहीं फरार चालक लल्लू की तलाश की जा रही है। कैंपर वाहन कोरबा से कटनी कैमूर जा रही थी। इस हादसे के बाद परिजनों और स्थानीय निवासियों में भारी रोष और दुख है। लोगों का कहना है कि मुख्य सड़कों पर वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार अक्सर मासूमों की जान ले लेती है।

एक ही परिवार से 2.34 करोड़ रुपए ठगे, 30 से ज्यादा फर्जी डिग्री बनाई

रायपुर/नवप्रदेश। पोस्ट ऑफिस के अलग-अलग पदों पर नौकरी लगाने और फर्जी एमबीबीएस व बीएएमएस डिग्री बनाने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड पकड़ा गया। गिरोह ने रायपुर के एक ही परिवार से नौकरी लगाने और फर्जी डिग्री बनाने के नाम पर 2.34 करोड़ रुपए ठगे थे। इस मामले में पहले 6 आरोपियों गिरफ्तारी हो चुकी थी। अब इसका मास्टरमाइंड पकड़ाया है। मामला सिविल लाइन थाना का है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित संजय निराला ने धोखाधड़ी की शिकायत की थी। आरोपी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे सहित अन्य ने पीड़ित के रिश्तेदारों को पोस्ट आफिस के विभिन्न पदों में नौकरी लगाने और फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर देने का झांसा देकर 2 करोड़ 34 लाख ले लिए। इस मामले में आरोपी भुनेश्वर बंजारे, नरेश मनहर, हीरा दिवाकर, राकेश रात्रे, साक्षी सिंह व अंकित तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। अब मास्टरमाइंड सुनील प्रताप को गिरफ्तार किया गया है। नई दिल्ली निवासी सुनील प्रताप के साथ मिलकर डीवाई पाटिल विद्यापीठ यूनिवर्सिटी पुणे का फर्जी एमबीबीएस और बीएएमएस की डिग्री तैयार करता था।

असम में बनेगी बीजेपी की सरकार, पूरा देश एनडीए के साथ : सीएम साय

- पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बस्तर विकास
- चुनावी रणनीति और नारी शक्ति पर दिए बड़े बयान
- सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में बड़े कदम उठाए

रायपुर/नवप्रदेश। दिल्ली प्रवास के बाद रायपुर लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व से हुई मुलाकातों का विवरण साझा करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने नक्सलवाद के अंत पर केंद्र सरकार का आभार जताया और बस्तर के विकास से लेकर आगामी चुनावों और नारी शक्ति वंदन अधिनियम तक, कई अहम विषयों पर अपनी बात रखी।

प्रधानमंत्री से मुलाकात: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी विस्तृत मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में चार दशक पुरानी नक्सल समस्या के निर्णायक अंत में प्रधानमंत्री व गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति की बड़ी भूमिका रही। साय ने कहा, 'छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री को धन्यवाद। बस्तर अब नक्सलवाद से मुक्त है।

बस्तर विकास का रोडमैप साझा किया

सीएम ने बताया कि बस्तर, जो वर्षों तक विकास से वंचित रहा, अब तेज़ी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह जानकारी दी कि किस तरह वहां सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात

दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और आने वाले महीनों की रणनीति पर चर्चा की गई।

तीन राज्यों के चुनाव

आगामी चुनावों पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन तीन राज्यों में मतदान होना है, वहां भाजपा बेहद मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा, असम में फिर सरकार बनेगी। बाकी राज्यों में भी स्थिति बहुत अच्छी है। पूरा देश एनडीए के साथ है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम

सीएम साय ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कहा कि इसके लिए संसद का विशेष सत्र आयोजित होने वाला है, जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण देने वाला विधेयक पारित किया जाएगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम का स्वागत करते हैं। यह महिलाओं के सम्मान और सहभागिता को बढ़ाने वाला कदम होगा।

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी साथ

दिल्ली दौरे के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर पहुंचे, जहां उनके साथ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी मौजूद रहे। दौरे को राजनीतिक और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

तैयारी शुरू : खरीफ के लिए पहुंची खाद

वैश्विक संकट के चलते अभी समितियों से उठाव पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आगामी खरीफफसल की तैयारी शुरू कर दी गई है। किसानों को सहकारी समितियों से ऋण जारी किए जा रहे हैं। साथ ही किसानों को उनके खेती के रकबे के अनुसार खाद भी दिया जाता है, लेकिन अभी उर्वरकों के वैश्विक संकट को देखते हुए खाद वितरण पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों के अनुसार संभाग स्तरीय बैठक के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। बताया गया है कि कृषि विभाग इस संबंध में एक सॉफ्टवेयर तैयार कर रहा है, इसके बाद खाद वितरित किया जाएगा।

बताया गया है कि, खरीफसीजन में उर्वरकों का वितरण एग्रीस्टेक पोर्टल में दर्ज रकबे के आधार पर होगा। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो अन्य कृषकों को पर्याप्त उपलब्धता के दृष्टिगत दिए जाना सुनिश्चित किया जाएगा। समितियों में किसान ऋण की स्वीकृति कराने की प्रक्रिया पूरी करने पहुंच रहे हैं। कई समितियों में खाद उपलब्ध होने के बाद भी उन्हें अभी नहीं दिया जा रहा है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि अभी शासन से खाद वितरित किए जाने से मना किया गया है। शासन खाद वितरण को लेकर अलग से आदेश जारी करेगा।

छत्तीसगढ़ में 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध

आगामी खरीफसीजन 2026 के लिए छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार द्वारा 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आवंटित हुआ है। वर्तमान में गोदामों एवं समितियों में लगभग 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है, जिसमें यूरिया 2,43,717 मीट्रिक टन, डीएपी 1,05,631 मीट्रिक टन, एनपीके 1,69,109 मीट्रिक टन, एमओपी 50,431 मीट्रिक टन और एसएसपी 1,78,657 मीट्रिक टन इस तरह कुल 7.48 लाख मीट्रिक टन खाद स्टॉक में है।

खाद के लिए समितियों के चक्कर लगा रहे किसान

खरीफसीजन के ऋण वितरण के लिए सामान्य साख सीमा तैयार कर किसानों को ऋण वितरण किया जाना है। ऋण के रूप में किसानों को 70 प्रतिशत नकद और 30 प्रतिशत वस्तु. के रूप में दिए जाने का फरमान जारी किया गया है। किसानों को ऋण के नकद भुगतान के लिए समिति में बी-1 की नकल, ऋण पुस्तिका, किसान क्रेडिट कार्ड, चेकबुक और बैंक पासबुक लेकर आना होगा। फिलहाल ऋण की स्वीकृति के लिए किसान समितियों में जुट रहे हैं। किसान खाद के लिए समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। उठाव का आदेश जारी होने पर ही खाद दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ में जनसंख्या के साथ ही बढ़ गई निरक्षरता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में साल-दर-साल जनसंख्या बढ़ती जा रही है। बढ़ती हुई आबादी के साथ ही राज्य में उन लोगों की संख्या बढ़नी थी, जो लिख-पढ़ सकते हों, लेकिन तस्वीर इसके उलट नजर आ रही है। राज्य में निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। यह ऐसे समय पर हो रहा है, जब छत्तीसगढ़ में दशकों से साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। छोटे- छोटे गांवों में प्रायमरी शिक्षा के लिए स्कूल खोले जा रहे हैं।

सवाल ये है आखिर यह क्यों हो रहा है? जबकि जनसंख्या बढ़ने के साथ पढ़े-लिखों की संख्या बढ़कर बेहतर स्थिति में आनी चाहिए, पर ये तस्वीर तो बदतर नजर आ रही है। राज्य में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर और उसके बाद हर साल बढ़ने वाली अनुमानित जनसंख्या के गणितीय अनुमान के हिसाब से 2026 तक के संभावित आंकड़े निकाले हैं, जिसमें यह बात सामने रखने की कोशिश की है कि 1 मार्च 2026 की स्थिति में राज्य कुल निरक्षरों की अनुमानित संख्या कितनी है। यही नहीं, राज्य के सभी 33 जिलों के लिए यही हिसाब-किताब निकाला गया है।

रायपुर-बिलासपुर में बढ़ रहे निरक्षर : 6,65,731 से बढ़कर 6,75,924 हुआ है।

बिलासपुर: यहां निरक्षर आबादी 5,93,310 से बढ़कर 6,61,368 तक पहुंच गई है। **कबीरधाम:** यहां भी बड़ी बढ़त देखी गई है, जहां संख्या 4,08,359 से बढ़कर 5,12,609 हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, 2011 में छत्तीसगढ़ की कुल निरक्षर जनसंख्या 1 करोड़ 1 लाख, 65 हजार 276 थी, जिसके 1 मार्च 2026 तक 1 करोड़ 4 लाख 52 हजार 902 होने के अनुमान हैं। हालांकि यह संख्या बढ़ी हुई दिख रही है, लेकिन राज्य के कई प्रमुख जिलों ने जमीनी स्तर पर शिक्षा के प्रसार में उल्लेखनीय काम किया है। 1 मार्च 2026 के ये आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ के पुराने और स्थापित जिलों ने साक्षरता के मोर्चे पर अच्छी प्रगति की है।

कांग्रेस नेता और बेटे की दबंगई से बिगड़े हालात, ग्रामीणों ने की पिटाई

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिले के कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कटगी में अवैध शराब बिक्री को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्रामीणों के विरोध के बाद कांग्रेस नेता ढाबा संचालक और उसके बेटे की दबंगई से हालात बिगड़े और गुस्साए ग्रामीणों ने दोनों की पिटाई कर दी। इस पूरे मामले में अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

पूरा मामला कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कटगी के सर्वा मोड़ का है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने स्थित एक ढाबे में लंबे समय से अवैध शराब बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस अवैध गतिविधि के चलते गांव का माहौल खराब हो रहा था और कई बार समझाइश देने के बावजूद ढाबा संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था। ग्रामीणों ने इस संबंध में पहले भी कसडोल थाना और कलेक्टर के जनदर्शन में शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी लगातार बढ़ती गई।

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि, 4 अप्रैल की रात ग्राम कटगी की महिलाएं अवैध शराब बिक्री की शिकायत लेकर खुद कसडोल थाना पहुंची थीं। लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनकी शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय उन्हें बाद में आने की बात कहकर लौटा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि, यदि उसी दिन पुलिस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर लेती, तो शायद स्थिति इतनी नहीं बिगड़ती और इस तरह की हिंसक घटना टाली जा सकती थी।

बालोद में कलेक्टर ने की अतिक्रमण-लापरवाही पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

- कई विभागों के अधिकारियों को लगाई फटकार

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में लचर व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार सुबह से ही शहर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई, अतिक्रमण, निर्माण कार्य और सड़क चौड़ीकरण जैसी कई व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आई, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था बेहद खराब मिलने पर कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी और व्यवस्था में तुरंत सुधार के निर्देश दिए। वहीं, पुराने बस स्टैंड स्थित कॉम्प्लेक्स में गलत तरीके से हो रहे निर्माण को लेकर भी पालिका प्रशासन पर नाराजगी जताई गई। कलेक्टर ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए इसे हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही बालोद-राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर चल रहे सड़क सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण कार्य में देरी को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी जमकर फटकार पड़ी।

निरीक्षण के दौरान सबसे गंभीर मामला दूध गंगा क्षेत्र में सामने आया, जहां नालियों का गंदा पानी खुले में बहता मिला और एक मिठाई फैक्ट्री के अंदर तक पहुंचता देखा गया। इस पर कलेक्टर ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाही के चलते दूध गंगा को तत्काल सील करने के निर्देश दिए।

मनरेगा में राज्य की बड़ी छलांग: ई-केवायसी, जियो-टैगिंग और क्यूआर कोड से पारदर्शिता को मिली नई गति

छत्तीसगढ़ मनरेगा क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के प्रभावी क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य ने विभिन्न प्रमुख मानकों पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

97% सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण: 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में राज्य ने 97 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों का ई-केवायसी पूर्ण कर लिया है, जिससे भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हुई है। जिसके तहत प्रदेश के 58.16 लाख श्रमिकों का ई-केवायसी

तथा 11.32 लाख निर्मित परिसंपत्तियों का जियो टैगिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिससे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव हुई है।

11,668 ग्राम पंचायतों में जीआईएस आधारित योजना: वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से 11,668 ग्राम पंचायतों में 2,86,975 कार्यों की जीआईएस आधारित कार्ययोजना तैयार की गई है, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप वैज्ञानिक योजना निर्माण सुनिश्चित हुआ है। इसके साथ ही मनरेगा कार्यस्थलों पर फेस ऑथेंटिकेशन आधारित एनएमएमएस प्रणाली के उपयोग से उपस्थिति की निगरानी अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनी है।

क्यूआर कोड से आमजन को सीधी जानकारी: ग्राम पंचायतों में लगाए गए क्यूआर कोड के माध्यम से नागरिक, कार्यों की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एक सितंबर से अब तक लगभग 5 लाख से अधिक स्कैन दर्ज किए गए हैं। जिससे कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित हो रही है।

हर माह 7 तारीख को समाधान का मंच: प्रदेश में प्रत्येक माह की 7 तारीख को चावल उत्सव के साथ 'रोजगार दिवस' एवं 'आवास दिवस' का आयोजन किया जा रहा है, जहां हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं की जमीनी समीक्षा की जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com